वर्ष- 12 अंक - 204
लखनऊ, रविवार 16 मार्च 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





सरकार ने प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास पर दिया ध्यान 03

मुस्लिमों को कमजोर कर रही है कांग्रेस : रविशंकर प्रसाद 12


सीएम योगी ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा व शैक्षणिक सत्र की भावी कार्ययोजना की बैठक में कहा

# संस्कृति व नवाचार पर ध्यान दें संस्थाएं

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की शैक्षिक संस्थाओं का एक ध्येय होना चाहिए। वे राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत-प्रतिशत लागू कर प्रदेश और देश में खुद को रोल मॉडल के रूप में स्थापित करें। एमपी शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने हमेशा अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए समाज और राष्ट्र के हित में अपनी उपयोगिता प्रमाणित की है। इस उत्कृष्टता को आगे बढ़ाते हुए आपस में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा करते हुए सभी संस्थाएं परिसर संस्कृति को समृद्ध करने तथा निरंतर नवाचार पर ध्यान देने की तरफ अग्रसर हों।

सीएम योगी शनिवार को गोरखनाथ मंदिर के बैठक कक्ष में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सभी संस्थाओं की वार्षिक समीक्षा और आगामी शैक्षणिक सत्र की भावी कार्ययोजना को लेकर बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने सामाजिक सहभाग को भी अपने ध्येय का हिस्सा बनाया है और भविष्य में इसका दायरा और विस्तृत करने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अंगीकार करने में अग्रणी भूमिका निभाई है। अब जरूरत है कि हमारी संस्थाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों को शत प्रतिशत अपनाकर अन्य संस्थाओं के लिए रोल मॉडल बनें। इस अवसर पर उन्होंने एक-एक कर सभी संस्थाओं के प्रमुखों से उनकी सालभर की गतिविधियों व उपलब्धियों की जानकारी ली तथा आगामी सत्र की कार्ययोजना को लेकर उनके लक्ष्यों पर अपने सुझाव दिए। बैठक में मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं की गतिविधियों की सराहना की और भावी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद सिर्फ स्कूल, कॉलेज खोलने वाली संस्था नहीं है। बल्कि इसका ध्येय शिक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सेवाओं के माध्यम से समाज तथा राष्ट्र के सामाजिक विकास में योगदान देना है।



प्रयोगशाला व पुस्तकालय को समृद्ध करने के साथ ई-लाइब्रेरी को भी अपनाएं संस्थाएं

**पठन-पाठन व सुविधाओं की गुणवत्ता में न बरतें कोताही**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एमपी शिक्षा परिषद की नींव ही इसी भावना के साथ राष्ट्रीयता की भावना का पोषण करने के लिए राष्ट्र हित में सुयोग्य नागरिक तैयार करने के लिए रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में अनुशासित परिसर संस्कृति को सदैव प्राथमिकता पर रखा है। उन्होंने शिक्षा संस्थाओं में पठन-पाठन और उपलब्ध सुविधाओं की गुणवत्ता में किसी भी तरह की कोताही न बतरने के निर्देश भी दिए। समय के साथ चलने और समय से तालमेल बैठाने के लिए शोध एवं नवाचार आज की मांग है।

**कोसने वालों ने भी देखा सनातन धर्म का सामर्थ्य**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सनातन धर्म जितनी समृद्ध पर्व-त्योहारों की परंपरा दुनिया के किसी भी अन्य देश में या मत, मजहब के पास नहीं है। हमारी आस्था ही सनातन धर्म की ताकत है और आस्था की आत्मा पर्व, त्योहार में है। सनातन पर्व परंपरा में दक्षिण से उत्तर तक, पूरब से पश्चिम तक वर्षभर उत्साह और उमंग से जुड़ने का अवसर भारतवासियों को प्राप्त होता है। सीएम योगी शुक्रवार को होली के पावन महापर्व पर घंटाघर से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व श्री होलिकोत्सव समिति की ओर से निकलने वाली भगवान नृसिंह की रंगभरी शोभायात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। सभी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सीएम ने कहा कि पौराणिक गाथा के अनुसार भारत में जन्म लेना दुर्लभ बहुत है। और उसमें भी दुर्लभ है मनुष्य रूप में सनातन धर्म में जन्म लेना। जो लोग सनातन को कोसते थे उन्होंने भी प्रयागराज महाकुंभ में सनातन का सामर्थ्य देखा है। प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया और पुण्य के भागीदार बने। दुनियाभर में कहीं भी, किसी भी क्षेत्र में, किसी भी जाति का, किसी भी भाषा को बोलने वाला सनातनी रहा हो, उसने प्रयागराज में आकर त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाकर जीवन को धन्य बनाया है। सीएम ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को दुनिया विस्मयकारी भाव से, कौतूहल भरी निगाहों के साथ देख रही थी।

# शारदा नदी में नाव पलटने से तीन लोगों की डूबकर मौत

समृद्धि न्यूज

प्रशासन ने 12 लोगों को नदी से किया रेस्क्यू

**सीतापुर।** जिले में अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कुछ लोग नाव पर सवार होकर शारदा नदी के पार जा रहे थे। नदी के बीच में पहुंचने पर नाव अचानक पलट गई। इस हादसे में एक किशोरी समेत तीन लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। जबकि 12 का प्रशासन ने रेस्क्यू करते हुए बचा लिया है। यह हादसा शनिवार को लगभग 11 बजे लहरपुर तहसील के तंबौर कस्बा अंतर्गत गोविंदापुर के निकट नदी में हुआ। नाव में 16 से लोग सवार थे।

गोविंदापुर निवासी रामजीवन ने बताया कि होली के पर्व पर 14 मार्च को तंबौर कस्बा निवासी नागेश्वर गुप्ता के पुत्र की नदी में नहाने के दौरान डूबने से मौत हो गई थी। आज उसके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए कुछ लोग नाव से नदी के पार जा रहे थे। इस दौरान तेज हवा के कारण नाव शारदा नदी के बहाव में पलट गई। वहीं कई लोगों को बचा लिया गया है। उप जिलाधिकारी बिस्वा मनीष कुमार ने बताया कि शारदा नदी पार कर रही एक नाव पलट गई। इस सूचना पर प्रशासन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों व गोताखोरों की मद्द से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू कर ओंकार, मोनू जायसवाल, बीपी शाह समेत 12 लोगों को बचाकर स्वास्थ्य केन्द्र तंबौर में भर्ती कराया गया है। इस हादसे में कुल तीन लोगों की मौत हुई है, जिनकी पहचान कुमकुम (13) पुत्री बुद्धा निवासी रतनगंज, संजय पुत्र जगदीप निवासी रायपुर, खुशबू (25) पत्नी नीरज निवासी सुपौली के रूप में हुई हैं। वहीं एक बच्चा जो लापता था वह तैरकर नदी से निकलकर अपने घरपहुंच गया है। वहीं विधायक ज्ञान तिवारी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने रेस्क्यू कर लाए गए लोगों का हालचाल जाना।

## संक्षिप्त समाचार

**मजदूरों के साथ विवादित शाही जामा मस्जिद पहुंची एएसआई**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में विवादित शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम शुक्रवार दोपहर को मजदूरों के साथ पहुंची। सबसे पहले मस्जिद की लंबाई-चौड़ाई की नपाई की गयी। इसके बाद रंगाई-पुताई का कार्य रविवार से शुरू होने की उम्मीद है। मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट ने बताया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के निर्देश पर सात दिन के अंदर मस्जिद की रंगाई-पुताई का कार्य पूरा करना है। शनिवार को पूर्वाह्न लगभग 11.30 बजे एएसआई के दो अधिकारी मजदूरों के साथ निरीक्षण के लिए मस्जिद पहुंचे। फिलहाल मस्जिद की लंबाई-चौड़ाई की नपाई की गयी है।

**मंदिर परिसर में बनेंगे वर्षाजल संचयन के 36 केंद्र : राय**

**अयोध्या।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर एवं कोच वीवीएस लक्ष्मण ने अपने माता-पिता तथा भाई राम के साथ शनिवार को राम जन्मभूमि में श्रीराम लला का दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर कारसेवकपुरम पहुंचकर उन्होंने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय से भी भेंट की। महामंत्री राय ने क्रिकेटर के साथ मन्दिर निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। सत्तर एकड़ के मन्दिर परिसर में वर्षाजल संचयन के लिए 36 स्थान तैयार किए जा रहे हैं। पानी की और सीवरेज की मन्दिर की अपनी व्यवस्था है।

**ईपीआईसी व आधार को जोड़ने पर 18 को होगी बैठक**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने 18 मार्च को गृह सचिव, विधायी विभाग के सचिव व भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सीईओ को मतदाता फोटो पहचान पत्र और आधार को जोड़ने के मुद्दे पर चर्चा के लिए बुलाया है। ईपीआईसी व आधार को जोड़ने के मुद्दे पर यह बैठक 18 मार्च को चुनाव आयोग में होगी। आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल तक सुझाव आमंत्रित किए हैं।

## बीजेपी आज जारी करेगी नए जिलाध्यक्षों की सूची

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी 16 मार्च यानी कल जिला अध्यक्षों की लिस्ट जारी करेगी। पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नाम का ऐलान करेंगे। 87 जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा होगी। इस बार पार्टी ने दलित, पिछड़ों और महिलाओं की भागीदारी के लिए नियमों को शिथिल की है। पार्टी सूत्रों की मानें तो 25 मार्च तक यूपी को प्रदेश का नया प्रदेश अध्यक्ष भी मिल सकता है। बीजेपी ने केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी सूत्रों की मानें तो इसके लिए सभी जिला चुनाव अधिकारी, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, पर्यवेक्षक और मंत्री अपने आवंटित जिलों में 15 की रात या फिर 16 की सुबह पहुंचेंगे। जिलाध्यक्षों का ऐलान एक बैठक में किया जाएगा, इसमें जिला, क्षेत्र और प्रदेश के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। अभी करीब 85 से 87 के बीच जिलाध्यक्षों की घोषणा की जाएगी।

# पकड़ी गई थाईलैंड की 10 महिलाएं संदिग्ध गतिविधियों की जांच जारी

समृद्धि न्यूज

बिना वैध दस्तावेजों के शक्ति हाइट्स अपार्टमेंट में रह रहीं थीं महिलाएं

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस की बड़ी कार्रवाई सामने आई है। यहां अवैध रूप से रहने के आरोप में पुलिस ने 10 विदेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है। ये सभी महिलाएं थाईलैंड की रहने वाली हैं और बिना वैध दस्तावेजों के यहां रह रहीं थीं। लखनऊ के शक्ति हाइट्स अपार्टमेंट में रह रहीं इन महिलाओं के साथ पुलिस ने मकान मालिक और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ विदेशी महिलाएं अवैध रूप से चिनहट के मल्हौर क्षेत्र में स्थित शक्ति हाइट्स अपार्टमेंट में रह रही हैं। जिसके बाद पुलिस की छापेमारी में छह अलग-अलग अपार्टमेंट्स् में 11 विदेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में महिलाएं फ्लैट मिलने को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। केवल एक महिला के पास रेंट एग्रीमेंट था। जबकि बाकी महिलाएं दस्तावेज नहीं दे पाई। पुलिस ने बताया कि अपार्टमेंट के मालिक शक्ति सिंह भी महिलाओं के रहने से संबंधित दस्तावेज नहीं दे पाए। शक्ति सिंह किराए के समझौते, विदेशी नागरिकों के पंजीकरण से जुड़े 'फॉर्म सी (जो कि विदेशी पंजीकरण नियम 14 के तहत आवश्यक होता है) और उनके ठहरने के उद्देश्य से जुड़े अन्य दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए। पुलिस ने इस मामले में अपार्टमेंट के मालिक शक्ति सिंह, एक अन्य व्यक्ति आर्चित और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## मणिपुर में पीएलए विद्रोही गिरफ्तार, हथियार व विस्फोटक बरामद

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस ने ककचिंग जिले के लांगमीडोंग ममांग लाईकाई से पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक कैडर थोकचोम डायमंड मैतेई उर्फ तमथौबा (26) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि वह स्कूल स्टाफ को धमकाने और जबरन वसूली की गतिविधियों में शामिल था। एक अन्य तलाशी अभियान में चुराचांदपुर जिले के डैंपी रिज क्षेत्र से बड़ी मात्रा में हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए हैं। इनमें एक 303 राइफल विद मैगजीन, एक स्थानीय निर्मित सिंगल बैरल गन, एक स्थानीय 22 राइफल, दो पंपी, दो 70 मिमी जिंदा कारतूस, चार जिंदा पंपी राउंड, दो आईईडी, चार एंटी-रायट स्टन शेल, दो एसएमसी कार्बाइन मैगजीन, एक बाओफेंग रेडियो सेट, एक बीपी हेलमेट, दो जोड़ी जंगल शूज और एक गोला-बारूद पाउच शामिल है।

# फैसला : अब ऑनलाइन होगी बिजली लोड वृद्धि प्रक्रिया

उपभोक्ताओं के हित में योगी सरकार का बड़ा फैसला

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने इसके लिए नई प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ता बिना बिजली दफ्तर गए ही अपना लोड बढ़ा सकेंगे।

प्रदेश के उपभोक्ता www.uppcl.org पर जाकर लोड परिवर्तन अनुरोध के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने शनिवार को बताया कि योगी सरकार पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस डिजिटल प्रक्रिया से उपभोक्ताओं को तेजी, सुचिता और समयबद्ध सेवा मिलेगी। योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब उन्हें बिजली विभाग के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे आसानी से अपना लोड बढ़ा सकेंगे।



## बिहार से बब्बर खालसा के तीन आतंकी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** अमृतसर पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े नार्को-टेरर मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए इसके तीन मुख्य सदस्यों को बिहार से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के समय आरोपित नेपाल भागने की कोशिश कर रहे थे। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शनिवार को इस बारे में बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान करनदीप यादव (21), मुकेश कुमार (29) और साजन सिंह (24), सभी निवासी खंडवाला छेहरटा, अमृतसर के रूप में हुई है। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 700 नेपाली मुद्रा के नोट भी बरामद किए हैं। यह सफलता, जोबन सिंह उर्फ जोबन और गुरबख्श सिंह उर्फ लाला की गिरफ्तारी के बाद मिली है, जिनसे 290 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी।

# अमृतसर के मंदिर में ग्रेनेड से हमला

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाब के अमृतसर में होली की रात शरारती तत्वों ने एक मंदिर को निशाना बनाया। पुलिस मंदिर में हुए धमाके की घटना को स्वीकार तो कर रही है, लेकिन यह नहीं बताया गया है कि धमाके में किस तरह का विस्फोटक इस्तेमाल किया गया। मंदिर में बम फेंका गया या पूर्व में हुई घटनाओं की तरह यह ग्रेनेड हमला था। यह धमका शुक्रवार रात करीब एक बजे अमृतसर के खंडवाला इलाके में स्थित ठाकुरद्वारा मंदिर में हुआ। हमलावर मोटरसाइकिल सवार दो युवक थे।

मंदिर पर बम जैसी कोई वस्तु फेंककर हमला किया। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार, दोनों युवक मोटरसाइकिल पर आए। उनके हाथ में एक झंडा था। वह कुछ देर मंदिर के बाहर खड़े रहे और फिर मंदिर की तरफ कोई वस्तु फेंकी। जैसे ही वहां से भागे, मंदिर में जोरदार धमाका हुआ। उस समय मंदिर का पुजारी अंदर सो रहा था, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। धमाके में मंदिर की पहली मंजिल का बाहरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि ऐसे हमलों के पीछे पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई का हाथ है।

**भाजपा ने की सीबीआई से जांच कराने की मांग**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने पंजाब के अमृतसर में एक मंदिर पर ग्रेनेड हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने पंजाब में कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वाली ताकतों को बेनकाब करने के लिए इस पूरे मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। चुघ ने क्षेत्र में बार-बार हो रहे ग्रेनेड हमलों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी की सरकार राज्य में विघटनकारी तत्वों को रोकने में पूरी तरह विफल रही है। पहले इस तरह के हमले पुलिस थानों पर होते थे, लेकिन अब मंदिर निशाने पर है। यह गंभीर मामला है। चुघ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया से कहा कि ऐसा लगता है कि राज्य में सांप्रदायिक और सामाजिक विभाजन पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार कानून-व्यवस्था की देखभाल करने के बजाय दिल्ली से गए पार्टी नेताओं की आवभगत में अधिक व्यस्त है। राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बद से बदतर हो गयी है।

## यूपी बोर्ड : 261 केंद्रों पर 19 से कॉपियों का मूल्यांकन

**प्रयागराज।** एशिया के सबसे बड़े यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा की कॉपियों (उत्तर पुस्तिकाओं) का मूल्यांकन प्रदेश के 261 केन्द्रों पर 19 मार्च से होने जा रहा है। मूल्यांकन केंद्रों पर बाहरी लोगों और मोबाइल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में परीक्षक प्रतिदिन 45-50 कॉपियों का मूल्यांकन करेंगे। मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण पर्यवेक्षक और स्टैटिक मजिस्ट्रेट प्रतिदिन करेंगे। मूल्यांकन वाली कॉपियों की प्रतिदिन रैण्डम चेकिंग होगी। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि मूल्यांकन के लिए सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के अपर सचिव, जेडी, डीआईओएस सहित अन्य अधिकारी बोर्ड मुख्यालय पर दो दिवसीय मूल्यांकन कार्यशाला 17 और 18 मार्च को शामिल होंगे।

# आयुष्मान योजना : बुजुर्गों की उम्र 60 साल व राशि 10 लाख करने की सिफारिश

एजेंसी

संसदीय स्थाई समिति ने 2025-26 के लिए पेश की रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर संसदीय स्थाई समिति ने 2025-26 के लिए अपनी अनुदान मांग रिपोर्ट जारी कर दी है। प्रो. राम गोपाल यादव की अध्यक्षता में समिति ने इसमें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा योजना के दायरे को व्यापक बनाने की सिफारिश की है। इसके तहत आयुष्मान वय वंदन कार्ड के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक की आयु की पात्रता सीमा को घटाकर 60 वर्ष करने की सिफारिश की गई है।

इसमें कहा गया गया है कि इसके लिए लोगों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति आड़े नहीं आनी चाहिए। समिति ने सरकार द्वारा हाल ही में एबी-पीएमजेएवाई वय वंदन योजना के अंतर्गत 4.5 करोड़ परिवारों को तथा 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को शामिल करने की सराहना की है।

समिति ने पाया कि आयुष्मान वय वंदन कार्ड धारक 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के उपचार के लिए 1443.00 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। आम जनता के बेहतर हित में योजना के कवरेज को व्यापक बनाने के लिए आयुष्मान वय वंदन कार्ड के लिए 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के मानदंड को उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर ध्यान दिए बिना 60 वर्ष और उससे अधिक तक युक्तिसंगत बनाया जाना चाहिए।

# एटीएस ने आगरा से आईएसआई एजेंट को पकड़ा

समृद्धि न्यूज

पाक के लिए जासूसी कर रहा था रवींद्र कुमार, मोबाइल से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की अहम डेली रिपोर्ट मिली जिसमें ड्रोन, गगनयान प्रोजेक्ट व अन्य गोपनीय जानकारी स्क्रीनिंग कमेटी का कॉन्फिडेंशियल लेटर मिला

**लखनऊ ।** यूपी एटीएस ने आगरा से आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया है। रवींद्र कुमार पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहा था। वह फिरोजाबाद के हजरतपुर की आर्डिनेंस फैक्ट्री में चार्जमैन के पद पर तैनात है। रवींद्र पाकिस्तान से ऑपरेट होने वाले सोशल मीडिया अकाउंट पर जानकारी दे रहा था। रवींद्र कुमार आईएसआई के बिछाए हुए हनी ट्रैप के जाल में फंस गया। वह काफी समय से खुफिया सूचनाएं लीक कर रहा था।

एटीएस को इसके पास से कई अहम पुख्ता सबूत मिले हैं। वह आगरा का निवासी है। मूल रूप से मध्य प्रदेश के शिवपुरी का रहने वाला है। रवींद्र कुमार फेसबुक के जरिए नेहा शर्मा नाम की महिला के संपर्क में आया। वह ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की गोपनीय दस्तावेज आईएसआई के लिए काम करने वाली महिला को भेज रहा था। आईएसआई को उसके मोबाइल से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की अहम डेली रिपोर्ट मिली है। जिसमें ड्रोन, गगनयान प्रोजेक्ट व अन्य गोपनीय जानकारी, स्क्रीनिंग कमेटी का कॉन्फिडेंशियल लेटर मिला है। एडीजी आईएसआई नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि नेहा शर्मा नाम की आईडी पाकिस्तान से ऑपरेट हो रही थी। रवींद्र की गिरफ्तारी की सूचना उसकी पत्नी आरती को भी दी गई है। रवींद्र ने बताया कि बीते साल जून-जुलाई में फेसबुक से नेहा शर्मा नाम की एक लड़की से दोस्ती हुई। पहले हम दोनों फेसबुक के मैसेंजर एप से बात करते थे। धीरे-धीरे मेरी नेहा शर्मा से प्यार मोहब्बत की बातें होने लगी थी। बाद में नेहा ने अपने वॉट्सऐप नम्बर शेयर किया। फिर हमारी वॉट्सऐप से बात होने लगी। नेहा ने कहा कि वो भारत के विदेश व रक्षा मंत्रालय की अहम गोपनीय सूचनाओं को इकट्ठा कर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी को शेयर करती है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी इसका प्रयोग भारत सरकार के खिलाफ करती है। उसे इस काम के बदले में अच्छा पैसा मिलता है। अगर तुम मेरे साथ मिलकर काम करोगे तो मालामाल कर दूंगी।


कार्यालय नगर पंचायत बछरावां, जनपद-रायबरेली

पत्रांक : मेमों/न0पं0ब0/2024-25 दिनांक : 12/03/2025


नागरिकों से अपेक्षाएं :-

1. करों को समय से जमा कर अधिभार से बचें।
2. अपने यहाँ हुए जन्म-मृत्यु का पंजीकरण अवश्य करायें।
3. सफाई कार्य में पंचायत का सहयोग करें एवं कूड़ा निर्धारित स्थान पर ही डालें।
4. जल ही जीवन है। जल का दुरूपयोग न करें।
5. सड़क/सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण न करें।
6. अपने जानवरों को सड़क पर न बांधे तथा खुला न छोड़े।
7. पॉलीथीन व प्लॉस्टिक का प्रयोग न करें।
8. अपने घरों का कूड़ा डोर-टू-डोर इकट्ठा करने वाले कर्मचारियों को दें।
9. नगर क्षेत्र की सड़क की पटरी को अतिक्रमण मुक्त रखें।
10. नगर पंचायत बछरावां ओ0डी0एफ0 घोषित है। किसी भी दशा में बाहर शौच न करें। बाहर शौच के दौरान पकड़े जाने पर जुर्माना लगाया जायेगा।

(राम अशीष)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत बछरावां
रायबरेली।

सदस्यगण

(शिवेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बछरावां
रायबरेली।



# होली व जुमे की नमाज को लेकर अलर्ट रहा प्रशासन

**डीएम-एसपी ने पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का एहसास**



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

होली और रमजान में जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने शांति और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखा। होली का पर्व और जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से सुबह से ही पुलिस और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट और सड़कों पर मुस्तैद दिखा। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा स्वयं रोड सड़कों पर निकले और होली मना रहे लोगों को शुभकामनाएं दी।

डीएम-एसपी ने भ्रमणशील शहर के मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक और जिला मुख्यालय सहित खीरी टाउन का भ्रमण किया। डीएम-एसपी ने खीरी टाउन में होली जुलूस मार्ग का भी पैदल भ्रमण किया। सुरक्षा में मुस्तैद पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा जिले भर में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, नेपाल सिंह सहित सभी उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने अपने क्षेत्र में भी भ्रमणशील रहे। पूरे समय डीएम, एसपी अधीनस्थ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों से कुशलता की रिपोर्ट लेते रहे।

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकला होली का जुलूस



**संसारपुर खीरी।** थाना मैंलानी चौकी क्षेत्र संसारपुर के कस्बा संसारपुर में होली और जुमे की नमाज दोनों कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुए। इस दौरान एसडीम विनोद गुप्ता तहसील गोला व पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र पाल गौतम के नेतृत्व मे भारी पुलिस बल मौजूद रहा। सुरक्षा व्यवस्था में थाना प्रभारी मैलानी निराला तिवारी, संसारपुर चौकी प्रभारी मोहित पुंडीर, बांकेगंज चौकी प्रभारी संतोष तिवारी और कुकरा चौकी प्रभारी जितेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। होली जुलूस निकलने के दौरान प्रशासन की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। होली के अवसर पर सर्वप्रथम होलिका दहन हुआ इसके बाद संसारपुर हाईवे मेन मार्केट से होली का जुलूस निकला। जुलूस में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। जुलूस में डीजे की धुन होली के गाना पर मस्ती में झूलते रहे लोग। होली और जुमे की नमाज एक ही दिन होने के कारण मस्जिद के आसपास प्रशासन ने विशेष सतर्कता बरती। स्थानीय लोगों ने प्रशासन का पूरा साथ देते हुए दोनों आयोजन आपसी सौहार्द के साथ सफल बनाया। एसडीएम व सीओ गोला होली जुलूस के समापन पर सभी को होली की शुभकामनाएं दी।

# विद्या वृक्ष गुरुकुल शिक्षा केंद्र में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव

**तिकुनिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



विद्या वृक्ष गुरुकुल शिक्षा केंद्र किशन नगर कड़िया के दो वर्ष पूरे होने पर धूमधाम से वार्षिक उत्सव मनाया गया जिसमें बच्चों ने सामान्य ज्ञान सहित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या वृक्ष गुरुकुल शिक्षा केंद्र के बच्चों ने देश भक्ति गीत गाकर किया जिससे सशस्त्र सीमा सुरक्षा बलों के जवानों तथा उपस्थित लोगों ने खूब तालियां बजाई कार्यक्रम में शिक्षा केंद्र के बच्चों ने मंथ, ट्विंकल ट्विंकल, कादू जी की बारात के सांग तथा मन की वीना, मंगलम स्वागतम,मेरा गांव, सारेगामा गाकर लोगों का दिल जीत लिया इस मौके पर प्रतिभागी बच्चों में अंकुर, सृष्टि, ऋषभ, उत्कर्ष, केशव, श्रेयांस, प्रवीन, सिद्धार्थ, रुचिका, रुमेंश, नायरा, अनुवेशिका, ऋतु, ईशा, सीमा, कृष्णा, रचना, हिमांशु, ऋषि, रिया, लक्ष्मी को मुख्य अतिथि भारत सरकार के रहे पूर्व पुलिस आईजी स्वश तेजेश्वरी प्रसाद भल्ला की बहू नीरा वीपी भल्ला तथा उनके सुपौत्र विक्रमेंद्र प्रसाद भल्ला ने मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन तारीनी खुराना तथा आलोक ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यापिका रेनू, सुमन तथा पूरन व मैनेजर किशन सहित पूरे किशन नगर के थारू समुदाय ने मुख्य भूमिका निभाई। इस मौके पर एसएसबी के जवानों सहित सिंगाही से आए डा एनयू खान,जंग बहादुर राना,सुनील बत्रा,क्षेत्रीय वनाधिकारी रज्जन कुमार,कालू प्रधान, करन,सुरेश कुमार,हरजीत सिंह,संतोष कश्यप,रमन सिंह,शकील अहमद,विजय,श्यामू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### होली मिलने जा रहे अधेड़ की सड़क दुर्घटना में मौत

**हैदराबाद खीरी, समृद्धि न्यूज।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के लखीमपुर गोला मार्ग पर मुर्तिहा चौराहे पर तेज रफ्तार कार की साइकिल सवार से टक्कर हो गयी जिसमे साईकिल रामसागर पुत्र रामचंद्रन निवासी फूलबेहड़ उम्र 50 वर्ष की मौके पर मौत हो गयी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के गांव फूलबेहड़ निवासी राम सागर शुक्रवार की शाम करीब पांच बजे साईकिल से किसी काम से रजागंज जा रहा थे। वह गोला लखीमपुर मार्ग पर मुर्तिहा चौराहे पर पहुंचें ही थे। उसी समय लखीमपुर की ओर से आ रही एक कार की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी तेज हुई साईकिल पूरी तरह टूट गयी और कार भी आगे से क्षतिग्रस्त हो गयी। वही साईकिल सवार रामसागर 50 वर्ष की मौके पर मौत हो गई। जबकि कार में सवार एक महिला को भी चोटे आयी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची हैदराबाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शिक्षामित्र गैस की आग से झुलसी, भर्ती

**सीखड़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** चुनार कोतवाली थाना क्षेत्र के मवैया गांव निवासिनी शिक्षामित्र माधुरी देवी पत्नी स्वर्गीय सुरश्याम सिंह 58 वर्ष गैस की आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गयी। बताया जाता है कि शुक्रवार सुबह माधुरी सिंह पानी गर्म करने के लिए किचन में गई थी। डिजिटल चूल्हा पर जैसे ही लाइटर जलाया। गैस की आग की चपेट में आ जाने से झुलस गई। आग लगने के चलते डिजिटल चूल्हा फट गया और तेज आवाज हुई। आवाज सुनकर अगल-बगल के लोग इकट्ठा हो गए। बुरी तरह से झुलसी माधुरी सिंह को तत्काल परिजनों ने बीएचयू ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। माधुरी प्राथमिक विद्यालय मवैया, सीखड़ में शिक्षामित्र के पद पर तैनात हैं। घर पर अकेले ही रह रही थी।

### मड़हे में लगी आग से हजारों का नुकसान

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** शनिवार दोपहर चक कोटार गांव में घर के पास स्थित मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से हजारों रुपए का जलकर राख हो गया। हलिया थाना क्षेत्र के चककोटार गांव स्थित राम सजीवन मकान के बगल में एक मड़हा लगाकर रहता था जिसमें घर गृहस्ती के सामान, गेहूं, आटा, दाल, चरपाई, विस्तार रखा हुआ था। संदिग्ध परिस्थितियों में दोपहर आग लग गई आग की लपटे देखकर ग्रामीणों ने बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग विकराल रूप धारण कर लिया और गृहस्थी के सामान सहित मड़हा पूरी तरह जल गया। उसमें रखा एक कुंतल गेहूं एक कुंतल चावल सहित चारपाई बिस्तर जलकर राख हो गया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस शिनाख्त में जुटी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत राजपुर के बेलवा गांव में 25 वर्षीय युवक ने खेत में सिवान की तरफस्थित नीम के पेड में शनिवार को मफ्लर के सहारे संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर जान दे दी। दोपहर बाद सिवान की तरफगए ग्रामीणों ने युवक को फंसी पर लटकता हुआ देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक परमात्मा यादव व हेड कांस्टेबल बृजेश राय मौके पर पहुंचकर युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन युवक की शिनाख्त नहीं हो पाया है पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया की युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो पाया है कार्रवाई किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया है की दोपहर में युवक घूमते हुए दिखाई दिया था। युवक ने किन परिस्थितिओ में फांसी लगाया है युवक का शिनाख्त के बाद ही मामला स्पष्ट हो पायेगा।

### सरयू नदी में डूबा 17 साल का किशोर गोताखोरों ने निकाला शव

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या के रुदौली में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। सरयू नदी में नहाने गए 17 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान हयात नगर निवासी बाल करन के रूप में हुई है। बाल करन शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ घाट पर नहाने गया था। नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया। उसके दोस्तों ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह डूब गया। दोस्तों ने तुरंत गांव जाकर इस घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण खैरी घाट पहुंच गए। उन्होंने नदी में खोजबीन की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद रुदौली कोतवाली पुलिस को सूचित किया गया। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से किशोर के शव को नदी से बाहर निकाला। पुलिस ने किशोर को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रूदौली पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। परिवार के लोगों का कहना है कि हम लोग नहीं समझ पाए थे की नदी पर नहाने जा रहे हैं। नहीं तो मना कर दिया गया होता और ऐसी घटना न होती। उप पुलिस अधीक्षक रूदौली आशीष निगम के अनुसार, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में शुक्रवार की शाम को हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। एक हादसे में एक दंपती घायल हो गए। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पहला हादसा अयोध्या-रायबरेली हाईवे पर पूरा कलंदर थाना क्षेत्र में हुआ। चंद्रभान पाठक का पुरवा के पास एक एसयूवी ने बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। बाइक पर सरियावां के बेलदार पुरवा निवासी रामसेवक अपनी पत्नी और 10 वर्षीय बेटे कुणाल के साथ सवार थे। हादसे में कुणाल की मौत हो गई। रामसेवक और उनकी पत्नी घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा और एसयूवी को अपने कब्जे में ले लिया। दूसरा हादसा बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी जलालपुर के पास हुआ। यहां एक तेज रफ्तार बोलेरो ने टक्कर मार दी। इस हादसे में भिटौरा करनपुर निवासी 32 वर्षीय फूलचंद चौरसिया की मौत हो गई। मृतक के परिवार में पत्नी, चार बेटियां, एक साल का बेटा, माता-पिता और तीन भाई हैं। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की ओर से तहरीर मिलते ही केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। घटना की बाद से दोनों परिवारों में कोहरा मचा हुआ है।

### पट्टा निरस्तीकरण मामला : हाईकोर्ट ने राजस्व अधिकारी व कमिश्नर के आदेश पर लगाई रोक

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ हाईकोर्ट की खंडपीठ ने एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए अयोध्या के मुख्य राजस्व अधिकारी और रिविजनल कोर्ट कमिश्नर के आदेश पर रोक लगा दी है। यह मामला ग्राम पुरे हुसैन खान चांदपुर की निवासी राजकला से जुड़ा है। मुख्य राजस्व अधिकारी ने 16 अगस्त 2007 को एक पट्टा निरस्त कर दिया था। उनका तर्क था कि पट्टेदार का बेटा पुलिस विभाग में है और बहू ग्राम प्रधान है। रिविजनल कोर्ट कमिश्नर ने भी 6 मई 2022 को राजकला की रिवीजन याचिका खारिज कर दी थी। न्यायमूर्ति मनीष माथुर की अदालत ने दो महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दिया। पहला, यह पट्टा सब डिविजनल मजिस्ट्रेट सदर फैजाबाद की स्वीकृति के बाद जारी किया गया था। दूसरा, उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम 1950 की धारा 122ब(3)(पपप) के तहत बेटे का पुलिस विभाग में होना और बहू का ग्राम प्रधान होना पट्टा निरस्तीकरण का वैध आधार नहीं है। याचिकाकर्ता राजकला की ओर से अधिवक्ता आशुतोष कुमार तिवारी ने पैरवी की। अदालत ने दोनों अधिकारियों के आदेशों पर स्टे देते हुए मामले में राहत प्रदान की। यह जानकारी आशुतोष तिवारी ने दी है।

# होली में आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार के लिए खुशी का स्रोत बने एसडीएम निघासन

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन तहसील क्षेत्र अंतर्गत एक परिवार के लिए निघासन एसडीएम किसी फरिश्ता से कम नहीं साबित हुए। होली को लेकर जहां हर जगह खुशियों का माहौल था वही निघासन का एक परिवार आर्थिक समस्या से जूझ रहा था ऐसे में एसडीम निघासन उस परिवार के लिए बड़ी खुशी का स्रोत बने।

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के मटहिया गांव निवासी लक्ष्मण अपने चार बच्चों व पत्नी के साथ रहता है। घर की हालत ऐसी है कि मानो दिन में खाना बना तो रात में नहीं। वैसे लक्ष्मण गांव में ही साइकिल की पंक्चर जोड़कर घर का जैसे तैसे खर्च चलाता है।

लक्ष्मण की पत्नी विकलांग है और पेड़ से गिरने के चलते लक्ष्मण का भी एक हाथ टूट गया था। ऐसे में इस गरीब परिवार की आर्थिक स्थिति शून्य है। जब इसके बारे में एसडीएम निघासन राजीव निगम को सूचना मिली तो वह गुरुवार को लक्ष्मण के घर पहुंचे और परिवार को मिठाई, छुहारे इत्यादि के साथ आर्थिक मदद भी दी वहीं बच्चों को रंग गुलाल खरीदने के लिए रुपए दिए साथ ही लक्ष्मण की पत्नी की विकलांग पेंशन भी बनाने की बात कही। एसडीएम राजीव निगम की इस मदद से लक्ष्मण अब होली का पर्व धूम धाम के साथ मना पाएगा। ग्रामीणों द्वारा एसडीएम के इस कार्य की जमकर प्रशंसा की जा रही है।

इंस्पेक्टर निघासन महेश चंद्र ने भी इस गरीब परिवार को आर्थिक मदद देते हुए कभी भी कोई परेशानी पर अवगत कराने को कहा और हर संभव मदद भी देने की बात कही।



## रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों के साथ मनाई होली

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** होली के पावन पर्व पर रोटरी क्लब भीरा ने क्षेत्र में निवास कर रहे अत्यंत जरूरतमंद परिवारों को किट बाटी जिसमें गुजिया, कचरी, चिप्स, गजक, गुलाल रिफाइंड, मुखौटा और पिचकारी आदि आवश्यक सामग्री रखी गई। इस किट को पाकर सभी के चेहरे पर मुस्कुराहट आ गई जो कि रोटरी क्लब सदैव गरीबों के चेहरों पर लाता है। इस कार्यक्रम का संपादन रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन बृजेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष अनुज गोयल, सदस्यगण रोटेरियन आदित्य शुक्ला, रोटेरियन राम नारायण तिवारी, रोटेरियन संदीप खन्ना, रोटेरियन ध्रुव राज सिंह, रोटेरियन शाहिद अली, रोटेरियन राहुल खन्ना द्वारा किया गया।

## गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल

**हिंदू भाइयों ने धूमधाम से खेली होली तो मुस्लिम समाज ने दो बजे बाद अदा की जुमे की नमाज**

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।** जिले में एक बार फिर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल देखने को मिली। हिंदू भाइयों ने धूमधाम से होली खेली तो मुस्लिम समाज ने दोपहर 2 बजे के बाद जुमे की नमाज अदा की। प्रशासन की कड़ी निगरानी और बेहतरीन रणनीति के चलते शहर से गांव तक त्योहार सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल एसपी संकल्प शर्मा के कुशल नेतृत्व में जिलेभर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। प्रशासनिक अमला थाना, तहसील और जिला मुख्यालयों पर पीस कमेटी की बैठकों के जरिए शांति का संदेश दे चुका था। पिछले कई दिनों से पुलिस और प्रशासन की ओर से लगातार फ्लैग मार्च निकाला गया,जिसका असर शानदार तरीके से दिखा। डीजे संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए थे, जिससे अनावश्यक शोर-शराबे और विवाद की कोई स्थिति नहीं बनी। शहर से लेकर गांव तक हर चौराहे, प्रमुख सड़कों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस का कड़ा पहरा रहा। प्रशासनिक अधिकारी खुद सड़कों पर उतरकर निगरानी करते रहे, जिससे पूरे जिले में होली का पर्व हंसी-खुशी और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। आपको बता दे सीओ के निर्देशन मे पुलिस हर तरह से शांति व्यवस्था के लिये पीस कमेटी की बैठक की जिससे क्षेत्र मे चारो तरफ गंगा जमुना की तरह होली और नमाज शन्ति पूर्वक सम्पन्न हुई। पूरे निघासन मे कही भी डीजे नहीं बजा लोगो ने प्रशासन की प्रसंशा की, चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात रही।

# भाई-बहन को एक साथ मिली केंद्र सरकर की नौकरी

**बेलरायां/ खैरटिया खीरी, समृद्धि न्यूज।**



बेलरायां ब्लाक निघासन ग्राम पंचायत भैडौरी ग्राम भूलनपुर के प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव कुमार वर्मा के दो बच्चों को केंद्र सरकार की नौकरी में चयन हुआ है। ध्रुव कुमार के बड़े बेटे शिवम एसएससी सीजीएल के तहत मौसम विभाग में और बेटी साक्षी वर्मा का भारत संचार विभाग में चयन हुआ है। भाई बहन को एक साथ नौकरी मिलने से माता-पिता को पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। पंचायत के लोग पहुंच कर दोनों बच्चों को बधाई दी। होली के त्योहार पर आए नतीजे से परिवार के लोगों को सभी ने बधाई दी। होली मिलन पर आए रिश्तेदारो ने भी बच्चों को बधाई दी। दोनों बच्चों ने अपने क्षेत्र का मान बढ़ाया। शिवम वर्मा ने बताया आप लोग भी मन लगाकर पढ़ाई करते रहें सफलता जरूर मिलेगी और माता-पिता का नाम रोशन करें यही बात साक्षी वर्मा ने भी अपनी सहेलियों को भी कहा एक दिन सफलता जरूर मिलेगी मन लगाकर पढ़ाई करें अपने गुरुजनों का और क्षेत्र का मान बढ़ाएं।

# पलिया नगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगों का पावन पर्व होली

**पलिया कलां खीरी, समृद्धि न्यूज।**



पलिया नगर में रंगों का पावन पर्व होली की अच्छी खासी घूम रही, वर्ष में एक बार आने वाला रंगों का यह पावन त्यौहार होली को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला सबसे अधिक उत्साह नन्हे मुन्ने बच्चों और नौजवानों में देखने को मिला, पूरे पलिया नगर में होली का त्यौहार बड़ी ही धूमधाम और पूरे हर्षौल्लास के साथ मनाया गया, नन्हे मुन्ने बच्चे अपनी अपनी पिचकारियों से एक दूसरे को भिगोते नजर आए तो वही महिलाएं व नौजवान अपनी अपनी टोलिया में अपने-अपने दोस्तों को लाल पीले हरे नीले व भगवा गुलाल से होली खेलते नजर आए और डीजे पर थिरकते नजर आए,लोग एक दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए और होली की गुझिया खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। इस दौरान पलिया नगर के संवेदनशील इलाकों में पुलिस की तैनाती रही और चप्पे चप्पे पर पुलिस निगरानी करती नजर आई,इस दौरान पलिया नगर में कहीं भी किसी प्रकार की कोई झड़प होने की कोई सूचना नहीं मिली है, पुलिस की मुस्तैदी की वजह से पलिया नगर में होली का त्यौहार बड़ी धूमधाम से और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो

## गांव में चिपकाए विवादास्पद पोस्टर




**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।** जनपद लखीमपुर खीरी की कोतवाली फूलबेहड़ क्षेत्र के गांव अग्गर खुर्द में होली के पूर्व विवादास्पद पोस्टर लगाकर माहौल बिगाड़ने का कुछ शरारती तत्वों ने प्रयास किया गया। सूचना पाकर गांव पहुची पुलिस ने रात में ही पोस्टर फाड दिए गए, लेकिन पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार फूलबेहड़ कोतवाली की सुन्दरवल पुलिस चौकी क्षेत्र के अग्गर खुर्द गांव में कुछ शरारती तत्वों ने होली के पूर्व जगह जगह विवादास्पद पोस्टर चिपका दिए। इन पोस्टरों पर लिखी इबारत ÷कृपया कुत्तों पर रंग न डालें रंग से इनकी मृत्यु हो सकती है÷ ये देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। फूलबेहड़ पुलिस सूचना मिलते ही गांव में पहुंच कर चस्पा विवादास्पद पोस्टरों को फ़ड़वा दिया और पुतवा दिया। इन विवादास्पद पोस्टरों को लगवाने में गांव के ही युवकों के नाम सामने आए हैं, लेकिन फूलबेहड़ पुलिस ने इन युवकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। इस बाबत सुन्दरवल चौकी इंचार्ज पवन प्रताप सिंह ने बताया कि गांव में शरारती तत्वों ने कुछ पोस्टर लगाये थे, मामले की जांच की जा रही है, जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जायेगी।

# अबुझहाल में 40 वर्षीय महिला की मौत

**मड़िहान (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के गोपलपुर गांव मेंअबुझहाल में 40 वर्षीय महिला की मौत सेगांव में सन्नाटा छा गया।पुलिस को सूचना दिए बगैर परिजनों नेमहिला का अंतिम संस्कार कर दिया। जमुई गांव निवासिनी 40 वर्षीय दशवंती देवी का होलीके दिन रंग खेलनेको लेकर पति पत्नी में विवाद हो गया।

शुक्रवार की रात मेंमहिला को घायल अवस्था मेंलेकर पति मड़िहान सीएचसी पर पहुंचा। जहां देखतेही डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग शव को लेकर घर लौट गए।

पुलिस को सूचना दिए बगैर गोपलपुर गांव स्थित शवदाहगृह मेंअंतिम संस्कार कर दिया। जमुई गांव निवासी मृतिका दशवंती देवी की शादी देवरीकटाई गांव में हुई थी। मृतिका का रिश्तेमेंदेवर और पड़ोसी अमृत लाल का प्रेम सम्बन्ध हो गया। अमृतलाल बतौर पत्नी दशवंतीके साथ एक दशक पूर्वसेअपनी बुआ फूफा के गांव गोपलपुर मेंरहने लगा।दोनों को दो पुत्री व पुत्र है।

अमृतलाल ने बताया किपेट दर्द की बीमारी से दशवंती पीड़ित थी। रात मेंउसकी हालत अचानक बिगड़नेपर सीएचसी मड़िहान लेकर पहुंचा लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। इस सम्बंध मेंथानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह नेबताया कि थानेपर सूचना नहीं है। तहरीर मिलनेपरजांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# काला मोतिया की पहचान में देरी छीन सकती है आंखों की रोशनी

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**




काला मोतिया से होने वाली अंधता को रोकने के लिए विश्व ग्लूकोमा सप्ताह जिला चिकित्सालय मोतीपुर ओयल में मनाया गया, जिसमें 40 वर्ष ऊपर की उम्र के मरीजों में ग्लूकोमा की जांच नेत्र सर्जन डॉ पूनम वर्मा व डॉ अक्षत मिश्रा द्वारा की गई।

सीएमएस डॉ आरके कोहली ने बताया कि विश्व ग्लूकोमा सप्ताह को मनाने का उद्देश्य लोगों में काला मोतिया को लेकर जागरूकता फैलाना है। विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के पहले दिन जिला चिकित्सालय में आंखों की समस्या से ग्रस्त आए हुए मरीजों की जांच की गई, उन्हें उपचार हेतु दवाएं दी गईं। वहीं ऐसे मरीज जिनकी सर्जरी की जानी है उन्हें सर्जरी करवाने की सलाह दी गई। नेत्र सर्जन डॉ पूनम वर्मा ने बताया कि काला मोतिया विश्व में आंखों की रोशनी जाने का दूसरा बड़ा कारण है। 40 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को हर 3 वर्ष बाद आंखों की जांच करानी चाहिए। ऐसे व्यक्ति जिनके परिवार में पहले से किसी को यह बीमारी हो, दूर दृष्टि या निकट दृष्टि दोष वाले मरीज, आंखों में अधिक प्रेशर होना, आंखों में पुरानी लगी चोट, माइग्रेन, उच्च या कम ब्लड प्रेशर, शुगर व मायोपिया की बीमारी के कारण भी काला मोतिया होने की संभावनाएं होती हैं। सही समय पर जांच से हर तरह के ग्लूकोमा का इलाज संभव है। इस दौरान बाल रोग विशेषज्ञ डॉ आरपी वर्मा, डेंटल सर्जन डॉ इंद्रेश राजावत, ऑप्टोमेट्रिस्ट प्रीति श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारी मौजूद है।

# गोसेवकों को कपड़े व मिष्ठान्न प्रदान कर प्रधान ने मनाई होली

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**




विकासखंड निघासन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चखरा में होली के शुभ अवसर पर चखरा स्थित अस्थाई गौवंश आश्रय स्थल में पहुँचकर ग्राम प्रधान गजराज ने गौशाला में सेवकों के साथ होली का त्यौहार मनाया। सबसे पहले ग्राम प्रधान गजराज ने गौ सेवकों को मिठाई व कपड़े वितरण किया व साथ ही सभी गौ सेवकों को होली का उपहार देते हुए सभी को अच्छी तरह होली मनाने की शुभकामनाएं भी दी।

ग्राम प्रधान चखरा गजराज की पहल ने सभी गौ सेवकों के चेहरे पर मुस्कान ला दी और सभी लोग ग्राम प्रधान की जमकर सराहना भी कर रहे हैं।

इस दौरान मौके पर गौ सेवक अवधेश कुमार लोधी, रामपाल गौतम, लालाराम गौतम,गोवर्धन लाल गौतम, महेन्द्र सिंह, कमलेश पूर्व प्रधान/एडवोकेट कन्हैयालाल वर्मा, अवधेश कुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# आईजी व कप्तान के साथ जवानों ने खेला अबीर-गुलाल

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

होली के कारण कानून और सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद पुलिस जवानों ने शनिवार को होली खेली। अयोध्या आईजी रेंज प्रवीण कुमार एसएसपी राजकरण नय्यर ने पुलिस जवानों के साथ पुलिस लाइन में अबीर-गुलाल उड़ाया।

पुलिस कर्मियों ने फिल्मी गीतों पर झूमते हुए होली के रंग उड़ाए। इस दौरान न सिर्फ पुलिस कर्मी बल्कि उनके परिजन भी इस उत्सव में शामिल हुए। जनपद के सभी 19 थानों में पुलिस लाइन में होली खेली गई। पुलिस लाइन में रंग बरसे भीगे चुनरवाली और अन्य फिल्मी गानों पर कर्मचारी जमकर झूमे नजर आए। जवान एक-दूसरे को रंगों से भिगोया और एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया। ढोल और नगाड़े की धुन पर रेंज आईजी, एसएसपी की मौजूदगी में जवानों ने डांस किया। आईजी अयोध्या प्रवीण कुमार ने बताया कि होली और दीपावली पर पुलिसकर्मियों की विशेष ड्यूटी लगाई जाती है। इस कारण परिवार के साथ होली नहीं खेल पाते। इसलिए अगले दिन पुलिस की होली का आयोजन किया जाता है।

अयोध्या मंडल समेत पूरे प्रदेश की हर जिला पुलिस लाइन और थाने में होली का आयोजन किया गया।

सीएम योगी ने राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम पर नगर निगम की तरफ से आयोजित नेशनल कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा

# सोलर सिटी के रूप में विकसित होंगे नगर निगम

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकी और जन जागरूकता के समन्वय से ही अच्छे परिणाम आएंगे।

योगी गुरुवार को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) पर नगर निगम की तरफसे एक होटल में आयोजित नेशनल कांफ्रेंस के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश के सभी नगर निगमों को सोलर सिटी के रूप में विकसित करेगी।



**कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाना बहुत जरूरी : योगी**

वर्ष 2027 तक गोरखपुर को खुले में कचरा जलाने से मुक्त शहर बनाने के रोडमैप थीम पर महानगर के एक होटल में आयोजित कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रकृति सबकी आवश्यकता की पूर्ति कर सकती है पर किसी के लोभ को पूरा करने का सामर्थ्य उसमें नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति-पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चलाए गये कार्यक्रमों का उद्देश्य कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम स्तर पर लाना है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से यह सुखद अनुभूति है कि आबादी, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और तेजी से औद्योगिक विकास के बाद भी यूपी में फॉरेस्ट कवरेज बढ़ रहा है। उन्होंने घर के आसपास पेड़ पौधा लगाने की अपील करते हुए कहा कि पेड़ पौधों से ही घर की रौनक होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति की गोद में ही रहकर हम आध्यात्मिक अन्तःकरण को जी सकते हैं। प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि प्रकृति के पास सब कुछ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए सरकार नवीकरणीय ऊर्जा पर जोर दे रही है। सरकार का लक्ष्य 22 हजार मेगावाट ऐसी ऊर्जा के उत्पादन पर है। इसी क्रम में अयोध्या को पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है जहां 6 हजार मेगावाट सोलर एनर्जी की व्यवस्था हुई है। बुंदलेखंड में 5 हजार मेगावाट के ग्रीन कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

**पर्यावरण के संरक्षण के लिए सरकार कर रही विभिन्न प्रयास**

कार्बन उत्सर्जन को न्यूनतम करने के लिए प्रदेश सरकार के प्रयासों की चर्चा करते हुए योगी ने कहा कि 2017 से राज्य सरकार ने प्रदेश से 17 लाख हैलोजन हटाकर एलईडी स्ट्रीट लाइट लगवाई है। इस पर एक भी पैसा खर्च नहीं हुआ। हैलोजन से कार्बन उत्सर्जन अधिक होता था साथ ही ऊर्जा का व्यय भी अधिक होता था। एलईडी लाइट लगने से कार्बन उत्सर्जन भी कम हुआ और ऊर्जा की भी बचत हो रही है। एलईडी लगवाने के एवज में संबंधित कम्पनी को ऊर्जा बचत के अंतर का पैसा दिया गया। इस व्यवस्था से निकायों में एक हजार करोड़ रुपये की बचत हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए ही सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया। इसके समानांतर विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना लागू कर मिट्टी के उत्पादों को बढ़ावा दिया।

**मानव को खुद ही भुगतना होगा विकृतियों का दुष्परिणाम**

उन्होने कहा कि प्रकृति से खिलवाड़ का नतीजा सबने कोविड काल में देखा है। कोविड के दूसरे लहर में लोग ऐसे ही तड़प रहे थे जैसे जल से निकली मछली तड़पती है। उन्होंने कहा कि मानव से तैयार विकृतियों का दुष्परिणाम मानव को खुद ही भुगतना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक नेट जीरो का लक्ष्य तय किया है, उसमें राष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय स्तर तक के कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। इन कार्यक्रमों में जन प्रतिनिधियों के जरिये जन सहभागिता भी होनी चाहिए क्योंकि कोई भी आंदोलन जन सहभागिता के बिना सफल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक उत्पादों के विकल्प रूप में केले के रेशे से उत्पाद बनाने वाले प्लांट का शिलान्यास लखीमपुर में किया गया है। इससे जो उत्पाद बनेंगे वह तीन माह में अपने आप ही मिट्टी में मिल जाएंगे। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण संरक्षण के लिए यूपी में पौधरोपण अभियान की सफलता का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विगत आठ वर्षों में 210 करोड़ पौधरोपण को भी सफलतापूर्वक किया गया है। इनमें से 70 से 75 प्रतिशत पौधे बढ़े भी हैं।

## 30 टन बासमती चावल चोरी के सात आरोपी गिरफ्तार

**लखनऊ ।** लखनऊ में एक कंपनी के वेयर हाउस से 26 फरवरी को 30 टन बासमती चावल की चोरी की गई थी। ट्रांसपोर्ट कंपनी का प्रतिनिधि बताकर आए ड्राइवर और खलासी बिजनौर स्थित वेयरहाउस से ट्रक पर चावल लोड कर ले गए। डिलीवरी हरियाणा के करनाल में देनी थी, लेकिन तय जगह पर चावल की डिलीवरी नहीं होने पर चोरी का पता चला। सूचना होने पर कंपनी मालिक ने पुलिस में रिपोर्ट दी। आरोपी चावल बेचने की फिराक में थे, इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार को सात आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया। वहीं चोरी का माल, ट्रक और घटना में इस्तेमाल कार बरामद की है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के अनुसार बिजनौर क्षेत्र के कासिमखेड़ा स्थित अडानी विलमार लिमिटेड के वेयरहाउस से एक ट्रक बासमती चावल चोरी हुआ था। चावल की कीमत करीब 26 लाख रुपए थी। उन्होंने बताया मुरादाबाद के बिलाल ने ट्रक नंबर में चावल लोड किया था। उसे यह माल करनाल पहुंचाना था, लेकिन वह माल लेकर फरार हो गया।

## बसपा ने किया बहुजनों का विकास दूसरी सरकारों के दावे हवा-हवाई

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता व संस्थापक कांशीराम के जन्मदिन के मौके पर बसपा मुखिया मायावती ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बसपा ने अपने शासन काल में बहुजनों के विकास के लिए अच्छे दिन लाकर दिखाए। जबकि दूसरी सरकारों के दावे हवा-हवाई हैं।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को कांशीराम की जयंती के मौके पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि बहुजन समाज पार्टी के जन्मदाता व संस्थापक कांशीराम को उनके जन्मदिन पर बीएसपी द्वारा देश भर में शत-शत नमन, माल्यार्पण, श्रद्धा-सुमन अर्पित व उनके श्सामाजिक परिवर्तन व आर्थिक मुक्ति मूवमेंट को तन, मन, धन से मजबूत बनाने के संकल्प हेतु सभी का तहेदिल से आभार। उन्होंने आगे लिखा कि बहुजन समाज को अपार गरीबी, बेरोजगारी, शोषण, अत्याचार, पिछड़ेपन, जातिवाद, सांप्रदायिक हिंसा व तनाव आदि के त्रस्त जीवन से मुक्ति के लिए अपने कीमती वोट की ताकत को समझकर अपना उद्धार स्वयं करने योग्य बनने हेतु सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करना जरूरी है, यही आज के दिन का उच्च संदेश है।

बसपा मुखिया मायावती ने कहा कि यूपी की विशाल आबादी को अनुभव है कि बीएसपी का आयरन लेडी नेतृत्व कथनी में कम व करनी में ज्यादा विश्वास रखता है और अपने शासनकाल में बहुजनों का सर्वांगीण विकास करके उनके काफी अच्छे दिन लाकर दिखाए भी हैं, जबकि दूसरी पार्टियों की सरकारों की अधिकतर बातें व दावे हवा हवाई व छलावा हैं।

## खबरें एक नजर में

### गणित प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्रा चैम्पियन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-1 की मेधावी छात्रा पृषा बाजपेयी ने इण्टरनेशनल एबेकस प्रतियोगिता में चैम्पियन का खिताब अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2025 के अन्तर्गत आयोजित हुई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय की इस होनहार छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अलीगंज द्वितीय कैम्पस की इस मेधावी छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया।

### स्कॉर्पियों ने एडीसीपी सेंट्रल गाड़ी में मारी टक्कर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने एडीसीपी सेंट्रल मनीषा सिंह की सरकारी गाड़ी में टक्कर मार दी। घटना चारबत्ती चौराहे की है। टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो पर विधायक लिखा था। टक्कर की वजह से एडीसीपी को मामूली चोट आई है। फिलहाल पुलिस ने टक्कर मारने वाली स्कॉर्पियो को कब्जे में ले लिया है। गुरुवार-शुक्रवार की बीच रात एडीसीपी सेंट्रल अपने जोन का होलिका दहन कराकर लौट रही थी। तभी चार बत्ती चौराहे के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो ने एडीसीपी की गाड़ी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसकी वजह से गाड़ी का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गाड़ी में सवार मनीषा सिंह को भी मामूली चोट आई।

### कार की टक्कर से ठेकेदार की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कालपी जालौन के रहने वाले सतेंद्र सिंह (39) पुत्र स्वर्गीय बलबीर सिंह ठेकेदारी करते थे। लखनऊ के अलीगंज के सेक्टर-एन में पत्नी रितु सिंह और बेटे रुद्राक्ष के साथ रहते थे। चचेरे भाई विकास ने बताया कि शुक्रवार को होली खेलने के बाद घर पर थे। घर पर 5 मिनट में लौटने की बात कहकर पान मसाला खाने चले गए। महावीर तिराहे पर तेज रफ्तार अज्ञात कार ने सतेंद्र को टक्कर मार दी। जिससे वो गंभीर रुप से घालय हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। विकास ने पुलिस के पास अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ तहरीर दी है। मामले में इंस्पेक्टर विकास नगर का कहना है कि पुलिस तहरीर के अनुसार मामले की जांच कर रही।

### बीकेटी तहसील में आईं सिर्फ 13 शिकायतें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब तहसील में शनिवार को उपजिलाधिकारी सतीश चन्द्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। होली के अगले दिन होने के कारण कार्यक्रम में फरियादियों की संख्या बेहद कम रही। दिनभर में केवल 13 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग की 3, पुलिस विभाग की 4, विकास संबंधी 3 और अन्य विभागों की 3 शिकायतें शामिल थीं। विभागों के मौजूद अधिकारी शिकायतकर्ताओं का इंतजार करते रहे, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। समाधान दिवस में एक महत्वपूर्ण शिकायत अधिवक्ता आई पी सिंह ने दर्ज कराई। उन्होंने मड़ियांव के जानकीपुरम थाना क्षेत्र में सहारा स्टेट से सटी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला उठाया। यह जमीन गाटा संख्या-911 (क्षेत्रफल 0.3160) है, जो राजस्व अभिलेखों में रास्ते के रूप में दर्ज है।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ धरने पर बैठी प्रधान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद के भदेसर मऊ ग्राम पंचायत की प्रधान विजय लक्ष्मी का धरना छठे दिन भी जारी है। उन्होंने होली का त्योहार भी धरना स्थल पर ही मनाया। विजय लक्ष्मी ने पूर्व प्रधान और तत्कालीन पंचायत सचिव पर मनरेगा समेत अन्य योजनाओं में लाखों रुपये के गबन का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वर्तमान सचिव कमीशन की मांग करता है। कमीशन न देने पर बिना काम कराए ही फर्जी तरीके से रकम निकाली गई। शनिवार को गांव के कई लोग भी धरने में शामिल हुए। प्रधान का कहना है कि जब तक सभी शिकायतों की जांच नहीं होगी और दोषियों पर कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक धरना जारी रहेगा।

### होली मिलन के लिए निकली चचेरी बहनें लापता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नगराम थाना क्षेत्र में होली के दिन एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। नेवाज खेड़ा गांव में दो विवाहित चचेरी बहनें रहस्यमय तरीके से लापता हो गईं। दोनों बहनें होली का त्योहार मनाने अपने मायके आई थीं। उनकी शादी एक माह पहले 16 फरवरी को हुई थी। होली के दिन शाम को वे होली मिलन के लिए घर से निकली थीं। पीड़ित पिता के अनुसार, गांव के बाहर एक चार पहिया वाहन से दोनों का अपहरण कर लिया गया। परिवार ने रात भर लड़कियों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित परिवार ने गांव के दो युवकों पर अपहरण का संदेह जताते हुए नगराम थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अभी तक लड़कियों का पता लगाने में असफल रही है। थाना अध्यक्ष विवेक चौधरी ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है। पुलिस टीमें लड़कियों की तलाश में जुटी हैं।


### रंग लगाने से मना करने पर भड़के दबंग, पूर्व प्रधान को पीटा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज में दबंगों ने एक पूर्व प्रधान और उसके परिवार को होली के दिन पीट दिया। पिटाई से पूर्व प्रधान गंगा दयाल का हाथ टूट गया। उनके बेटों को भी चोटें आई हैं।

पुलिस ने बताया कि हुलास खेड़ा गांव में शुक्रवार दोपहर मारपीट हुई। पास के ही मजरा कटुवा खेड़ा के पांच लोग गांव में होली खेलने आए थे। इस दौरान नशे में धुत होकर उन्होंने गंगा दयाल के रंग लगा दिया। रंग लगाने का विरोध करने पर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। जब पीड़ित ने मना किया, तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों में मदन लाल, अयोध्या प्रसाद उर्फपप्पू, जीतबहादुर, नितिन और चंद्रशेखर शामिल हैं। पूर्व प्रधान के बेटे दीपक ने बताया कि हमलावरों ने मारपीट के दौरान उनकी और उनकी मां की सोने की चेन भी छीन ली। पुलिस का कहना है कि तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### दुर्घटना में सहायक समीक्षा अधिकारी का निधन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनपद लखनऊ प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय लोक भवन में तैनात सहायक समीक्षा अधिकारी के पद पर अपनी सेवा दे रहे देवेंद्र यादव का होली के दिन दुर्घटना में देहांत हो गया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को यह दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



# विभूति खंड थाने में वकीलों ने किया हंगामा

## थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने पैरवी करने पहुंचे एडवोकेट सौरभ से की मारपीट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी में शुक्रवार की शाम विभूति खंड थाने में वकीलों ने जमकर हंगामा किया। वकीलों का आरोप है कि थाने में मौजूद पुलिसकर्मियों ने पैरवी करने पहुंचे एडवोकेट सौरभ से मारपीट की। जिसकी वजह से उनके गंभीर चोट आई। वकील सौरभ का कहना है कि जब वो बातचीत करने पहुंचे तो थाने के अंदर शराब पार्टी चल रही थी। फिलहाल 9 पुलिसकर्मियों सहित अन्य पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

**नौ पुलिसकर्मियों सहित अन्य पर केस दर्ज, जांच शुरु**

सिविल कोर्ट में तैनात एडवोकेट सौरभ वर्मा ने बताया कि शुक्रवार शाम करीब 6 बजे जानकारी हुई कि एडवोकेट शिवम पान, शुभम यादव व अभिषेक सिंह को थाने में बैठाया गया है। उनके साथ मारपीट की जा रही है। इस सूचना पर सौरभ पहुंचे और वजह पूछी। थाने में मौजूद पुलिसकर्मी पंकज कुमार सिंह, जौदी, इरफान, योगेन्द्र सिंह सेंगर, शुभम त्यागी, अनुज कुमार सुहैल खां कुछ तीन-चार कॉन्स्टेबल व सिविल ड्रेस में पुलिसकर्मियों ने बिना कुछ बताए सौरभ से भी मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान मोबाइल, पर्स, सोने की चेन सब छीन लिया। फिर पचास-पचास हजार रुपए की मांग करते हुए छोड़ने की बात कहे। न लाने पर फर्जी मुकदमे फंसाने की धमकी देने लगे।

जूनियर एडवोकेट राहुल पाण्डेय की सूचना पर सेंट्रल बार एसोसिएशन के अन्य वकील पहुंच गए। थाने में ही नारेबाजी शुरू हो गई। वकीलों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने थाने का वीडियो डिलीट कर दिया है। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी कर रहे वकीलों ने एसआई प्रमोद से गाली देते हुए मारपीट की। उस पर पिटाई का आरोप लगाते हुए वर्दी पकड़ ली। जिसके बाद अन्य पुलिसकर्मियों ने बीचबचाव करके छुड़ाया। थाने पहुंचे वकील पुलिस के साथ गाली-गलौज करते नजर आए। घटना की जानकारी होने पर सैकड़ों की संख्या में वकील थाने पहुंच गए। पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने की जिद पर अड़ गए।

देर होती देख सभी वकील आईजीपी चौराहे पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने बैरिकेडिंग करके ट्रैफिक को डायवर्ट करके वहां से निकालना शुरू किया। अगर किसी ने दिक्कत बताते हुए गाड़ी निकालने की बात कही तो उसके साथ गाली-गलौज की। इतना ही नहीं, बाइक सवारों को मारने की धमकी देने लगे। एक कार सवार वहां से परिवार के साथ निकलने लगा। मौजूद वकीलों ने उसकी गाड़ी को पीटना शुरू कर दिया। जिसकी वजह से पूरा परिवार घबरा गया। हालांकि फिर ऐसी हरकत न करने की हिदायत देकर वकीलों को समझाया गया।

# उपभोक्ता परिषद ने खोला पोल नियम विरुद्ध टेंडर में लिया भाग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 42 जनपदों के निजीकरण को लेकर पावर कॉरपोरेशन की तरफ से ट्रांजैक्शन एडवाइजर के भाग एक के टेक्निकल बिड को केंद्र सरकार की सतर्कता आयोग की कनफ्लिक्ट आफइंटरेस्ट की गाइडलाइन के खिलाफ जाकर जहां पावर कॉरपोरेशन की तरफसे खोल दिया गया जो पूरी प्रक्रिया आसंवैधानिक है।

उपाभोक्ता परिषद के अनुसार क्योंकि टेंडर में भाग लेने वाली तीनो कंपनियां ब्रिटिश बेस लंदन की अर्नस्ट एंड यंग डिलाइट एवं ग्रांड थॉर्नटन जिसमें से तीनो कंपनियां कहीं ना कहीं अदानी पावर टाटा पावर जीएमआर और अडानी इलेक्ट्रिकल मुंबई लिमिटेड में नेटवर्क फर्म के रूप में काम कर चुकी है। कुछ आज भी वर्ष 2023 के बाद काम कर रही हैं जो इनकी बैलेंस शीट से देखा जा सकता है। जो उत्तर प्रदेश में सीधे तौर पर नई बनने वाली बिजली कंपनियों को खरीदने के सबसे प्रबल दावेदार है। ऐसे में यह पूरी प्रक्रिया ही विवादों के घेरे में आ जाएगी सीधे कंप्लीट आप इंटरेस्ट के दायरे में आ रही है। उपभोक्ता परिषद पूरे मामले को संवैधानिक तरीके से रेगुलेटरी फ्रेमवर्क में 17 मार्च को विद्युत नियामक आयोग के सामने प्रस्तुत करेगा और यह बताएगा कैसे कंसलटेंट कंपनियों ने बड़ा खेल किया है इनके खिलाफ सबसे सख्त कार्रवाई की जाए।

**विधिक कार्यवाही के लिए रहे तैयार कंपनियां : उपभोक्ता परिषद**

उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने बताया कि सबसे बड़ा चौंकाने वाला मामला यह है कि देश को पूर्व में आजादी के पहले तबाह करने वाली ईस्ट इंडिया कंपनी भी ब्रिटिश की थी और यह तीनों कंसलटेंट कंपनियां जो उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों को निजीकरण करने की सलाह देगी वह भी ब्रिटिश में लंदन की कंपनी है।उत्तर प्रदेश के 42 जनपदों को बेचने के लिए ब्रिटिश बेस कंपनी सब काम खुलासा उपभोक्ता परिषद जल्द से जल्द करेगी।

## खेल मंत्री मंडाविया ग्रेटर नोएडा में टेनिस चैंपियनशिप का करेंगे उद्घाटन

**लखनऊ।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया 17 मार्च पर उत्तर प्रदेश के दौरे पर आएंगे। खेल मंत्री यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय पथिक स्टेडियम में इंडियन इंटरनेशनल सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का दूसरा और साउथ सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप का उद्घाटन करेंगे। यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्य और भाजपा प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने शनिवार को दी। राकेश त्रिपाठी ने कहा कि टेनिस चैंपियनशिप का ये पहला आयोजन है और पाकिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, जापान, कोरिया, इराक, जर्मनी, बांग्लादेश सहित कुल 15 देशों की टीमें हिस्सा लेंगे। इसमें 250 से ज्यादा खिलाड़ी चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि विदेशी खिलाड़ियों के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कराये गये हैं। इस आयोजन के लिए महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि जी महाराज और राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

# आदर्श व्यापार मंडल ने खेली फूलों की होली, एक-दूसरे को लगाया गुलाल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय पर राजधानी के व्यापारियों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने फूलों की होली खेली। इस अवसर पर व्यापारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएँ देते हुए गुझिया खिलाकर मुँह मीठा कराया।

प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि ष्होली प्रेम और सौहार्द का त्योहार है, जिसे सभी को हर्षोल्लास के साथ मनाना चाहिए। हमें सुरक्षित और संयमित तरीके से होली खेलनी चाहिए और इस पर्व पर सभी पुराने गिले-शिकवे भूलाकर अपने दुश्मनों को भी गले लगाना चाहिए।

इस उल्लासपूर्ण कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, शेखर कुमार, जी. एस. चड्ढा, प्रदेश मंत्री संदीप सिंह गौड़, नगर अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, नगर महामंत्री राजीव शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमिताभ श्रीवास्तव, श्याम सुंदर अग्रवाल, डॉ. सार्केत चतुर्वेदी, अंशु श्रीवास्तव, धर्मेंद्र साहू, आशीष शर्मा, संतोष त्रिपाठी, उमेश सनवाल, राजाराम रावत सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**चौक सर्राफा व्यापारियों ने धूमधाम से मनाई होली**

**लखनऊ।** चौक सर्राफा मार्केट में 112 साल पुरानी ऐतिहासिक होली परंपरा को इस साल भी बड़े धूमधाम से मनाया गया। चौक सर्राफा एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस भव्य होली उत्सव में सर्राफा व्यवसायियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंगों की इस परंपरा को जीवंत बनाया। इस उत्सव में व्यवसायियों, बच्चों और स्थानीय नागरिकों ने एक-दूसरे को गुलाल और रंग लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं। कार्यक्रम में शामिल होने वाले प्रमुख सर्राफा व्यवसायियों में विनोद माहेश्वरी, आदेश जैन, अतुल गुप्ता, पंकज अग्रवाल, राजकुमार वर्मा, आनंद रस्तोगी, दीपू खत्री, देवेन्द्र रस्तोगी, अंकित मेहरोत्रा, संजय रस्तोगी, रजत यश और प्रेम ज्वेलर का नाम प्रमुख रहा।

## दबंगों ने किया हमला, आठ लोगों के साथ मारपीट, दो गंभीर

**लखनऊ ।** मलिहाबाद के रहीमाबाद थाना क्षेत्र में होली के दिन एक परिवार पर दबंगों ने हमला कर दिया। शेर नगर में सूरजभान अपने भाई रामसनेही के साथ शुक्रवार शाम को मेहमानों का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही महेश, मिंटू, शैलेंद्र, लवकुश, नरेश, अंकित, अहिबरन और जयकन ने उन पर हमला कर दिया। आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते पहले गालियां दीं और फिर लाठी-डंडों से पिटाई शुरू कर दी। शोर सुनकर जब पीड़ित की पत्नी और भाई की पत्नी बचाव के लिए आई, तो उन्हें भी नहीं बख्शा गया। आरोपियों ने महिलाओं को जान से मारने की धमकी दी और उनकी भी पिटाई कर दी। हमले में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सूरजभान की शिकायत पर आठों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# महाकुम्भ में प्रदूषण मुक्त जल की रिपोर्ट पर पक्षी वैज्ञानिकों ने भी लगाई अपनी मुहर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/प्रयागराज।** महाकुम्भ समापन के 15 दिन बाद भी संगम और उसके आसपास के जलीय जीवन और वायु की गुणवत्ता से मिले संकेत से जीव विज्ञानी भी हैरान हैं। फरवरी के आखिरी सप्ताह तक संगम से हर साल विदा हो जाने वाले विदेशी परिंदों की मार्च 13 तक मौजूदगी ने जो संकेत दिए हैं, उससे पर्यावरण वैज्ञानिकों ने राहत की सांस ली है। यह जानकारी शनिवार को जीव वैज्ञानिक प्रो संदीप मल्होत्रा ने दी।

प्रयागराज के संगम तट पर दिसंबर के महीने में हर साल आने वाले विदेशी परिंदों की फरवरी तक मौजूदगी रहती है। इस बार ये विदेशी मेहमान 13 मार्च तक अभी संगम के तट से विदा नहीं हुए हैं। पक्षी वैज्ञानिकों का मानना है कि यह संगम जल की शुद्धता का प्रतीक है। विदेशी परिंदों ने भी संगम में प्रदूषण मुक्त जल और वायु की स्थिति पर लगाई मुहर जलीय जीवन



और पक्षियों के अंतर्संबंधों पर शोध कर रहे जीव वैज्ञानिक प्रोफेसर संदीप मल्होत्रा का कहना है कि लारस रीडिबंडस प्रजाति के ये विदेशी परिंदे रूस, साइबेरिया और पोलैंड जैसे ठंडे देशों से हर साल दिसम्बर के आख़िरी हफ्ते में संगम की धरती पर जमा हो जाते हैं जो फरवरी के आखिरी सप्ताह तक यहां रहते हैं। भोजन और प्रजनन के लिए सात समंदर पार से आने वाले ये विदेशी परिंदे प्रदूषण के अच्छे संसूचक माने जाते हैं।

प्रदूषण मुक्त जल में पलने वाले जीवों को खाकर रहने वाले ये पक्षी प्रदूषण मुक्त हवा में ही सांस ले सकते हैं। फरवरी के आखिरी सप्ताह से 15 दिन का समय गुजर जाने पर उनकी भारी संख्या में मौजूदगी इस बात का संकेत दे रही है कि संगम के जल और वायु में दिसंबर से इनके अनुकूल स्थिति बनी हुई है। यही बात यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट में भी सामने आई थी।

**गंगा नदी में डॉल्फिन की आबादी में हुई बढ़ोतरी**

गंगा नदी में डॉल्फिन की मौजूदगी और उनकी बढ़ती आबादी को भी गंगा नदी के जल के प्रदूषण से जोड़ कर देखा जाता है। विश्व वन्य जीव दिवस 3 मार्च, 2025 पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार गंगा नदी में 6,324 डॉल्फिन और सिंधु नदी में तीन डॉल्फिन हैं। इसके पूर्व 2021 के पहले गंगा की मुख्य धारा में औसतन 3,275 डॉल्फिन थी। इसमें भी सबसे अधिक यूपी में पाई गईं। फतेहपुर, प्रयागराज से पटना के बीच गंगा नदी में डॉल्फिन की बढ़ती आबादी भी गंगा के जल की गुणवत्ता का स्पष्ट संकेत है। इससे भी पक्षी वैज्ञानिकों की रिपोर्ट पर मुहर लग रही है।

**उन्नति** — प्रदेश के हर ग्राम पंचायतों में बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र, अब तक 19 हजार आंगनबाड़ी केंद्र तैयार

# सरकार ने प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास पर दिया ध्यान

विकास तिवारी

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से न केवल बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है, बल्कि यह महिला सशक्तीकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। गांवों में गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।

ग्राम्य विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018-19 से अब तक मनरेगा योजना के तहत 19 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार की प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3,020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 9,448 केंद्र निर्माणाधीन हैं।



**आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण की वर्षवार प्रगति**

| | |
|---|---|
| 2018-19- 3,866 केंद्र | 2021-22- 1,871 केंद्र |
| 2019-20- 2,015 केंद्र | 2022-23- 2,332 केंद्र |
| 2020-21- 4,042 केंद्र | 2023-24- 1,981 केंद्र |

**बच्चों के पोषण व शिक्षा को मिला बढ़ावा**

योगी सरकार के इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण और शिक्षा को बढ़ावा मिला है बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। निर्माण कार्यों में श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में सरकार ने गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र नेशनल हाईवे के किनारे न बने, जिससे बच्चों की सुरक्षा बनी रहे। केंद्रों के निर्माण में पर्यावरणीय और संरचनात्मक मानकों का पालन किया जा रहा है, जिससे ये सुविधाएं लंबे समय तक उपयोगी बनी रहें। इसके अलावा, केंद्रों में बच्चों के खेलने की सुविधाएं, शौचालय और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों का भी समुचित ध्यान रखा जा रहा है। इस प्रकार, आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल भवन के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार ने इस योजना के तहत अब तक 12,865.58 लाख रुपये खर्च किए हैं, जिससे निर्माण कार्यों को गति मिली है। यह निवेश भविष्य में प्रदेश के लाखों बच्चों और माताओं के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## निजीकरण के खिलाफ बिजली कर्मी भरेंगे हुंकार

**लखनऊ ।** लखनऊ में एक लाख बिजली कर्मचारी प्रदर्शन करेंगे। ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की बिड खोले जाने से बिजली कर्मियों में आक्रोश है। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रक्रिया को पूरी तरह अवैधानिक करार दिया है। शक्ति भवन पर विरोध प्रदर्शन किया गया। बिजली कर्मियों ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन के विरोध में भ्रष्टाचार के आरोप के नारे लगाए। संघर्ष समिति के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने कहा पावर कॉर्पोरेशन प्रबंधन ने बिड खोली है, उससे पूरे प्रदेश के बिजली कर्मियों में नाराजगी है। उन्होंने कहा इसके विरोध में किसी भी समय आन्दोलन शुरू हो सकता है। संगठन पूरी तरह लामबंद है। पूरे प्रदेश के एक लाख बिजली कर्मियों को अलर्ट रहने का आह्वान किया। निजीकरण किसी भी हाल में स्वीकार नहीं होगा। निजीकरण के नाम पर मेगा घोटाले की तैयारी है।

# पुलिस की सतर्कता से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ होली पर्व

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।



जनपद में दो समुदायों के त्योहार को लेकर पुलिस रही सतर्क भ्रमणशील रहा जिला शासन प्रशासन। त्योहार होली शुक्रवार को पड़ने के कारण जनपद में पुलिस बल लगातार अराजकतत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए थे।होली और रमजान के जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस ने सुबह से ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरे से निगरानी शुरू कर दी है।एसपी विनीत जायसवाल के नेतृत्व में पूरे जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।संवेदनशील इलाकों में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर सख्त दिशानिर्देश जारी किये गये थे। लगातार सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पैनी नजर बनी रही।मुस्लिम समुदाय के मौलवियों ने होली को देखते हुए जुम्मे की नमाज का समय बदल दिया था,दोपहर 2:00 बजे जनपद की विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की गई।इस बार फिर शासन प्रशासन की सतर्कता से दोनों समुदायों के लोगों ने हिंदू-मुस्लिम भाईचारे के साथ दोनों त्योहार मनाने की अपील की है। एसपी विनीत जायसवाल ने जानकारी देते हुए कहा कि जनपद में पुलिस और स्पेशल पुलिस के साथ पैरामिलिट्री फोर्स और यूपी पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। लगातार सभी अधिकार नजर बनाए हुए हैं दोनों त्योहार को शान्ति पूर्ण करना हमारा कर्तव्य है। उच्च अधिकारियों की मानें तो कई मजिस्ट्रेटों की भी ड्यूटी जनपद के कई स्थानो पर लगाई गई है।उनकी देखरेख में भी होली और जुम्मे की नमाज संपन्न कराई गई।

### रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में हुआ होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन



होली त्योहार को सकुशल सम्पन्न कराने के उपरान्त शनिवार को पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र अमित पाठक, जिलाधिकारी गोण्डा श्रीमती नेहा शर्मा व जनपद के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण सम्मिलित हुए। होली मिलन समारोह के दौरान सभी अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा एक दूसरे पर फूलों की बारिश एवं अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं एवं बधाई दी गयी। होली मिलन समारोह के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त थानों के थाना प्रभारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### होली के अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने किया गो पूजन

गोंडा, समृद्धि न्यूज। बृहस्पतिवार को होली के अवसर पर विकासखंड मुजेहना की गौशाला रुद्रगढ़नौसी का मुख्य विकास अधिकारी महोदया द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान गौ आश्रय स्थल पर गौपूजन एवं गोवंश को पारंपरिक व्यंजन खिलाए गए गौ आश्रय स्थल को मॉडल गौ आश्रय स्थल के रूप में विकसित करने के लिए संभावना तलाशने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी,मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, परियोजना अधिकारी नेडा को निर्देशित किया गया है तथा खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गौ आश्रय स्थल से जोड़ते हुए विभिन्न उत्पादों का निर्माण कराए जिससे गौ आश्रय स्थल स्वावलंबी बन सके तथा स्वयं सहायता समूहों का समग्र विकास हो सके निरीक्षण के समय प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी मुजेहना, नोडल पशु चिकित्सा अधिकारी गोण्डा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी रूपईडीह, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, ग्राम प्रधान एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाखों खर्च के बाद भी सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला

गोंडा, समृद्धि न्यूज।




जनपद में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सरकार द्वारा लोगों के घरों में शौचालय बनवाने के साथ ही सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाने के निर्देश दिए गए थे। लाखों रुपए खर्च करके सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय बनाए गए, लेकिन जिम्मेदारो की लापरवाही के कारण ये शौचालय आज भी बंद पड़े है तथा सामुदायिक शौचालय अब देखरेख के अभाव में हो रहे जर्जर जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान।पंडरी कृपाल ब्लाक के ग्राम पंचायत सुभागपुर में बने सामुदायिक शौचालय की स्थिति बद से बद्तर नजर आ रही है।

लोगों से जानकारी करने पर पता चला की सामुदायिक शौचालय में हमेशा ताला लगा रहता है।यही नहीं चर्चा यह भी है कि इसका रूपये केयरटेकर के नाम पर निकल रहा है,लेकिन ग्रामीण इस स्वच्छता और खुले में शौच न करने के प्रचार-प्रसार से अभी दूर है।

सामुदायिक शौचालय की हालत देखकर यह लगता है कि इसका ताला कभी खोला नही गया है। जिम्मेदार अधिकारियों और सचिव तथा केयरटेकर मौज कर रही है। सामुदायिक शौचालय अब सिर्फ सफेद हाथी की तरह खड़ा है जिसको सिर्फ देखकर ही ग्राम विकास की पोल खुल रही है।

सरकार द्वारा गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही है लेकिन योजनाओं में निर्माण से लेकर रखरखाव तक कार्यों में लापरवाही की दीमक पहले ही लग जाती है।अगर सामुदायिक शौचालयो की जांच ब्लाको के ग्राम पंचायत में बनने के बाद कराई जाये तो कई ग्राम पंचायतों की स्वच्छता अभियान के सम्बन्ध में खुलासा हो सकता है।फिर हाल जिले के आला अधिकारियों की नजर इस तरह स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालयो के बन्द होने और रखरखाव के अभाव में जर्जर की स्थिति पर नहीं पड़ी है।

### जिला कारागार में निरुद्ध बंदी की मौत, पिता ने उठाया सवाल

बहराइच समृद्धि न्यूज। जिला कारागार में गैर इरादतन हत्या के मामले में निरुद्ध बंदी की शुक्रवार रात को इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम पाण्डेयपुरवा निवासी लालाराम (31) जिला कारागार में निरुद्ध था। वह गैर इरादतन हत्या के मामले में 26 जुलाई 2024 को जेल भेजा गया था। तभी से वह कारागार में निरुद्ध था। शुक्रवार रात को अचानक बंदी की तबियत खराब हुई तो जेल प्रशासन ने उसे जिला कारागार के अस्पताल में भर्ती कराया। लेकिन हालत में सुधार न होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। रात ढाई बजे इलाज के दौरान बंदी लालाराम की मौत हो गई। इस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस मामले में जेल अधीक्षक राजेश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि बंदी को ब्रेन हैमरेज हुआ था। जिसके चलते मौत हुई है। वहीं पिता राम सागर का कहना है कि पुत्र 11 मार्च को पेशी पर आया था। तब सब ठीक था। उन्होंने जिला कारागार प्रशासन की कार्य शैली पर सवाल उठाया है।

## गरिमा भूषण ने बुजुर्गों के साथ मनाई होली

▸ वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जाए : गरिमा भूषण

गोण्डा देवीपाटन मंडल, समृद्धि न्यूज।

गोण्डा में जहां एक ओर होली का त्यौहार घर-घर में उल्लास और रौनक से मनाने की तैयारी चल रही है, वहीं दूसरी ओर वृद्धाश्रमों में रहने वाले बुजुर्गों की आंखें किसी अपने की उम्मीद में प्रतीक्षारत हैं। इस बार वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के जीवन में रंगो को भरने का बीड़ा उठाया है मंडलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्ष और देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील की पत्नी गरिमा भूषण सिंह ने। उन्होंने होली के अवसर पर बुजुर्गों को रंग लगाकर होली का त्यौहार मनाया। होली के पावन अवसर पर गरिमा भूषण सिंह वृद्धाश्रम पहुंचीं और वहां रह रहे सैकड़ों बुजुर्गों के साथ मिलकर त्यौहार को बेहद हर्षोल्लास के साथ मनाया। गरिमा भूषण ने बुजुर्गों को मिठाइयां और फल वितरित किए ताकि उनकी होली में भी वही रंग और मिठास हो जो हर किसी के घर में होती है। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को संबोधित करते हुए गरिमा भूषण ने भावुक अंदाज में कहा कि जहां लोग वृद्धाश्रम में अपने माता-पिता को छोड़ जाते हैं, वहीं हम यहां उनका साथ देने और उनका आशिर्वाद लेने आए हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद हमें जीवन का सच्चा सुकून देता है और उनका साथ हमें अनमोल खुशी से भर देता है। गरिमा भूषण ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उनकी हर जरूरत का ध्यान रखा जाए। बुजुर्गों के चेहरों पर खुशी देखकर उन्होंने कहा, ÷यह होली उनके साथ मनाने का मौका पाकर हम खुद को धन्य महसूस कर रहे हैं।



### बुजुर्गों ने जताया आभार

वृद्धाश्रम में गरिमा भूषण सिंह को अपने बीच पाकर बुजुर्गों की आंखों में खुशी और कृतज्ञता का आभास देखने को मिला। उन्होंने गरिमा भूषण का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह होली उनके लिए हमेशा खास रहेगी।

## खबरें एक नजर में

### राधा-कृष्ण के साथ खेली फूलों की होली, जमकर झूमे श्रोता



बहराइच, समृद्धि न्यूज। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र नगर पंचायत रूपईडीहा मे होली के महापावन पर्व के शुभ अवसर पर राधा कृष्ण फूलों की होली का आयोजन गुरु किचन निकट सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय साकेत नगर में राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसएसबी 42 वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत एवं विशिष्ट अतिथि आदर्श थाना रुपईडीहा प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह रहे। एसएसबी कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने कहा इस प्रकार की होली पहली बार हमने जीवन में देखा है। हम इसकी जितनी प्रशंसा करें बहुत कम है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा संघ प्रचारक सर्वेश द्वारा राधा कृष्ण की फूलों की होली खेली गई है। बहुत ही प्रशंसनीय है हम चाहते हैं ऐसा कार्यक्रम हर वर्ष होता रहे। आपको बताते चलें राधा कृष्ण के साथ फूलों की होली के मुख्य आयोजक संघ प्रचारक सर्वेश के दिशा निर्देशन में राजेंद्र कुमार सिंह राजू भैया के कुशल नेतृत्व में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। यह कार्यक्रम होली मिलन महोत्सव टीम संयोजक शेर सिंह का कसौधन सहसंयोजक कन्हैया वर्मा व्यवस्था प्रमुख केसरी प्रसाद सोनी गज्जू भैया, अजीत शुक्ला, सुरेश वर्मा, उमाशंकर विश्वकर्मा, राजकुमार शर्मा, सरवन विश्वकर्मा, रमेश मिश्रा,दिलीप कुमार सोनी, पूर्व प्रमुख तेज प्रसाद वर्मा आदि दर्जनों कार्यकर्ताओ का सहयोग रहा।

### स्व. कुंवर विक्रम सिंह कैनवस बाल क्रिकेट टूर्नामेन्ट 2025 का हुआ उद्घाटन



मनकापुर/गोण्डा/समृद्धि न्यूज। महादेवा खेल मैदान बनकटवा, निकट–गोहन्ना बाजार मनकापुर गोण्डा में स्व. कुंवर विक्रम सिंह कैनवस बाल क्रिकेट टूर्नामेन्ट–2025 का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन हिन्दु युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह ने किया। जिसकी आयोजिका स्व. कुंवर विक्रम सिंह की बहन शिवाली सिंह और कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रदीप सिंह फौजी और उपाध्यक्ष कुक्कू सिंह और कमेटी अध्यक्ष संजय गुप्ता और कोषाध्यक्ष विजय चौहान ने किया। जिसका आरम्भ सर्वप्रथम महमूदपुर और रामनगर की टीमों ने किया। जिसकी बल्लेबाजी पहली टीम महमूदपुर ने किया। और पहली टीम महमूदपुर ने 179 रन और दूसरी टीम रामनगर ने 116 रन बनाया पहली टीम महमूदपुर ने दूसरी टीम रामनगर को 63 रनों से पराजित किया। इस मौके पर ग्राम सभा महादेवा के प्रधान शोभाराम, समाजसेवी जग्गीराम पटेल,रवि सिंह, नितेश पाण्डेय, रविन्द्र सिंह, आनन्द सिंह, राजेश सिंह, अरविन्द सिंह,और समाजवादी पार्टी के नेता सिद्धार्थ सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क हादसों में दो की मौत




बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में अलग अलग हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक युवक बाइक पर खड़े होकर डांस करते हुए रील बना रहा था। नीचे गिरते ही उसकी मौत हो गई। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कंचनपुर पैरुआ निवासी महतव (20) पुत्र चेतराम पड़ोसी मित्र पंकज निषाद के साथ बाइक से शुक्रवार को होली खेलने के बाद मिहीपुरवा की तरफ जा रहा था। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर चेहल्लुम ढाबा के पास बाइक पर बैठे महतव ने मोबाइल पर गाना लगाया। इसके बाद वह बाइक पर ही डांस करने लगा। जबकि साथी उसका वीडियो बना रहा था। तभी युवक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया। साथी ने डायल 112 को फोन किया। डायल 112 की टीम ने घायल को सीएचसी पहुंचाया। यहां पर चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। उधर गिरगिट्टी गांव निवासी बाइक सवार गुड्डू पुत्र ब्रिजा अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार घायल हो गया। घायल को गंभीर हालत में सीएचसी मोतीपुर से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां पर युवक की मौत हो गई। चौकी इंचार्ज के कृष्ण कुमार ने बताया कि दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि महतव बाइक पर डांस करते हुए नीचे गिरा, जिससे उसकी मौत हुई है।

# जिले में होली का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न

▸ रंग-गुलाल के साथ जश्न, प्रशासन ने किया सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

बहराइच समृद्धि न्यूज।



जिले में होली का त्योहार शुक्रवार को पूरे उत्साह और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। सुबह से ही शहर और ग्रामीण की सड़कों पर होली मनाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। छावनी चौराहा, अग्रसेन चौक, और घंटाघर समेत कई इलाकों में लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर त्यौहार का आनंद लिया। घंटाघर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे समेत कई लोगों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी। युवाओं में त्यौहार को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। कुछ लोग विशेष वेशभूषा में भी नजर आए जो लोगों को शुभकामनाएं दे रहे थे।

### पुलिस लाइन में अफसरों की होली में डीएम-एसपी हुए शामिल

होली के त्योहार के साथ जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से निपटने के बाद शनिवार को बहराइच पुलिस लाइन में रंगों की धूम मच गई। डीएम मोनिका रानी व एसपी रामनयन सिंह समेत जिले के तमाम अधिकारी व पुलिस अफसरों ने पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर जमकर होली खेली। माहौल को और रंगीन बनाने के लिए डीएम व एसपी ने गाने पर जबरदस्त डांस किया। उनके साथ एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, बीएसए, आशीष सिंह,डीएमओ संजय मिश्रा ने भी जमकर डांस किया। इस मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, एसडीम सहित जिले के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### कानून व शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत भ्रमणशील रहे डीएम-एसपी

होली एवं रमज़ान के द्वितीय शुक्रवार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा लोक व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भ्रमणशील रहकर स्थिति का जायज़ा लेते रहे तथा मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते रहे। डीएम व एसपी ने सुरक्षा बल के साथ घण्टाघर चौराहा, पीपल तिराहा से गुदड़ी, ट्रांसफार्मर चौराहा, काज़ीपुरा, बशीरगंज चौराहा, राम लीला मैदान, चांदपुरा चौराहा, छावनी चौराहा, अस्पताल चौराहा इत्यादि क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण कर स्थिति का जायज़ा लेते रहे।

**पुलिस करती रही गश्त:–** होली और जुमे को देखते हुए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए। चौक बाजार में स्थित मजार को तिरपाल से ढका गया और वहां पुलिस तैनात की गई। संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल लगातार गश्त कर रहा था प्रशासन की सुरक्षा से कोई अप्रिय घटना नहीं हुई।

**रंगों से सराबोर हुए पुलिसकर्मी:–** 13 और 14 मार्च को होली पर मुस्तैदी से ड्यूटी निभाने के बाद शनिवार को पुलिस कर्मियों ने जमकर धमाल मचाया। सुबह करीब आठ बजे से ही पुलिस लाइन में होली खेलने की तैयारियां शुरू हो गई थीं।रंगों और पानी की बौछार के बीच पुलिसकर्मियों ने होली के गीतों पर खूब डांस किया। पुलिस जवानों और अधिकारियों के परिवार के सदस्य भी इस रंगारंग होली उत्सव का हिस्सा बने और सभी रंगों में सराबोर हो गए। बहराइच में इस बार पुलिस की होली कुछ खास रही। एसपी रामनयन सिंह और अन्य अफसरों ने पहले पुलिस लाइन में होली खेली। अफसरों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और इस उल्लास से भरे त्योहार का पूरा आनंद उठाया।

**विशेश्वरगंज में शांतिपूर्वक संपन्न हुई होली और जुमे की नमाज:–** विशेश्वरगंज में होली और जुमे की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई, जिसका श्रेय प्रशासन की मुस्तैदी और स्थानीय लोगों के सहयोग को जाता है।प्रशासन ने गंगवल, बाजार, विशेश्वरगंज, पुरैना बाजार और अन्य संवेदनशील इलाकों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था लागू की। सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस और पीएसी बल तैनात रहे ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।त्योहारों से पहले प्रशासन ने धार्मिक नेताओं और सम्मानित व्यक्तियों के साथ बैठक कर सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने पर जोर दिया, जिसका सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। सामुदायिक सहयोग और सतर्कता के चलते दोनों पर्व शांति और सौहार्द के साथ मनाए गए।

## माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान आयोजित हुई विचार गोष्ठी



▸ छात्र-शिक्षक एवं अभिभावकों का बेहतर तालमेल है आवश्यक : मनोज

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जनपद माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में शनिवार मानस इंटर कॉलेज (भिनगा–श्रावस्ती मार्ग)में शिक्षक, प्रबंधक संघ शैक्षणिक उन्नयन विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने माध्यमिक शिक्षा को गुणवत्तापरक, रोजगारपरक व नैतिक शिक्षा पर विशेष बल देते हुए नवाचार पाठ्यक्रम के प्रति छात्र, शिक्षक एवं अभिभावकों का अभिरुचि आत्मसात करने हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने का संकल्प लिया। माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उप शिक्षा निदेशक मनोज कुमार अहिरवार ने कहा कि जनपद में माध्यमिक शैक्षणिक स्तर में व्यापक सुधार लाने के लिए छात्र शिक्षक एवं अभिभावकों का बेहतर तालमेल आवश्यक है ।समय समय पर पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों का अभिरुचि ब?ाने के लिए बेहतर प्रशिक्षण का भी होना आवश्यक है ताकि विद्यार्थी पाठ्यक्रम को आत्मसात कर सके। उन्होंने आवाहन किया कि विद्यार्थियों में शैक्षणिक सुधार व गुणवत्तापरक शिक्षण के लिए आवश्यक है कि समय समय पर खेल कूद, व्यायाम, स्कॉउट व विज्ञान क्षेत्र में भी कौशल वृद्धि के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन होता रहे। विशिष्ट अतिथि संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने कहा कि छात्र समाज का प्रतिबिंब होते हैं इसलिए आवश्यक है कि उन्हें बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान किया जाए ताकि उनके व्यक्तित्व व कृतत्व में प्रभावशाली निखार आ सके और वे समाज का नेतृत्व कर सके।

प्रबंधक महासंघ जिला अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने माध्यमिक स्तर तक कृषि शिक्षा को अनिवार्य किये जाने की आवश्यकता बताई तथा कृषि आधारित रोजगारपरक शिक्षा देने के लिए संगठन की ओर से जन जागरण अभियान चलाए जाने की बात कही ।कार्यक्रम का संचालन वित्तविहीन शिक्षक संघ अध्यक्ष रमेश कुमार मिश्र ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संगठन संरक्षक प्रधानाचार्य जगदंबा प्रसाद मिश्र ने बोर्ड परीक्षा बेहतर ढंग से संपन्न करवाने वाले शिक्षक प्राचार्यों को साधुवाद दिया । धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद उमेश चंद्र मिश्र ने दिया। आयोजित संगोष्ठी में प्रमुख रूप से माध्यमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, प्रधानाचार्य घनश्याम बाजपेई, डॉ जसवंत सिंह, प्रधानाचार्य अजीत कुमार वर्मा, प्रधानाचार्य बृजेन्द्र कुमार शर्मा, रामेश्वर पाण्डेय, बेचनलाल मौर्य, राम नरेश विश्वकर्मा, आशुतोष श्रीवास्तव, संगठन संरक्षक प्राचार्य आरडी वर्मा, प्राचार्य सभाराज सिंह, प्राचार्य मधु चौधरी, लक्ष्मण यादव, त्रियुगी नारायण पांडेय, सतीश प्रजापति, अनिल मिश्रा,प्रवक्ता डॉ पंकज श्रीवास्तव, वित्तविहीन शिक्षक महसभा कार्यकारी अध्यक्ष शिव पूजन सिंह समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जमकर बरसा रंग, रंगों में सराबोर रहे जनपदवासी



▸ चिता भस्म मसाने की होली रही आकर्षण का केन्द्र

बहराइच समृद्धि न्यूज।

जनपद में रंगोत्सव पर्व धूमधाम से हर्षोल्लास वातावरण में मनाया गया।होरियार रंगों को लेकर काफी उत्साहित दिखे।बृहस्पतिवार देर रात होलिका दहन के बाद रंग खेलने की परम्परा शुरू हो गई।चौक चौराहें होली गीतों से गुलजार रहे।होली की मस्ती में युवा गीतों पर थिरकते नजर आए।शहर के घण्टाघर, छावनी चौराहा,अग्रसेन तिराहा,हॉस्पिटल चौराहा,पानी टँकी, डीएम तिराहा,नगर पालिका चौराहा सहित अन्य क्षेत्रों में होरियार रंगों की मस्ती में डूबे प्रेम,सौहार्द की भक्ति में लीन रहे।शुक्रवार की सुबह होली के मुख्य पर्व के मद्देनजर घंटाघर पर बहराइच होली समिति के अध्यक्ष दीपक सोनी दाऊ जी,महामंत्री सुमित खन्ना व अन्य पदाधिकारी एक दूसरे को अबीर, गुलाल व रंग लगाकर होली की बधाई प्रेसित कर रहे थे।वहीं दूसरी ओर छावनी चौराहे व अग्रसेन तिराहे पर होरियारों की टीम मस्ती के मूड में होली गीतों पर थिरकते नजर आए।होलिकोत्सव को लेकर जिला प्रशासन की टीम शांति व्यवस्था के लिए चौक चौराहें पर मार्च करती दिखाई पड़ी।

सतरंगी पर्व को उल्लासपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए बहराइच होली समिति व जिला प्रशासन के समन्वय से कही भी किसी तरह की कोई घटना सामने नही आई।शुक्रवार का दिन होने के बाद भी दोनों समुदाय के लोगो ने आपसी सहमति से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार को मनाया।

होलिकोत्सव कार्यक्रम में दीपक प्रकाश सोनी दाऊ जी, सुमित कुमार खन्ना, कृष्ण गोपाल तायल, सुरेश गुप्ता,सुदामा मिश्रा, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, अद्वैत शैलवरांश, कन्हैया सोनी, विष्णु कुमार शर्मा, सुधाकर मिश्रा,उमा शंकर सोनी, राजेन्द्र कुमार उर्फ युवराज, मंदीप सिंह वालिया,योगेंद्र श्रीवास्तव, राजेन्द्र कुमार गुप्ता, अंकित सिंह, नितिन रूपानी, आनन्द कुमार कक्कू, अनुराग रस्तोगी, राहुल रॉय, देवेन्द्र कुमार मिश्रा, मनीष रस्तोगी, अमित टण्डन, मनोज मिर्ची इन लोगो की महती भूमिका रही।

### नर सिंह शोभायात्रा रही आकर्षण का केन्द्र

शुक्रवार की सुबह नगर के पंचायती मन्दिर छावनी चौराहे से नर सिंह शोभायात्रा की शुरुआत हुई ।शोभायात्रा में भगवान स्वरूप श्री राम जी व लक्ष्मण जी रंगों से सराबोर सभी पर गुलाल,अबीर व फूलों से होली खेलते हुए नगर भ्रमण कर रहे थे ।यह शोभायात्रा छावनी चौराहे से शुरू होकर घण्टाघर, पीपल तिराहे होते हुए चौक बाज़ार स्थित श्री हनुमानजी के मंदिर पर समाप्त हुई।

### होलिका दहन पर हुआ चिता भस्म मसान होली

बहराइच होली समिति के तत्वावधान में श्री महाकाल सेवक मण्डल द्वारा होलिका दहन के अवसर पर घण्टाघर प्रांगण में चिता भस्म मसाने की होली खेली गई ।भस्म मसाने की होली देखने के लिए दूर दराज से दर्शक शाम से घण्टाघर प्रांगण में जुटने लगे थे ।तीन चिताओं को सजाकर भोले शंकर के भक्तों ने जमकर मसाने की होली खेली ।पूरा प्रांगण अबीर,गुलाल से सराबोर था।

### घण्टाघर पर आयोजित हुआ होली मिलन कार्यक्रम

परम्परागत रूप से होली पर्व के मुख्य दिवस सांय में होली समिति द्वारा शहर की धड़कन कहे जाने वाले घण्टाघर पार्क में होली मिलन व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमें पूर्व सांसद अक्षयवर लाल गोंड,पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा,सदर विधायिका अनुपमा जायसवाल,पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी,भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय,निवर्तमान जिलाध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कन्हैया लाल रूपानी,विभाग प्रचारक कृष्ण कुमार जी,विभाग कार्यवाह भूपेन्द्र जी,जिला प्रचारक अजय जी,पयागपुर संयोजक निशंक त्रिपाठी, सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल,राघवेंद्र प्रताप सिंह मौजूद रहे ।होली समिति द्वारा सभी को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया ।तत्पश्चात समिति द्वारा बुरा न मानो होली है स्लोगन के तहत जनपद के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों,पत्रकारों, चिकित्सकों, व्यापारियों एवं होली समिति के पदाधिकारियों को उपाधियां भेंट की। उपाधियों का संचालन पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने किया ।उपाधि वितरण के बाद गीत,संगीत का कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा ।जबकि मंच का संचालन मंदीप सिंह वालिया ने किया।

### भजन-कीर्तन के प्रसाद का वितरण

शनिवार की सुबह त्रिमुहानी घाट स्थित श्री हनुमानजी के मन्दिर पर भजन, कीर्तन, प्रसाद वितरण के साथ होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान बहराइच होली समिति के पदाधिकारी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### होली समिति के पदाधिकारी चप्पे-चप्पे पर रहे तैनात

होलिकोत्सव पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण व व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए बहराइच होली समिति द्वारा पदाधिकारियों को क्षेत्रवार दायित्य सौंपे थे जो चप्पे चप्पे पर तैनात रहे।

# होली के रंग मे डूबा गाँव से लेकर शहर

- धूमधाम से मनाई गई होली, शहर से गांव तक बरसे रंग-गुलाल
- बच्चों व युवाओं ने बुजुर्गों के पैरों पर अबीर डाल कर लिया आशीर्वाद



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिले में शुक्रवार को रंगों का त्योहार होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। फाल्गुन माह की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस त्योहार पर शहर, नुक्कड़ और गली में 'बुरा न मानो होली है' की गूंज सुनाई देती रही। सभी लोग टोलियां बनाकर सड़कों पर रंग लेकर एक दूसरे को रंगते नजर आते हैं। इसके साथ ही ढोल की धुनों और तेज संगीत पर नाचते लोग अपने तरीके से ही होली का जश्न मनाते नजर आए। होली पर क्या बच्चे और जवान सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। भाईचारे के प्रतीक होली पर गिले-शिकवे भूलाकर लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। कहीं लोग मीठे पकवानों का आनंद उठा रहे थे, तो कहीं पर पानी की बौछारें सर्दी जाने और गर्मी के आने का संकेत दे रही थीं।

### होलिका के राख से एक-दूसरे को लगाया तिलक

होली की पूर्व संध्या गुरुवार को शहर समेत ग्रामीण लोगों ने होलिका दहन के समय लकड़ियों से बनाई गई होलिका के आस पास इकट्ठा हुए। देर शाम होलिका की आग में गेहूं व चने की बाले भूनकर खाया। ग्रामीण इलाकों में युवक अपने-अपने गांव की सीमा के बाहर मशाल जलाकर रास्ता रोशन किया। मान्यता है कि ऐसा करने से वे अपने गांव से दुर्भाग्य और संकटों को दूर भगाते हैं। होलिका के जलते ही ग्रामीण इलाकों में लोक-पारंपरिक गीतों के साथ गांव बुजुर्गों ने ताल ठोकी। एक से बढकर एक लोकधुनों के साथ होली के गीत गाए गए। उसके बाद होलिका की राख से एक-दूसरे को तिलक लगाया और बधाई दी।

### ढोल व मजीरे की थाप पर झूमते हुए मनाई होली

रंगों का पर्व होली पर सुबह से ही ढोल मजीरे की थाप पर फाग गाते हुए युवाओं की टोली क्षेत्र में भ्रमण पर निकल गई। मित्रों व चाहने वालों को रंग में सराबोर कर सभी ने खूब लुत्फ उठाया। होली पर बच्चों सहित बुजुर्गों का उल्लास देखते ही बन रहा था। नीला पीला हरा गुलाबी कच्चा पक्का रंग से रंगे नागरिक गले मिलकर एक दूसरे को बधाईयां दीं। रंगों के इस अनूठे पर्व को मनाने में महिलाएं व बच्चियां भी पीछे नहीं दिखीं। महिलाएं भी ग्रुप बनाकर होली खेलीं। कई मोहल्लों में तो उत्साही युवाओं की टोलियां द्वारा डीजे की धुन पर थिरकते हुए होली मनाई गई। लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ ही इस त्योहार पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर मनाई। सुबह से देर शाम तक लोग होली के रंगों में रंगे रहे। और होली खेले रघुवीरा अवध में होली खेले रघुवीरा... पारंपरिक गीत की आवाज गूंजती रही। उत्साह उमंग के त्योहार के मौके पर पूरा जिला डूबा रहा।

## आम के पेड़ से लटकता मिला महिला का शव

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में 52 वर्षीय महिला का आम के पेड़ से लटका मिला शव महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के ईशागंज नहर के पास श्यामलाल तिवारी की बाग में आम के पेड़ पर महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया ।वहीं जैसे ही सूचना पुलिस को मिली मौके पर फॉरेंसिक टीम और पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी बताते हैं कि महाकुंभ में महिला के सिर में चोट लग गई थी जिसका इलाज चल रहा था मध्य रात्रि में ससुराल से बिना बताए घर से निकली महिला महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के ईसागंज व महापत गंज गांव के मध्य नहर पटरी के पास उसका शव आम के पेड़ से लटकता हुआ मिला मृतक कुसमा पत्नी महेश सिंह उम्र 52 वर्ष निवासी गढ़ी महराजगंज । ग्रामीण जब सुबह नित्य क्रिया करने के लिए निकले तो देखा की एक शव आम के पेड़ से लटका हुआ है ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## शिव मंदिर में तोड़-फोड़, शिवलिंग खंडित व त्रिशूल गायब

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मिल एरिया के एक गांव में अराजक तत्वों ने शिव मंदिर में तोड़ फोड़ की। अराजक तत्वों ने मंदिर के शिवलिंग व त्रिशूल को उखाड़ दिया। परिसर के पास शराब की बोतल भी बरामद हुई है। सुबह जानकारी होते ही गांव में अफरा तफरी मच गई। बड़ी संख्या में लोग मौके पर एकत्रित हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। घटना को लेकर लोगों में रोष है।

जानकारी के मुताबिक उफरामऊ गांव निवासी मनीष शुक्ल के दरवाजे के सामने शिव मंदिर बना हुआ है। शुक्रवार की रात अराजक तत्व मंदिर में घुस गए और शिव लिंग को तोड़ दिया। साथ ही मंदिर में लगा त्रिशूल भी उखाड़ ले गए। शनिवार की सुबह मनीष जब मंदिर में पूजा अर्चना के लिए पहुंचे तो मंदिर की दशा देख उनके होश उड़ गए।

### शिव भक्तों में आक्रोश



देखते ही बड़ी संख्या में शिव भक्त मंदिर में एकत्रित हो गए। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों को मंदिर के पास ही शराब की आधी भरी बोतल, अबीर का पैकेट पड़ा मिला। घटना को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस प्रकार का कुकृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह कुकृत्य क्षेत्र के शिवभक्तों की आस्था पर चोट है। ग्रामीणों ने मांग की कि जल्द से जल्द दोषी के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। थानाध्यक्ष राजीव सिंह का कहना है कि मामले की जानकारी मिली है। जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।

# सादुल्लानगर में धूमधाम से मनाया गया होली पर्व





**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

शांति पूर्ण रूप से मनाए गए होली पर्व अबीर गुलाल उड़ाकर कर एक दूसरे को मिठाई व गुजिया खिलाकर धूमधाम से मनाया गया।

स्थानीय क्षेत्र के सरायखास, छितलूपुर घासीपोखरा, अचलपुर चौधरी, मददौघाट, रामपुर अरना, सादुल्लानगर, गूमाफातिमा जोत, कमरपुर आदि क्षेत्रों में इस वर्ष होली का त्योहार 14 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

होली से एक दिन पहले, 13 मार्च को, परंपरागत रूप से होलिका दहन सिद्धेश्वर नाथ मंदिर चौराहा पर किया गया। जो बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। 14 मार्च को, स्थानीय निवासियों ने रंगों और गुलाल के साथ एक-दूसरे को रंगकर होली का आनंद लिया। संगीत, नृत्य और पारंपरिक व्यंजनों ने त्योहार की रौनक को और बढ़ाया।डीजे के धुन पर युवा खूब थिरके, रंग बरसे भीगे चुनरवाली आदि पारंपरिक गीत युवाओं का मन मोह लिया।

सादुल्लानगर के प्रमुख स्थानों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों और बड़ों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सादुल्लानगर में होली का यह पर्व सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बनकर मनाया गया।

इस अवसर पर रमेश चंद्र तिवारी, विष्णु गुप्ता, जग प्रसाद गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, राम बहोर वर्मा, रमेश जायसवाल, अशोक जायसवाल, राजू सोनी, हनुमान शुक्ल, गुलाब गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, राजू गुप्ता, मथुरा प्रसाद, लालता प्रसाद, कृष्णा सोनी व पंकज समेत सुरक्षा की दृष्टि से तहसीलदार उतरौला सत्य पाल प्रजापति व थाना प्रभारी सादुल्लानगर मनोज कुमार सिंह अपनी टीम के साथ मुश्तैद रहे।



## समाजसेवी विनोद यादव ने सैकड़ो बच्चों को बांटा उपहार

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** समाजसेवी विनोद यादव ने होली के पर्व पर अपनी ग्राम सभा कुशढी सागरपुर के सैकड़ो बच्चों को पिचकारी पेन बैक बांटकर उनकी होली में शरीक हुए और बच्चे भी पिचकारी पेन बैग पाकर काफी प्रसन्न नजर आए समाजसेवी विनोद यादव समय-समय पर इस तरह के कार्य करें करते रहते हैं। इस मौके पर रामसनेही यादव रंग बहादुर सिंह अरविंद मौर्या अनुज पहलवान शीतलदीन पासी सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# एसडीएम व सीओ की निगरानी में खेली गई होली



**बछरावा रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

**अदा कराई गई नमाज**

होली का रंग एवं रमजान की नमाज पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में सकुशल संपन्न कराया गया। भारी संख्या में पीएसी व पुलिस के अधिकारी मौजूद भी रहे। विदित हो कि 14 मार्च शुक्रवार दोपहर 2:00 बजे थाना क्षेत्र के थुलेंडी गांव में होली और रमजान का त्यौहार एक साथ होने पर प्रशासन की कड़ी पहरेदारी के बीच दोनों त्योहार धूमधाम से मनाए गए। थाना क्षेत्र के अंतर्गत अति संवेदनशील ग्राम सभा होने के चलते पुलिस प्रशासन की प्रत्येक वर्ष कड़ी व्यवस्था रहती है। उसी क्रम में आज होली का त्यौहार और जुम्मे की नमाज के दौरान उप जिलाधिकारी महाराजगंज सचिन यादव, तहसीलदार महाराजगंज मंजुला मिश्रा, क्षेत्राधिकारी महाराजगंज यादुवेंद्र पाल व आसपास के कई थानों के थाना अध्यक्ष एवं पीएसी बल भारी संख्या में मौजूद रहा। रंगों की मस्ती के बीच लोग फगुआ गीत पर झूमते हुए नजर आए। वही नमाज पढ़ने वाले लोग भी अपने रास्ते आते जाते नजर आए तथा एक दूसरे से गले मिलते भी नजर आए।

# परंपरागत तरीके से निकला होली जुलूस, उमड़ा जनसैलाब



**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

उतरौला बाजार सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक होली गीतों की धुन पर थिरकते युवा, अबीर-गुलाल उड़ाते लोग, और रंगों से सराबोर सड़कों ने पर्व की भव्यता को दर्शाया। नगर के प्रमुख मार्गों पर जगह-जगह होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ, जहां लोगों ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी।

दोपहर बाद नगर में परंपरागत होली जुलूस निकाला गया, जिसकी शुरुआत श्री दुखहरण नाथ मंदिर से हुई। जुलूस गोंडा मोड़, पिपलेश्वर मंदिर, ज्वाला महारानी मंदिर, जामा मस्जिद होते हुए डाकखाने के सामने समाप्त हुआ। जुलूस के दौरान डीजे की धुनों पर थिरकते युवा, हवा में उड़ते रंग और गुलाल, तथा ढोल-नगाड़ों की गूंज ने माहौल को सराबोर कर दिया। नगरवासियों ने एक-दूसरे पर रंग डालते हुए जमकर होली का आनंद लिया। जुलूस में शामिल लोग पारंपरिक लोकगीत गाते और ढोल की थाप पर नृत्य करते नजर आए।

नगर में जगह-जगह ठंडाई वितरण केंद्र स्थापित किए गए, जहां गर्मी से राहत पाने के लिए लोगों ने ठंडाई और शरबत का भरपूर आनंद लिया। हर गली और चौक-चौराहे पर लोगों का समूह इकट्ठा होकर होली के गीत गा रहा था। शाम होते ही नगरवासी नहा-धोकर परिजनों और मित्रों के साथ एक-दूसरे के घर जाकर होली मिलन समारोह में शामिल हुए। हर घर में गुजिया, मालपुआ, दहीबड़े और अन्य पारंपरिक व्यंजनों से मेहमानों का स्वागत किया गया। होली जुलूस के शांतिपूर्ण संपन्न होने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। नगर के प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया, जिससे कहीं भी कोई अप्रिय घटना न हो। जुलूस में विधायक राम प्रताप वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता, देवानंद गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता, आशीष कसौधन, राम प्रकाश गुप्ता, रूपेश कुमार गुप्ता, आलोक गुप्ता, संजू कसौधन, संतोष कसौधन, राकेश खुराना, दीपक चौधरी, रोहित राज, प्रह्लाद सोनी, शरणजीत सैनी सहित नगर के कई गणमान्य लोग शामिल रहे। इस बार होली के जश्न में डाक बंगला के पास बनाया गया एक आर्टिफिशियल स्विमिंग पूल आकर्षण का केंद्र बना। नगरवासियों मयंक पाण्डेय, रवि, प्रशस्त श्रीवास्तव, दुर्गेश गुप्ता, राजन पाण्डेय, किसन गुप्ता, विशाल पटवा, देवानंद सोनी, अंशू डिडवानिया, रवि पांडेय, बबलू अग्रवाल, विनोद गिरी बाबा, राहुल सोनी, आकाश गुप्ता, आशीष पांडेय, प्रिंस श्रीवास्तव, प्रथम श्रीवास्तव और पवन गुप्ता ने इस अनूठी पहल को साकार किया।

रंग-बिरंगे पानी से भरे इस स्विमिंग पूल में युवाओं और बच्चों ने जमकर मस्ती की। चारों तरफ रंगों के छींटे उड़ाते हुए लोगों ने होली का भरपूर आनंद उठाया।

नगर में होली का यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता हुआ संपन्न हुआ। सभी ने मिलकर खुशियों और रंगों के इस त्योहार को उल्लास के साथ मनाया।

# हनुमानगढ़ी चौराहे पर होली मिलन समारोह ने सौहार्द का दिया संदेश



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

तुलसीपुर के हनुमानगढ़ी चौराहे पर होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, ब्लॉक प्रभु प्रमुख प्रतिनिधि प्रवीण सिंह विक्की ने कार्यक्रम मे पहुँचकर लोगों का अभिवादन स्वीकार कर आए हुए समाज के विशिष्ठ लोगों से गले मिलकर होली की बधाई दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने लोगों से कहा कि होली सौहार्द का त्यौहार है। जिसमें हम एक दूसरे कमियों को भूलकर गले लगाते है। प्रवीण सिंह विक्की ने कहा कि अपने मन एक दूसरे के प्रति प्यार कि भावना रखते हुए एक दूसरे के सुख दुःख मे हमेशा खड़े रहकर एक दूसरे को सहयोग की भावना ही होली हमें सिखाती है। कार्यक्रम में कसौधन समाज के लोगों ने क्षेत्रीय विधायक कैलाश नाथ शुक्ला से कसौधन समाज के लोगों का अपने जिले मे पिछड़ी जाति के प्रमाण पत्र ना बनाएं जाने को लेकर ध्यान उत्कृष्ट कराया जिस पर उन्होंने कहा कि मै इस पर अधिकारियो से बात कर पिछडी जाति प्रमाण पत्र ना बनाएं जाने वाले व्यवधानो को देखता हूँ तथा उसे दूर करता हूँ। कार्यक्रम में प्रभाकर कसौधन, दिलीप गुप्ता, राधेश्याम कसौधन, विशुन देव गुप्ता, अमित कसौधन, विजय कसौधन, मनोज कसौधन जोगी मोदनवाल, राजीव गोयल, बंटी गोयल,चरन स्वरूप शर्मा, अवन आर्य,संतोष कुमार गुप्ता ( राजू गुप्ता ), श्याम सुंदर कसौधन, श्याम बिहारी अग्रहरि, ओम प्रकाश चौरसिया, प्रदीप अग्रहरि, अभय देव आर्य, कमल देव आर्य, प्रभाकर कसौधन,नीरज गुप्ता, अनूप गुप्ता, अवधेश कसौधन, संदीप कसौधन, अखिलेश आर्य, विशाल गुप्ता, विजय कुमार गुप्ता, शोभित कसौधन, आलोक कसौधन, जय ओम कसौधन, उपस्थित थे।

# सपा नेता हसीब खान ने रोजेदारों को रमजान किट का किया वितरण




**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के नेता हसीब खान ने रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर रोजेदारों के बीच

सादुल्लानगर मुबारकमोड़ चौराहा स्थित अलहम्द आई सेंटर पर व ओबरीडीह में रमजान किट का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को सहयोग प्रदान करना है। ताकि वे इफ्तार और सहरी के समय आसानी से भोजन तैयार कर सकें।

इस दौरान हसीब खान ने कहा कि रमजान का महीना त्याग, सहानुभूति और सेवा का महीना है। हमारा प्रयास है कि कोई भी रोजेदार भूखा न सोए। इस किट में जरूरी खाद्य सामग्री, खजूर, फल, और अन्य आवश्यक वस्तुएं शामिल हैं, जो रोजेदारों के लिए मददगार साबित होंगी। इस वितरण कार्यक्रम में स्थानीय समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।हसीब खान ने सभी से अपील की कि वे जरूरतमंदों की मदद करें और समाज में भाईचारे और सौहार्द का माहौल बनाए रखें। रमजान किट प्राप्त करने वाले लाभार्थियों ने हबीब खान और समाजवादी पार्टी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस पहल से उन्हें काफी राहत मिली है। इस अवसर पर सिराज रंगरेज़, इब्राहिम रंगरेज, अब्दुल रहमान, जुनैद अहमद, दानिश रंगरेज, असगर चौधरी, मोहम्मद यूसुफ, मौलाना अहद, महबूलहक, मोतीन अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

## श्रद्धाभाव से मना गौर पूर्णिमा महोत्सव



- पॉच कुंतल फूलों से खेली गई होली

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में पक्का तालाव स्थित सत्संग स्थल पर गौर पूर्णिमा महामहोत्सव श्रद्धाभाव के साथ उल्लासमय वातावरण में मनाया गया। प्राकट्य दिवस पर चैतन्य महाप्रभु का महाभिषेक किया गया और भक्तों के द्वारा हरिनाम संकीर्तन के बीच जमकर पॉच कुंतल फूलों की होली खेली गई। पक्का तालाव के किनारे साक्षात व्रजधाम सा नजारा दिखाई दिया । बधाई व होली गीतों पर भी श्रद्धालु जमकर झूमें।

फागुन मास की पूर्णिमा पर चैतन्य महाप्रभु का प्राकट्य हुआ था इसीलिए इसे गौर पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। सबसे पहले पंडित मनुपुत्र दास ने पंचामृत, फलों के रस नारियल पानी व दिव्य औषधियो से विधि विधान के साथ चैतन्य महाप्रभु का महाभिषेक किया इसके बाद भगवान का आकर्षक श्रंगार किया गया।

भगवान के प्राकट्य उत्सव को लेकर कार्यक्रम स्थल को फूलों व गुब्बारों से सजाया गया था। भक्तों के द्वारा विभिन्न वाद्य यंत्रों के बीच जमकर हरि नाम संकीर्तन किया। इस संकीर्तन में श्रद्धालु झूमते रहे। इसके साथ ही भजन कीर्तन के साथ होली गीत भी भक्तों के द्वारा प्रस्तुत किए गए। भक्तों ने भगवान चैतन्य महाप्रभु के साथ जमकर फूलों व गुलाल की होली भी खेली। वाद में श्रद्धालुओं ने एक दूसरे को अवीर गुलाल लगाकर जमकर फूल बरसाए।


# होली पर्व व जुमे की नमाज शांति पूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

होली पर्व और जुमे की नमाज विभिन्न क्षेत्रों में शांति पूर्ण तरीके से सकुशल सम्पन्न हुआ। दोनों त्यौहार एक साथ होने को लेकर अपने पर्व को सौहार्दपूर्ण तरीके से लोगों ने मनाया। दोनों त्यौहार एक साथ पड़ने से सर्किल की पुलिस अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सतर्क रही किसी भी क्षेत्र में किसी प्रकार की अप्रिय घटनाएं नहीं हुई बड़ी बुद्धिमानी से दोनों सम्प्रदाय के लोगों ने शान्ति का परिचय दिया और अपने त्यौहार को परम्परागत तरीके से सकुशल सम्पन्न किया।

एक साथ जुर्म की नमाज अदा करने और होली पर्व पड़ने से सर्किल की पुलिस योजनाबद्ध तरीके से दोनों सम्प्रदायों से सीधा संवाद कर सकुशल सम्पन्न कराने का सहयोग मांगा और क्षेत्र के लोगों ने दोनों धर्मों का आदर करते हुए अपने अपने त्यौहार को बड़े ही प्यार दुलार और हंसी खुशी से मनाया। होली पर्व को लेकर लोगों ने नाचते गाते एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाते गले से गले मिलकर होली की शुभकामनाए दी।यह कार्यक्रम देर शाम तक चला। इसी क्रम में धानी वृजमनगंज पुरन्दरपुर भैया फरेंदा कोल्हुई व बहादुरी सहित अन्य क्षेत्रों में दोनों त्यौहार सकुशल पूर्वक सम्पन्न हुआ।

### सड़क दुघर्टना में तीन नशेड़ी घायल




**फरेन्दा-(महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव के तीन नशेड़ियों ने शराब के शबाब पर मस्ती से झुमते हुए सड़क दुघर्टना के शिकार हो परिवार को सासत में डाला दिया। बताया जाता है कि वृजमनगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम ननडिहवा निवासी मंगरू, जवाहिर और ओंकार धानी बाजार में शराब का शबाब जमकर उठाया और अपनी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल पर झुमते हुए जैसे ही धानी -नौगढ -फरेदा मार्ग पर स्थित अहिरौली गांव के लगभग पहुंचे कि तीनों नशेड़ियों ने अपना संतुलन खो दिया और मोटरसाइकिल लेकर एक गहरे खाई में चलें गये जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए ?।मगरु? और जवाहिर को गंभीर चोटें आई जिससे बेहोश हो गए ।वही ओकर को हल्की फुल्की चोद आई??। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी पहुंचया। प्राथमिक उपचार के पश्चात हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर को रेफर कर दिया। समाचार लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं हुई थी।

## असंतोष की राह पर बलूचिस्तान

पड़ोसी देश पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूचियों का असंतोष चरम पर है। यह असंतोष बलूचिस्तान के भीतर कोई रातों-रात नहीं बने हैं, इस विद्रोह का बारूद 1947 से पैदा है। बलूचिस्तान मानता है कि पाकिस्तान बनने के दौरान जिन्ना की हुकूमत ने उसके साथ धोखा कर बलूचिस्तान पर कब्जा कर रखा है। तब से यहां के लोग पाकिस्तान सरकार से अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रहे हैं, वह पाकिस्तान से अलग होना चाहते हैं। उनके संघर्ष का असल कारण बलूचिस्तान की उपेक्षा और राजनीतिक बहिष्कार है। नतीजा, बलूच समुदाय पाकिस्तान सरकार को घुटने टेकने के लिए समय समय पर घातक कार्रवाई करता रहता है। पिछले मंगलवार को बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी द्वारा 400 से ज्यादा यात्रियों से भरी जाफर एक्सप्रेस ट्रेन पर हथियार के बल पर कब्जा किया जाना भी उसी कड़ी का हिस्सा है। दर्शल पाकिस्तान सरकार की मनमानी हरकतों की वजह से बलूचिस्तान में लंबे समय से जारी असंतोष, आर्थिक और राजनीतिक कारणों से उग्र होता जा रहा है। जिसके चलते पाकिस्तान सरकार और बलोची अलगाववादियों के बीच संघर्ष समय समय पर जारी है। बलोच जनता अपनी सांस्कृतिक, स्वायत्तता और अधिक अधिकारों की मांग कर रही है। बलूच समुदाय में असंतोष के कई कारण है, किंतु सबसे अहम कारण आर्थिक उपेक्षा है, जो प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होने के बावजूद पाकिस्तान का अब तक सबसे पिछड़ा क्षेत्र बना हुआ है और बलूचिस्तान का सिर्फ दोहन किया जा रहा है, विकास और रोजगार का कोई ध्यान नहीं दिया। पाकिस्तान सरकार पर उनकी आवाज को नहीं सुन रही है। उनके संसाधनों को दूसरे क्षेत्र के लोगों द्वारा विशेष कर चीन के साथ आर्थिक गलियारे के के निर्माण के कारण दोहन किया जा रहा है। आजादी के बाद से यहां पाकिस्तान सरकार की तरफ से सिर्फ दमनकारी नीति अपनाई जाती रही है। पाकिस्तानी सेना बलूचों पर दमनकारी अत्याचार,जबरन गायब करने और हत्याएं करने में उतारू रहती है। इसी कारण बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और बलूचिस्तान लिबरेशन फ्रंट जैसे बलोच लोगों का समूह बलूचिस्तान की स्वतंत्रता की मांग करते हुए संघर्ष में लगे हुए हैं। विरोध प्रदर्शनों के कारण सुरक्षा बलों के साथ संघर्ष हुए। इसी संघर्ष का नतीजा है कि बलूच लोगों का सब्र का पैमाना समय समय पर छलक जाता है और कुछ बड़ी घटना को अंजाम दे देते हैं। विरोध प्रदर्शनों के दौरान सुरक्षा बलों के साथ झड़प हुए,परिणाम स्वरूप मौतें हुई।

# जीडीपी की अंधी दौड़ से बढ़ेगा प्रदूषण

**डॉ. सुदर्शन अयंगर**

12 मार्च को एक राष्ट्रीय समाचारपत्र के अहमदाबाद संस्करण में एक शीर्षक ने ध्यान आकर्षित किया, क्या उपभोग की गरमाहट खपत को ठंडा कर सकती है? विडंबना यह है कि 1930 में 12 मार्च के ही दिन गांधीजी और उनके चुने हुए 79 सत्याग्रहियों ने नमक कानून तोड़ने के लिए सुबह 6 बजे साबरमती आश्रम छोड़ दिया था। यही था सुप्रसिद्ध दांडी मार्च। प्रामाणिक दस्तावेजों में उस ऐतिहासिक दिन के विवरण में असामान्य गर्मी या तापमान में वृद्धि का उल्लेख नहीं किया गया था। 95 साल में मौसम विभाग ने रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

अहमदाबाद में 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान के साथ भीषण गर्मी पड़ रही है। उस जमाने में तब शायद ही कोई मध्यवर्गीय अपने घर में पंखा लगे होने का दावा कर सकता था। होली के त्यौहार के समय सुबह ठंडी होती थी और दोपहर में तापमान 35 डिग्री से ऊपर नहीं जाता था। 22 दिसंबर, 1916 को गांधीजी ने इलाहाबाद में अर्थशास्त्रियों के समक्ष व्याख्यान दिया था जिसका शीर्षक था श्क्या आर्थिक प्रगति वास्तविक प्रगति से टकराती है? 12 मार्च को प्रकाशित इस समाचार में यह प्रश्न पुनः उठाया गया है। समाचार रिपोर्ट में कहा गया है- आधिकारिक मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि इस साल अधिक तीव्र गर्मी पड़ेगी। इस चेतावनी में भी उम्मीद की एक परत है क्योंकि तापमान सामान्य से अधिक होता है इसलिए एयर कंडीशनर, कूलर और शीत पेय पदार्थ जैसे उत्पादों की बिक्री में विशेष रूप से मजबूती देखी जाती है। यह मजबूती भारत की शहरी खपत में चल रही मंदी के बीच उपभोक्ता आधारित कंपनियों के लिए राहत प्रदान करता है। इस संदर्भ में गांधीजी ने अपने व्याख्यान में कहा था-पश्चिमी देश आज भौतिकवाद के राक्षस-देवता की एड़ी के नीचे कराह रहे हैं। उनका नैतिक विकास अवरुद्ध हो गया है। वे अपनी प्रगति को पाउंड में मापते हैं।

साउथ डकोटा अमेरिकी धन मानक बन गया है। वह अन्य राष्ट्रों के लिए ईर्ष्या का विषय है। मैंने अपने कई देशवासियों को यह कहते सुना है कि हम अमेरिकी धन हासिल करेंगे लेकिन इसके तरीकों से बचें। मैं यह सुझाव देने का साहस करता हूं कि यदि ऐसा प्रयास करते हैं तो और यदि यह किया गया था, तो यह विफलता का पूर्वाभास है। (कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गांधी, खंड 13, पृष्ठ 310-17) कयामत के दिन के बारे में गांधीजी द्वारा की गयी भविष्यवाणी भले ही सच साबित न हुई हो लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन तेजी से महसूस किया जा रहा है। उपर्युक्त समाचार में मुद्दा यह है कि प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत के




**साउथ डकोटा अमेरिकी धन मानक बन गया है। वह अन्य राष्ट्रों के लिए ईर्ष्या का विषय है। मैंने अपने कई देशवासियों को यह कहते सुना है कि हम अमेरिकी धन हासिल करेंगे लेकिन इसके तरीकों से बचें। मैं यह सुझाव देने का साहस करता हूं कि यदि ऐसा प्रयास करते हैं तो और यदि यह किया गया था, तो यह विफलता का पूर्वाभास है। (कलेक्टेड वर्क्स ऑफमहात्मा गांधी, खंड 13, पृष्ठ 310-17) कयामत के दिन के बारे में गांधीजी द्वारा की गयी भविष्यवाणी भले ही सच साबित न हुई हो लेकिन प्रतिकूल जलवायु परिवर्तन तेजी से महसूस किया जा रहा है। उपर्युक्त समाचार में मुद्दा यह है कि प्रतिकूल जलवायु की स्थिति में भारत के सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने की क्षमता है! कोई यह तर्क दे सकता है कि गर्मियों के महीनों (मार्च-जुलाई) में आम तौर पर कुछ उपभोक्ता सामग्रियों, जैसे कोल्ड ड्रिंक, टैल्कम पाउडर, आइसक्रीम आदि की मांग में वृद्धि होती है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेगमेंट ने बिक्री में 40 से 60 फीसदी के बीच अधिक वृद्धि दिखाई है।**

सकल घरेलू उत्पाद को बढ़ाने की क्षमता है! कोई यह तर्क दे सकता है कि गर्मियों के महीनों (मार्च-जुलाई) में आम तौर पर कुछ उपभोक्ता सामग्रियों, जैसे कोल्ड ड्रिंक, टैल्कम पाउडर, आइसक्रीम आदि की मांग में वृद्धि होती है। हालांकि, पिछले तीन दशकों में फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेगमेंट ने बिक्री में 40 से 60 फीसदी के बीच अधिक वृद्धि दिखाई है। तर्क यह है कि गर्मी में लू की घटनाएं जितनी अधिक होती हैं तथा दिन व रात का तापमान जितना अधिक होता है, कूलर और एयर कंडीशनर जैसे शीतलता प्रदान करने वाले उपकरणों की बिक्री उतनी ही अधिक होती है। यदि सर्दियों में शीत लहर चली तो भी इसी तरह के तर्क दिए जाएंगे। उस समय हीटिंग उपकरणों, गर्म कपड़ों और विशेष खाद्य व पेय पदार्थों के अधिक बाजार होंगे। क्या यह एक चक्र नहीं है? और क्या हम इसमें फंस नहीं गए हैं? यह सब ऊर्जा उपयोग में भारी वृद्धि का कारण बनेगा जिनमें से अधिकांश जीवाश्म ईंधन आधारित है। कार्बन और अन्य ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में वृद्धि होगी।

यह कम कार्बन वाली वस्तुओं और सेवाओं का उत्पादन करने के लिए प्रौद्योगिकी और मशीनों में अधिक सार्वजनिक और निजी निवेश को आकर्षित करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व सुपर ऑटोमेशन कम लागत और प्रतिस्पर्धी होने के लिए काम पर कम लोगों को सहन करेंगे। बेरोजगारों के कल्याण के लिए राज्यों को कल्याणकारी कार्यक्रम और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने वाली खैराती योजनाएं लागू करनी होंगी।

खतरनाक रूप से उच्च वायु प्रदूषण के स्तर में वाले शहरों की सूची में अधिक कस्बों और शहरों को जोड़ा जाएगा। प्रदूषण घटाने के प्रयास वस्तुओं व सेवाओं के उत्पादन को और बढ़ाएंगे जो सकल घरेलू उत्पाद में जोड़ देंगे। अधिक संपन्नता के कारण सड़कों पर जीवाश्म ईंधन से चलने वाले मोटर चालित वाहनों की मांग बढ़ेगी। गतिहीन जीवन मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय और कार्डियो-श्वसन समस्याओं जैसी जीवनशैली की बीमारियों को जन्म देगा।

सामान्य और सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के साथ-साथ अधिक पेशेवर व्यायामशालाएं तथा अधिक प्रशिक्षक सामने आएंगे। मोटी फीस लेने वाले विश्वविद्यालयों में इन समस्याओं से निपटने के लिए अधिक तकनीकी और विशेष शैक्षिक पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। ऐसा मालूम होता है या इससे यह संदेश मिल रहा है कि निरंतर जलवायु परिवर्तन में ही जीडीपी वृद्धि की संभावना निहित है।

## जलवायु परिवर्तन से हो रहा मौसम में बदलाव

जलवायु परिवर्तन से मौसम में लगातार हो रहे बदलाव से बारिश और बर्फबारी का चक्र भी प्रभावित हो रहा है, जिससे भूस्खलन, भूधंसाव और हिमस्लखन की घटनाएं बढ़ रही है। समय पर बारिश और बर्फबारी नहीं होने से प्रकृति और पर्यावरण व्यापक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। सही समय पर पर्याप्त बर्फबारी नहीं होने से ग्लेशियरों में बर्फ की नई सतह नहीं बन रही है, जिससे ग्लेशियर नदियों के स्राव में कमी आ रही है।

पिछले एक दशक में मौसम में व्यापक परिवर्तन हुआ है। जाड़ों के दिनों में तापमान में वृद्धि हो रही है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिसंबर व जनवरी में दोपहर को केदारनाथ जैसे ऊंचाई वाले क्षेत्र में तापमान 12 से 16 डिग्री सेल्सियश तक दर्ज किया जा रहा है। यही नहीं, बीते दो-तीन वर्षों में देखने में आया कि यहां जनवरी में दोपहर का तापमान 20 डिग्री तक पहुंचा है। यही स्थित तृतीय केदार तुंगनाथ क्षेत्र में भी देखने को मिली है, जहां तापमान में वृद्धि दर्ज की गई। साथ ही हिमालय क्षेत्र में भी बर्फबारी का क्षेत्र घट रहा है। हिमालय क्षेत्र में शीतकाल में नामात्र बर्फबारी हो रही है, जो किसी भी स्तर पर प्रकृति के लिए शुभ नहीं है। बीते तीन वर्षों में देखें तो बरसात के बाद शीतकाल में नवंबर से जनवरी तक नियमित बारिश और बर्फबारी नहीं हुई हैं।

बीते वर्ष नवंबर से इस वर्ष जनवरी तक भी केदारनाथ, मद्महेश्वर और तुंगनाथ बर्फविहीन रहे। मौसम में हो रहे इस परिवर्तन से ग्लेशियरों को समय पर नहीं बर्फ नहीं मिल पा रही है, जिससे वहां बर्फ की नई सतह तैयार नहीं हो पा रही है। फरवरी-मार्च में अनियमित बर्फबारी हो रही है, जो हिमस्लखन का कारण बन रही है। चोराबाड़ी ग्लेशियर के ऊपरी क्षेत्र में वर्ष 2022 से 2024 के बीच हिमस्खलन की छह से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। वैज्ञानिकों ने के अनुसार, यह सामान्य घटनाएं थी, पर केदारनाथ तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी है। वाडिया इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन जियोलॉजी संस्थान, देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. मनीष मेहता बताते हैं कि यह शोध से भी स्पष्ट हो चुका है कि एक दशक पूर्व तक दिसंबर व जनवरी के माह होने गिरने वाली बर्फ शुष्क होती थी, जिस कारण बर्फबारी के दौरानरी हिमस्खलन कम से कम होता था। साथ ही समय बढ़ने पर इस बर्फ का घनत्व अधिक होने से यहा जमा रहती थी और बर्फ हिमनद के ऊपर एक आवरण के तौर पर बनी रहती है, जिससे ग्लेशियर का पिघलने की गति न्यून रहती थी। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों से मौसम में व्यापक परिवर्तन हुआ है, जिसका असर प्रत्यक्ष दिख रहा है।

**विचार**

# होली : धर्मनिरपेक्षता की अग्नि परीक्षा

हर्षोल्लास का पर्व होली हमेशा से भारतवासियों को आह्लादित करता रहा है। बेशक, यह देश की बहुसंख्यक आबादी यानी हिन्दुओं का त्यौहार हो लेकिन थोड़े-बहुत परहेज और एहतियात के साथ सभी सम्प्रदायों के लोग इसकी खुशियों में शामिल होते हैं। विशेषकर, मुस्लिमों की बात करें तो उन्हें उनकी मस्जिदों पर रंग लगने से आपत्ति रही है या फिर इसलिये कि वे जब नमाज पढ़ने जायें तो उनके अपने धार्मिक नियमों के मुताबिक उन्हें पाक-साफ होकर जाना होता है। इसलिये वे इससे दूर रहते हैं।



संविधानसम्मत धर्मनिरपेक्ष एवं लोकतांत्रिक समाज बनने के पहले से ही भारत के बहुसंख्यक उनकी इस भावना का सम्मान करते आए हैं। अपनी मर्जी से और समाज में घुल-मिलकर रहने वाली प्रवृत्ति के चलते सभी सम्प्रदाय कमोबेश एक-दूसरे के त्योहारों में शामिल भी हो जाते हैं। मुसलमानों को होली के रंगों में सराबोर होते या हिन्दुओं को ईद के मौके पर मुसलमानों से गले मिलते या ईसाइयों को क्रिसमस की बधाई हुए आम तौर पर देखा जाता है। इधर भारत बदल गया है। इसलिये उसके पर्व भी बदल गये हैं। राजनीतिक वर्चस्व व सत्ता कायम करने की इच्छा ने भारत को उस मकाम पर पहुंचा दिया है जहां कपड़ों, फूल-पत्तियों और रंगों का भी धर्म हो गया है तो त्योहारों की भला क्या बिसात? धर्म अब धर्मांधता है। देश के विभाजन के दौरान हिन्दुओं व मुसलिमों के बंटे हुए दिलों को राष्ट्र निर्माताओं ने अपने अथक प्रयासों एवं बलिदानों से फिर मिला दिया था। लोगों को प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की कही उस बात में दम नजर आया, जिसमें उन्होंने समझाइश दी थी कि, श्एक सम्प्रदाय की कट्टरता दूसरे सम्प्रदाय की कट्टरता को खत्म नहीं करती बल्कि दोनों मिलकर कट्टरता को बढ़ाते हैं। यही हो रहा है।

देश के बंटवारे के समय की कट्टरता अंग्रेजों व कुछ साम्प्रदायिक संगठनों की देन कही जा सकती है जिस पर आम हिन्दुओं या मुसलिमों का वश नहीं था, लेकिन वर्तमान कट्टरता मौजूदा सत्ता की देन है। सत्ता की चाहत ने देश को इस मोड़ पर ला खड़ा किया है कि हिन्दुओं के त्योहारों पर अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों और उनकी रिहायशी बस्तियों में भय का माहौल हो जाता है। ऐसा न होता तो उत्तर प्रदेश में, जो इस नफ़रती राजनीति की सबसे बड़ी प्रयोगशाला और रणभूमि है- सैकड़ों मस्जिदों को ढंककर न रखा जाता। यह किसी भी सभ्य समाज और लोकतांत्रिक देश के लिये शर्म का विषय होना चाहिये कि बहुसंख्यकों के व्यवहार से अल्पसंख्यक खौफ खाते हैं, जबकि बहुसंख्यकों का फर्ज बनता है कि वे अल्पसंख्यकों को महफूज़ रखें। पिछले कुछ समय से देश का माहौल देखें तो साफ हो जाता है कि क्यों मस्जिदें ढंकी गयी हैं।

**सब को सुरक्षा देना सरकार का काम है, लेकिन जब एक आला पुलिस अधिकारी कहे कि जुम्मा साल में 52 बार आता है जबकि होली एक बार ही और उसे प्रदेश का मुखिया समर्थन दे, तो समझ लेना चाहिये कि स्थिति ठीक नहीं है। पिछले कुछ अर्से से देखें तो हर हिन्दू त्यौहार पर सियासतदान और अनुषांगिक संगठनों के लोग, जिनमें ज्यादातर युवा होते हैं, मस्जिदों के सामने नाचेंगे-गायेंगे। ट्रेनों में कोई मुसलिम मिले तो उसके इर्द-गिर्द हनुमान चालीसा का पाठ शुरू हो जायेगा, जो न तो सामयिक होता है और न ही वांछित। पिछले कुछ समय से रामनवमी हो या हनुमान जयंती या ऐसा ही कोई त्यौहार- मस्जिदों के पास सामने आयोजन होंगे।**

सब को सुरक्षा देना सरकार का काम है, लेकिन जब एक आला पुलिस अधिकारी कहे कि जुम्मा साल में 52 बार आता है जबकि होली एक बार ही और उसे प्रदेश का मुखिया समर्थन दे, तो समझ लेना चाहिये कि स्थिति ठीक नहीं है। पिछले कुछ अर्से से देखें तो हर हिन्दू त्यौहार पर सियासतदान और अनुषांगिक संगठनों के लोग, जिनमें ज्यादातर युवा होते हैं, मस्जिदों के सामने नाचेंगे-गायेंगे। ट्रेनों में कोई मुसलिम मिले तो उसके इर्द-गिर्द हनुमान चालीसा का पाठ शुरू हो जायेगा, जो न तो सामयिक होता है और न ही वांछित। पिछले कुछ समय से रामनवमी हो या हनुमान जयंती या ऐसा ही कोई त्यौहार- मस्जिदों के पास सामने आयोजन होंगे। फिर पत्थर चलेंगे- इस ओर से या उस ओर से। अंततः पुलिस मामले बनेंगे और कुछ लोगों को पकड़कर ले जाया जायेगा। किन्हें ले जायेगा, यह बताने की जरूरत नहीं है। यहां तक कि किसी मुसलमान के घर में घुसकर उसकी छत पर लगा झंडा फेंककर भगवा लगाने के लिये युवाओं की बलि ली जा रही है। एक ओर भाजपा की केन्द्र सरकार के नागरिकता कानून में बदलाव, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 का विलोपन, तीन तलाक की समाप्ति, वक्फ बोर्ड में बदलाव जैसे कदमों से देश के हर शहर-कस्बे में साम्प्रदायिक तनाव व संघर्ष की जमीन तैयार हो चुकी है, तो वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लोगों में मुसलिमों के प्रति खौफपैदा करने एवं हिन्दुओं में असुरक्षा की भावना पैदा कर रहा है। इससे अन्य धर्मों के लोगों के प्रति बहुसंख्यकों में हिंसा व घृणा का स्तर इस स्तर पर पहुंच चुका है कि पूरा देश हिन्दू-मुसलिम विमर्श में फंसकर रह गया है। दुर्भाग्य से नफ़रत के इस सैलाब को लाने वाला स्वयं पार्टी का शीर्ष नेतृत्व है। जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोगों को कपड़ों से पहचानने का दावा करते हैं तो वहीं उप्र के योगी आदित्यनाथ 80 बनाम 20 की बात करते हैं। रमेश विधूड़ी जैसे लोग लोकसभा में मुसलिम सांसद को साम्प्रदायिक गाली देते हैं, तो उधर अनुराग ठाकुर विरोधी दल वालों को गोली मारने की सिफारिश करते हैं।

## मन ही मन कर लेती-संतोष...!



एक लड़की मध्यम था परिवार,
नटखट व खूबसूरत दारोमदार।
ये यौवन न बन जाए अभिशाप,
माता-पिता सोच जाते हैं कॉप।
हो गई इक्कीस की कर दी शादी,
जिंदगी की शाम में हुई आबादी।
एक लड़की मध्यम था परिवार,
नटखट व खूबसूरत दारोमदार।
छह साल बनी दो बच्चों की माँ,
पूरा हुआ संसार बस गया जहाँ।
हो गई उम्र तीस वज्रपात पीस,
पति केंसर से ग्रसित ये है टीस।
एक लड़की मध्यम था परिवार,
नटखट व खूबसूरत दारोमदार।
मदद मांगने में वह हिचकिचाती,
जहां-तहां इल्तजा हाथ फैलाती।
घर में रहकर की सिलाई-कढ़ाई,
कभी चल जाता काम हुई कमाई।
एक लड़की मध्यम था परिवार,
नटखट व खूबसूरत दारोमदार।
बच्चों की शिक्षा दें सक्षम बनाती,
वह स्वयं दर-दर की ठोकरें खाती।
ये गरीबी कभी-भी लेती है आगोश,
मन ही मन वह कर लेती हैं संतोष।

**संजय एम तराणेकर**
**(कवि, लेखक व समीक्षक)**



## राशिफल

**मेषः-** स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा।

**कर्कः-** भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढ़ंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति भी ध्यान दें।

**कन्याः-** परिवार की छोटी-छोटी बातों बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा।

**तुलाः-** समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृश्चिकः-** कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

मीनः- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तिुष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# भाषा को राजनीति का हथियार मत बनाइए

**हृदयनारायण दीक्षित**

राजनीति को सांस्कृतिक मर्यादा में रहना चाहिए। मर्यादित राजनीति समाज को उत्कृष्ट बनाने में भी उपयोगी रहती है। संस्कृति विहीन अमर्यादित राजनीति तनाव पैदा करती है। भाषा सामाजिक एकता और सुख-दुख बांटने का उपकरण है। राष्ट्रजीवन के सभी व्यापारों के संचालन में भाषा की ही भूमिका है। भाषा पर राजनीति से राष्ट्रीय क्षति होती है। इसलिए भाषा को बांटने वाली राजनीति का हथियार बनाया जाना उचित नहीं है। लेकिन दुर्भाग्य है कि तमिलनाडु में राष्ट्रभाषा हिन्दी के ही विरुद्ध टिप्पणियां की जा रही हैं।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने धमकी भरे लहजे में कहा है, हिन्दी हम पर न थोपी जाए, वरना इसका अंजाम बुरा होगा। स्टालिन ने इसी बात को बार-बार दोहराया है। वे मर्यादा तोड़ रहे है। रुपया भारतीय मुद्रा है। मुद्रा का भारतीय प्रतिरूप प्रतीक रु तमिलनाडु में भी जारी था। लेकिन राज्य सरकार ने उसे भी हटा दिया है। उत्तर दक्षिण की बातें भी चल निकली हैं। केन्द्र की तरफ से बार-बार स्पष्टीकरण दिया जा रहा है। लेकिन सतही राजनीति से वातावरण गरमा गया है। द्रविड़ और आर्य नस्ल की बातें भी चल निकली हैं। राष्ट्रीय एकता की दृष्टि से यह शुभ संकेत नहीं है। आर्य द्रविड़ नस्ल का सिद्धांत अनेक विद्वानों ने खारिज किया है। द्रविड़ और आर्य शब्द सामूहिक पहचान के संदर्भ में प्रयुक्त होते रहे हैं। कुछ यूरोपीय विद्वानों का विचार रहा है कि यह अलग-अलग रेस (नस्ल) हैं। एक विद्वान वीएस गुहा ने रेस एफिनिटीज ऑफ द पीपल ऑफ इण्डिया नाम की पुस्तक लिखी थी। पुस्तक का विवेचन करते हुए सर आर्थर कीथ ने लिखा था, सीमा प्रांत के पठानों और त्रावणकोर की वन्य जातियों को मिलाने वाला सेतु मौजूद है। विद्वान यह भी कहते रहे हैं कि भारत में दिखाई पड़ने वाली प्रजातिगत विविधताएं इस कारण हैं कि भारतीय जनता के सभी लोग भारत के बाहर से आए हैं। लेकिन किसी ने यह कोशिश नहीं की कि अनेक जातियों का विकास भारत में ही हुआ है।

आर्य भारत के ही मूल निवासी हैं। उन्हें विदेशी बताने का कार्य यूरोपीय साजिश थी। डॉ. आम्बेडकर ने आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया है। उन्होंने लिखा है, आर्य भारत के ही मूल निवासी थे। डॉ. आम्बेडकर के अनुसार, आर्यों का मूल ग्रंथ ऋग्वेद है। ऋग्वेद में नदियों और प्रतीकों के उल्लेख में भारत के ही स्थल हैं। आर्य किसी और देश के होते तो नदियों और स्थान के नाम भारतीय न होते। यूरोपीय विद्वानों के अनुसार आर्य मध्य एशिया अथवा रूस के दक्षिण भाग में रहते थे। वह वहीं से भारत आए थे। यदि इस निष्कर्ष को सही मान लिया जाए तो प्रश्न उठता है कि आर्यों ने वेदों की तरह और कोई प्रामाणिक साहित्य अपने मूल देश के लिए क्यों नहीं लिखा? कुछ विद्वानों ने द्रविड़ों को भी बाहर से आने वाला बताया है।

**आर्य भारत के ही मूल निवासी हैं। उन्हें विदेशी बताने का कार्य यूरोपीय साजिश थी। डॉ. आम्बेडकर ने आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया है। उन्होंने लिखा है, आर्य भारत के ही मूल निवासी थे। डॉ. आम्बेडकर के अनुसार, आर्यों का मूल ग्रंथ ऋग्वेद है। ऋग्वेद में नदियों और प्रतीकों के उल्लेख में भारत के ही स्थल हैं। आर्य किसी और देश के होते तो नदियों और स्थान के नाम भारतीय न होते। यूरोपीय विद्वानों के अनुसार आर्य मध्य एशिया अथवा रूस के दक्षिण भाग में रहते थे। वह वहीं से भारत आए थे। यदि इस निष्कर्ष को सही मान लिया जाए तो प्रश्न उठता है कि आर्यों ने वेदों की तरह और कोई प्रामाणिक साहित्य अपने मूल देश के लिए क्यों नहीं लिखा? कुछ विद्वानों ने द्रविड़ों को भी बाहर से आने वाला बताया है।**

आर्यों की तरह द्रविड़ भी भारत के मूल निवासी हैं। सवाल यह भी उठाया जाता रहा है कि ऋग्वेद के रचनाकार आर्य भारत की नदियों को माता क्यों कहते हैं? किसी भी दूसरे देश से आया जनसमूह इस देश की नदियों को माता क्यों कहेगा? दर्शन, सभ्यता और संस्कृति पर वैदिक काल से लेकर पुराण काल तक विपुल साहित्य का सृजन हुआ है। इस पूरे साहित्य में कहीं आर्य आक्रमण के संकेत भी नहीं हैं। आर्यों के विदेशी होने का झूठ साम्राज्यवादी साजिश है।

आर्यों और द्रविड़ों के बीच कोई तनाव नहीं रहा। लेकिन स्वार्थी राजनीति द्रविड़ आर्य संघर्ष बताती रही है। 1939 में एक विद्वान जूलियन हक्सले ने कहा था, प्रजातिवाद का सिद्धांत झूठा है और खतरनाक भी है। रामधारी सिंह दिनकर के अनुसार, आर्य शब्द का प्रयोग अंग्रेजी भाषा में सबसे पहले 1853 में मैक्समूलर ने किया था और 1939 में हिटलर ने प्रमाणित कर दिया कि आर्यों को प्रजाति मानने का सिद्धांत खतरनाक है। भारत को भी यह नहीं मानना चाहिए कि आर्य और द्रविड़ नाम की दो प्रजातियां हैं। मैक्समूलर ने बाद में अपनी गलती स्वीकार की और कहा, जब मैं एरियन शब्द कहता हूं तब मेरा अभिप्राय न रक्त से होता है, न अस्थि, बाल और खप्पर से। मेरा तात्पर्य केवल उन लोगों से है जो आर्य भाषा बोलते हैं। द्रविड़ शब्द प्रजातिवाचक नहीं है। सम्भवतः यह स्थान वाचक शब्द है। दिनकर ने याद दिलाया है कि प्रजाति की यूरोपीय परिभाषा की दृष्टि से देखा जाए तो गुजरात और महाराष्ट्र में प्रधानता आर्य वंश की होनी चाहिए। लेकिन प्राचीन भारतीय यह नहीं मानते थे। द्रविड़ स्थान का विशेषण था। पंच द्रविड़ः में पुराण काल में द्रविड़, आंध्र, कर्नाटक, महाराष्ट्र व गुजरात इन पांच समूहों को गिनते थे। आर्यों और द्रविड़ों के बीच परस्पर प्रेम था। आर्यों की तरह द्रविड़ के ऋषि भी यज्ञ के पुरोहित होते थे। उन्होंने शास्त्रों की भी रचनाएं की थीं। तमिल के संगम साहित्य की रचना में भी बहुत ब्राह्मण विद्वानों ने सहयोग किया था। द्रविड़ संस्कृत का शब्द है। मनु ने द्रविड़ शब्द का प्रयोग द्रविड़ क्षेत्र के निवासियों के लिए किया है। कुमारिल भट्ट ने इसका प्रयोग भाषा की सूचना देने के लिए किया है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
मुख्य कार्यालय ( *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। मो. नं. 7985738649, आरएनआई न . UPHIN/2013/55887
**संपादकीय कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9305748833, 9451244788**

# होलिका दहन के साथ रंगों में सराबोर हुए लोग

**सुमेरपुर/मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

15 मार्च मौदहा कस्बा सहित आसपास के गांवों में 13 तारीख की रात में होलिका दहन के साथ ही शुरू हुए होली के त्यौहार में बच्चेए बुजुर्गए युवकए युवतियां एवं महिलाएं गाजे.बाजे की धुनों में नाचते गाते रंग गुलाल में सराबोर दिखाई दिए हैं। वहीं किसी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए पुलिस व प्रशासनिक अमला मुस्तैद रहा है।

बताते चलें कि मौदहा कस्बा सहित क्षेत्र के गांवों में पारंपरिक स्थलों पर 13 मार्च की देर रात होलिका दहन किया गया है। इसी के साथ रंगों का त्यौहार होली शबाब चढ़ने लगा। युवाओं की टोलियां जगह जगह पर रंग गुलाल उड़ाते हुए गाजे बाजे के साथ होली का जश्न मनाते रहे हैं।





होली गीतों और फाग गायन की धुनों के बीच होरियारों की टोलियां अपनी मस्ती में मदमस्त दिखाई दी है। एक दूसरे के घरों में पहुंच कर होली की बधाइयां देने के साथ ही गुझियों और पकवानों का आनंद लेते हुए लोगों को देखा गया है। वहीं हुड़दंग और भंग के लिए प्रसिद्ध इस त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अमला व पुलिस बल लगातार सक्रिय दिखाई दिया है। अमूमन यह त्यौहार दूज तक चलता है जिसमें मटकी फोड़ के कार्यक्रम जगह जगह आयोजित होते हैं।

## नगर सहित क्षेत्र में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई जुमे की नमाज मुल्क में अमन-चैन व तरक्की के लिए उठे हजारों हाथ




**मौदहा हमीरपुर।** जुमे की नमाज को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुबह से प्रशासन सड़कों पर मुस्तैद रहा और लगातार क्षेत्रीय अधिकारी नगर की गलियों व चौराहों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इसी प्रकार जुमे की नमाज शांति व सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। जिसमे मुल्क में अमन चौन व तरक्की के लिए हजारों हाथ उठे। कस्बे में शुक्रवार को रमज़ान के पवित्र महीने में पड़ने वाले दूसरे जुमे व होली पर्व एक साथ पड़ने पर दोनों त्योहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन सुबह से ही नगर सहित क्षेत्र में मुस्तैदी से तैनात रहा। जिसमें उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी व कोतवाली प्रभारी दल बल के साथ नगर में व्यवस्था देखते दिखाई दिए जबकि नेशनल चौराहा स्थित जुमा मस्जिद के बाहर नायाब तहसीलदार सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा नगर की रहमानिया जामा मस्जिदए मस्जिद कायम कुंआ कमराहाए मस्जिद खानकाहए मस्जिद चौपारी, मस्जिद निजामिया उपरौस, मस्जिद मलिकुआं सहित अन्य मस्जिदो में निर्धारित समय पर जुमे की नमाज शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न हुई। जबकि सुरक्षा को लेकर मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात रहा। वहीं शहर इमाम मौलाना करामत उल्ला साहब ने नगर की जामा मस्जिद में जुमे की नमाज अदा करवाने के उपरांत समस्त क्षेत्रवासियों को होली की मुबारकबाद देते हुए आपसी सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

# एचटी लाइन की चपेट में आने से किसान की मौत, विद्युत विभाग की लापरवाही उजागर

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी किसान की हाईटेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजनो में कोहराम मच गया। तथा ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही लोग मौके पर गए तथा सदर विधायक ने घटना स्थल पर जाकर सांत्वना दी। क्षेत्र के झलोखर गांव निवासी किसान शिवराम प्रजापति 65 वर्ष का खेत खिरवा हार की तरफ पड़ता है। शुक्रवार को सुबह 6 बजे वह पशुओं को चारा लेने खेत में गया था। वहां खेत में नलकूप के लिए गई हाईटेंशन विद्युत लाइन का तार टूटा हुआ पड़ा था। जो कि उसके पैर में उलझ गया। उसमे विद्युत प्रवाह हो रहा था। उसकी चपेट में आकर किसान की दर्दनाक मौत हो गई। जब किसान मजदूर खेतो में काम करने जा रहे थे। तब घटना की जानकारी हुई।तथा परिजनो को सूचना मिलने



पर मौके पर गए तथा कोहराम मच गया। मृतक के भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरुवार की रात ग्यारह बजे एच टी लाइन का तार टूट कर गिर गया था। जिसको सुबह तक ठीक नही किया गया तथा खेत में गिरे तार में करेंट प्रवाहित होता रहा। उसकी चपेट में आकर मौत हुई है इस में विद्युत विभाग के कर्मचारियो की लापरवाही सामने आ रही है। होली का पर्व फीका हो गया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सदर विधायक मनोज प्रजापति ने मौके पर जाकर दुखी परिजनो को सांत्वना दी।

## खबरें एक नजर में

### मुंडेरा में बच्चे के अपहरण की सूचना से हड़कंप, डायल 112 ने आरोपी को पकड़ा

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम मुंडेरा में शनिवार सुबह 10 वर्षीय बच्चे के अपहरण की खबर से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सतर्कता और डायल 112 की त्वरित कार्यवाही से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया और आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। जानकारी के अनुसार इददू नामक व्यक्ति दो साल पहले शाहिद खान की पत्नी सीमा खान को भगा ले गया था और सिसोलर में रह रहा था। शनिवार को वह चार पहिया वाहन से मुंडेरा आया और शाहिद के बेटे दस वर्षीय रियाज खान को जबरन गाड़ी में बैठाने लगा। बच्चे के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने गाड़ी को घेर लिया और इददू के साथ मारपीट शुरू कर दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और इददू को हिरासत में लेकर रियाज को सुरक्षित थाने पहुंचाया। बच्चे की नानी शकीला और मामा अल्फाज खान ने इददू पर अपहरण और हत्या की साजिश का गंभीर आरोप लगाया है। हालांकिए इददू ने अपहरण के आरोपों को खारिज किया और शकीलाए अल्फाजए शाहिद खान समेत अन्य परिजनों पर मारपीट का आरोप लगाया। फिलहालए पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और सभी पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** बीती रात नेशनल हाईवे पर चंदपुरवा गेट के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दीए जिससे एक की मौत हो गई और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद आरोपी वाहन चालक फरार हो गया। घटना रात करीब 8 बजे की हैए जब मौदहा कस्बे के मराठीपुरा निवासी सूरज धुरिया अपने साथी सुशील उर्फ नन्ना के साथ किसी काम से सुमेरपुर आए थे। लौटते समय हाईवे पर चंदपुरवा गेट के पास उनकी बाइक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन टक्कर मार कर मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से दोनों घायलों को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर उन्हें सदर अस्पताल रेफर किया गयाए जहां डॉक्टरों ने सुशील गुप्ता को मृत घोषित कर दिया। सूरज धुरिया का इलाज जारी है। मृतक सुशील तीन भाइयों में सबसे बड़ा था और विवाहित था। उसके दो छोटे बच्चे हैं। वह खुद का लोडर वाहन चलाकर परिवार का भरण.पोषण करता था। हादसे से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है और फरार वाहन की तलाश में जुट गई है।

### गौशाला में खिलाई गई खीर-पूड़ी

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** विकास खंड क्षेत्र के बचरौली गांव में भैया दूज पर्व के उपलक्ष्य में पहाड़ी देव बाबा समिति द्वारा गौशाला में गौ सेवा की गई तथा हरी सब्जी खीर पूड़ी खिलाई गई। क्षेत्र के बचरौली गांव में आज भैया दूज का पर्व मनाया गया इस अवसर पर पहाड़ी देव बाबा समति द्वारा गौशाला में गौ पूजा की गई तथा उनको हरी सब्जी सहित पूड़ी खीर भी खिलाई गई। समिति के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने बताया कि गोशाला में संरक्षित गौ वंश को अनेक प्रकार की भोजन सामग्री हरी सब्जी आलूए बैगनए बूंदी खीरएपूड़ी खिलाई गई जिसमे समित के सभी पदाधिकारी व सदस्य जिसमे प्रदुम्न सिंहए अशोक कुमारए त्यागी जी जगन्नाथ महराजए राहुल दिवेदीए श्याम वीर सिंहए आदि ने मौजूद रहकर सहयोग किया।

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने लगाया फंदा, देखने गए वृद्ध की सदमे में मौत

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के नैनिहा के हरिजन बस्ती निवासी युवक ने पत्नी से कहासुनी के बाद फंदा लगाकर जान दे दी। मौत की सूचना पाकर पड़ोसी वृद्ध देखने के लिए गया। वृद्ध की सदमे में मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दो मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौनिहा के हरिजन बस्ती निवासी पैकरमा (46) पुत्र सियाराम का पारिवारिक मामलों को लेकर पत्नी से विवाद हुआ। विवाद से क्षुब्ध युवक ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। इसकी जानकारी गांव के लोगों को हुई। जिस पर पड़ोसी दुजई प्रसाद (76) पैकरमा को देखने के लिए मृतक के घर गए। शनिवार सुबह मृतक के घर पर ही दुजई को हार्ट अटैक पड़ गया। जिस पर वृद्ध को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां पर डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। चौकी इंचार्ज जालिम नगर कृष्ण कुमार सिंह ने बताया कि युवक ने फंदा लगाकर जान दी है। वृद्ध की हार्ट अटैक से मौत हुई है। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं गांव में दो मौत से परिवार में कोहराम मच गया है।

## होली की मस्ती में हादसा, भाभी को रंग लगाते समय छत से गिरा देवर, मौत

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**

होली के रंग में सराबोर एक परिवार के लिए त्योहार का जश्न मातम में बदल गया जब नशे की हालत में भाभी को रंग लगाने के दौरान एक व्यक्ति छत से गिरकर मौत का शिकार हो गया। यह दर्दनाक हादसा थाना क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में हुआ, जहां 55 वर्षीय श्रीराम वर्मा की मौके पर ही मृत्यु हो गई।

मिली जानकारी के अनुसारए श्रीराम वर्मा ने सुबह से ही शराब पी रखी थी। दोपहर करीब 3 बजे वह अपने घर पहुंचा और छत पर काम कर रही भाभी रामसखी को रंग लगाने के लिए ऊपर चढ़ गया। इसी दौरान होली की मस्ती में संतुलन बिगड़ने से वह छत से नीचे गिर



पड़ा। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस अप्रत्याशित हादसे से परिवार में कोहराम मच गया और होली की खुशियां गम में बदल गईं। मृतक अविवाहित था और मेहनत.मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। इस संबंध में थाना प्रभारी अनूप सिंह ने बताया कि अभी तक कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है। यदि परिजन रिपोर्ट दर्ज कराते हैं तो शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# अधेड़ की संदिग्ध हालत में मौत

▸ पुलिस ने कहा नशे में धुत होकर गिरा था टैंक में

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम सिजवाही में होलिका दहन देखने गए अधेड़ का लहुलुहान शव संदिग्ध हालत में गांव के एक निर्माणाधीन मकान के लैट्रिन टैंक में पड़ा देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। पुलिस का मानना है कि अधेड़ की मृत्यु नशे में टैंक मे गिरने से हुई है।

कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम सिजवाही निवासी बदलू (40) पुत्र भगवान दीन श्रीवास का लहूलुहान शव संदिग्ध हालत में शुक्रवार की सुबह गांव के ही एक निर्माणाधीन मकान के लैट्रिन टैंक में पड़ा देख ग्रामीण में सनसनी फैल गई। यह घटना गांव में फैलते ही घटना स्थल पर ग्रामीणों का अच्छा खासा जमावड़ा लग गया वहीं घटना की जानकारी होते ही बदलू के परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंच दहाड़े मारने लगे वहीं कोतवाली पुलिस ने सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी उमेश कुमार सिंह का कहना है कि होलिका दहन से वापस आते समय नशे की हालत में टैंक में गिर गंभीर रूप से घायल हो जाने से बदलू की मौत हो गई। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का जीवन यापन करता था।

वह अपने पीछे दो पुत्रिया व एक पुत्र समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। उसकी मौत से अब उसके परिवार के सामने पेट भरने की समस्या खड़ी हो गई है। बताते चलने कि मृतक उक्त निर्माणाधीन मकान में मजदूरी का कार्य करता था फिलहाल यह घटना गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है।

अचेतावस्था में मिला शव,मौत

मौदहा, हमीरपुर।. अपने गांव से ससुराल जा रहे बाइक सवार युवक को सिसोलर टिकरी मार्ग पर बीती रात संदिग्ध हालत में अचेत अवस्था में पड़ा मिला जब उसके परिजन उसे इलाज हेतु कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र सुमेरपुर निवासी सचिन (27) पुत्र प्रहलाद प्रजापति शुक्रवार की शाम बाइक द्वारा अपनी ससुराल ग्राम बक्छा जा रहा था तभी सिसोलर टिकरी मार्ग पर ग्राम भैंस मरी के निकट संदिग्ध हालत में सचिन को अचेत अवस्था में पड़ा देख सिसोलर पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी जिस पर सचिन के परिजन व ससुरालीजन आनन फानन मौके पर पहुंच गए और सचिन की हालत देख उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया जब उसके परिजन उसे इलाज हेतु कानपुर लेकर जा रहे थे तभी रास्ते में सचिन की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परजनों में कोहराम मच गया। सचिन दो भाइयों में छोटा था। 18 फरवरी 2025 को उसका विवाह सिसोलर थाना क्षेत्र के ग्राम बक्छा में हुआ था।

त्योहार के दिन वह अपनी पत्नी से मिलने बाइक द्वारा अपनी ससुराल जा रहा था। इस घटना से उसकी पत्नी का रो.रो कर बुरा हाल है अभी विवाह में लगाई गई उसके हाथों की मेहंदी भी नहीं छुट्टी है।

# शराब के लिए पानी मांगने पर हुआ विवाद, जांच शुरू

▸ मारपीट में बीच-बचाव के दौरान गिरा वृद्ध, मौत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिले के कस्बा खरेला में शराब के लिए एक लोटा पानी मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हो गई। नाती से मारपीट होती देख बचाने दौड़ा बाबा बीच-बचाव के दौरान सड़क पर गिर गया। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने हमलावरों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कस्बे के मोहल्ला मानिक निवासी मोहित साहू शुक्रवार की रात करीब नौ बजे घर के दरवाजे पर खड़ा था। तभी एक युवक वहां पहुंच गया और एक लोटा पानी मांगने लगा। मना करने पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर युवक वहां से चला गया। आधा घंटे बाद दोबारा युवक



**हमलावरों की मारपीट से वृद्ध की गई जान**

शोर-शराबा सुन बाहर निकले बाबा रामसनेही (70) ने जब नाती को पिटते देखा, तो बीच-बचाव करने लगा। धक्का लगने से वह सड़क पर गिर गया और अचेत हो गया। परिजन तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरखारी ले गए। यहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के नाती व अन्य परिजनों का आरोप है कि हमलावरों की मारपीट से वृद्ध की जान गई।

छह से अधिक साथियों के साथ पहुंचा और मोहित की मारपीट शुरू कर दी।

## मजदूर ने फांसी लगाकर दी जान

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम छिमौली में बीती रात एक मजदूर ने अज्ञात कारणों अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिमौली निवासी सिद्ध गोपाल वर्मा 50 वर्ष पुत्र बदलू ने शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। इसकी जानकारी होते ही कोतवाली पुलिस में मौके पर पहुंच मामले की जांच पड़ताल करते हुए मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्री समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। उसकी एक पुत्री की शादी हो चुकी है। वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

## पुलिस टीम ने अनाथालय जाकर बच्चों संग मनाई होली




▸ बच्चों के साथ होली की खुशियां बांटने का सार्थक प्रयास

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों के साथ होली की खुशियां बांटने का सार्थक प्रयास, जनपद महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी, देवेश तिवारी व प्रभारी यातायात पुलिस महोबा, सुनील कुमार सिंह द्वारा थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत अवस्थित अनाथालय में जाकर अनाथ बच्चों के साथ होली का त्यौहार मनाया गया है। इस दौरान अनाथालय में आवासित नौनिहालों को रंग-पिचकारी, गुलाल, गुब्बारे, टोपी व मिठाईयां बांट कर होली की शुभकामनाएं देते हुए सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी है।

पुलिस टीम द्वारा अनाथालय में बच्चों के साथ होली खेलने पर सभी बच्चों की खुशियों को होली के पर्व को दोगुना कर दिया। बच्चों को रंग, पिचकारी, खिलोने और मिठाई आदि बांटी गयी हैं, जैसे ही बच्चों के हाथों में पिचकारी आई, उनके चेहरे पर खुशी की चमक देखने लायक थी।

# प्रेमिका ने युवक को साथियों संग पीटा

▸ 4 लाख रुपए और जेवर मांगने पर पिलाई जहरीली दवा

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

महोबा में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपने लिव-इन पार्टनर की पिटाई की और उसे जहरीली दवा पिला दी। पीड़ित युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हमीरपुर जनपद के रहने वाले शैलेंद्र गुप्ता महोबा में एक प्राइवेट कंपनी में एमआर के पद पर कार्यरत हैं। चार साल पहले उनकी मुलाकात कालीपहाड़ी गांव की एक युवती से हुई। दोनों की दोस्ती प्यार में बदल गई और वे श्याम पैलेस के पास किराए के मकान में रहने लगे। इस दौरान शैलेंद्र ने अपनी प्रेमिका को लाखों के जेवर और करीब 4 लाख रुपए नकद व ऑनलाइन दिए। कुछ समय से दोनों



के बीच मतभेद शुरू हो गए। प्रेमिका ने शैलेंद्र से बात करना बंद कर दिया और किसी अन्य व्यक्ति से मिलने लगी।

जब शैलेंद्र ने अपने पैसे और जेवर वापस मांगे, तो प्रेमिका ने अपने साथी सादाब बेग, दीपक और हैप्पी के साथ मिलकर उनकी पिटाई की। आरोप है कि उन्हें जहरीली दवा भी पिलाई गई। शैलेंद्र का आरोप है कि प्रेमिका और उसके साथी उन्हें ब्लैकमेल कर रहे हैं और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। घटना के बाद आरोपी प्रेमिका अपने साथियों के साथ फरार हो गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नीलगाय के हमले में किसान की मौत



▸ ग्रामीणों ने नीलगाय को भी मौत के घाट उतारा, रेवना थाने के श्रीनगर गांव की घटना

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज़।**

थाना रेवना क्षेत्र श्रीनगर गांव में शनिवार सुबह नीलगाय के हमले में एक किसान की मौत हो गई, हिंसक नील गाय से किसान को बचाने दौड़े युवक पर भी हमला कर दिया जिससे वह भी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन इलाज के लिए सीएससी घाटमपुर में भर्ती कराया गया है।

बताया जाता है कि गांव निवासी रामस्वरूप 65 वर्ष सुबह 8:00 बजे के करीब खेतों की ओर जा रहा था की तभी नीलगाय ने उसको ऊपर हमला कर दिया निकट ही मौजूद गांव का ही सुरेश पुत्र जगराम जब नीलगाय को भागने का प्रयास किया तो वह उसे पर भी हमला कर दिया कर दिया दोनों घायलों को परिजन घाटमपुर सीएससी लेकर पहुंचे जहां डॉक्टरों ने रामस्वरूप को मृत घोषित कर दिया उधर सूचना पाकर रेवना थाने की पुलिस सीएचसी पहुची और शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा है। वन रेंज अधिकारी राकेश कुमार पांडेय व दरोगा धीरज तिवारी भी सीएचसी पहुंचे तथा परिजनों से जानकारी की।

# जन शिकायतों का त्वरित गति से हो निस्तारण : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

जिले की सभी तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें सम्बंधित जिला/ तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में तहसील फतेहपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

जिसमें पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, प्रशिक्षु आईएएस काव्या सी, एसडीएम कार्तिकेय सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव सहित जिले और तहसील स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने जनता की शिकायतों को सुनने के बाद उन्हें शीघ्रता के साथ निस्तारण के निर्देश दिए साथ ही कहा कि अधिकारी शिक़ायत कर्ताओं से सहजता से बात करें और स्थलीय निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण व ससमय समस्याओं का निस्तारण करें। शिकायतों के निस्तारण करते समय अधिकारी शिकायत कर्ताओं से उनके मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क करके इस बात को भी सुनिश्चित कर ले कि शिकायतकर्ता को संतुष्टि मिली है या नहीं। जिलाधिकारी ने भूमि सम्बन्धी मामलों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील फतेहपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 34 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। जिसमें से 08 प्रकरणो का तत्काल निस्तारण कराया गयासभी तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 122 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 21 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

रामसनेहीघाट में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 25 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 03 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया। हैदरगढ़ तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 21 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से आज 02 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

इसी प्रकार तहसील सिरौलीगौसपुर में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व विभाग एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 02 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।तहसील रामनगर में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 05 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।इसी क्रम में तहसील नवाबगंज में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 01 शिकायत का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

# दोस्तों के संग नदी में नहाने गये दो किशोरों की डूबकर मौत

**टिकैतनगर, बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



थाना टिकैतनगर अंतर्गत सरयू नदी के किनारे स्थित लोढ़ेमऊ घाट के समीप होली खेलने के बाद दोस्तो संग नहाने गए दो किशोरों की नदी से निकले नाले में डूबने से मौत हो गई। साथियों ने बताया कि एक किशोर को बचाने में दूसरा किशोर भी नदी में डूब गया। किशोरों के डूबने पर साथियों द्वारा मचे शोर को सुनकर मौके पर पहुंचे परिवारजनों ने पुलिस को दी घटना की जानकारी दी। स्थानीय गोताखोर की मदद से ढाई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों शवों को पानी से बाहर निकालने में सफलता पाई थी। शवों के गांव पहुंचते ही मानो पूरे गांव में मातम पसर गया हो। सभी परिवारजनों को ढांढस बंधाने में जुटे हुए थे।

थाना टिकैतनगर अंतर्गत सरयू नदी के किनारे स्थित लोढ़ेमऊ घाट के समीप शुक्रवार को होली खेलकर नहाने पहुंचे ग्रामसभा कोठरीगौरिया निवासी अनुराग उर्फ ऋषभ वर्मा (19) पुत्र स्व0 रमेश वर्मा और रवि वर्मा (17) पुत्र हक्कू उर्फ अजय वर्मा की नदी से निकले नाले में डूबने से मौके पर ही मौत हो गई।

**होली में रंग खेलने के बाद नहाने गए थे किशोर :** शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे गांव के तकरीबन आठ से दस किशोर नदी किनारे स्थित लोढ़ेमऊ घाट के समीप मुख्य नदी से पहले ठहरे पानी के किनारे नहाने के लिए पहुंचे थे सभी एक एक कर पानी में नहाने के लिए छलांग लगा रहे थे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सभी साथियों के नदी में कूदने के बाद रवि (17) ने थोड़ा आगे बढ़कर पानी में छलांग लगाई लेकिन वह जहां पानी में कूदा उस जगह उसके आकलन के विपरीत काफी गहरा पानी था वह जैसे ही कूदा अगले ही पल वह उस पानी में डूबने लगा उसके सबसे करीब में उसका साथी अनुराग उर्फ ऋषभ (19) खड़ा था उसने जैसे ही देखा कि रवि पानी में डूब रहा है उसने बिना कुछ सोचे समझे ही पानी में छलांग लगा दी और वह भी पानी गहरा होने के कारण उसके साथ ही डूबने लगा। अन्य साथी जब तक उन दोनों को बचाने के लिए कुछ प्रयास करते वह दोनों उसी पानी में डूब गए। इतना देखते ही उसके अन्य साथी जोरो से चीखते चिल्लाते हुए गांव की तरफ तेजी से दौड़े और गांव पहुंचकर ग्रामीणों से उनके साथ हुई आपबीती बताई। घटना की जानकारी होते ही परिवारजन व ग्रामीण सभी नदी के ओर तेजी से भागे और मौके पर पहुंचकर उक्त घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर थाना प्रभारी रत्नेश पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीण और स्थानीय गोताखोर की मदद से कई बार पानी के भीतर उन दोनों को खोजने का प्रयास भी किया लेकिन कुछ सफलता हाथ न लग सकी। करीब ढाई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों ने रवि के शव को नदी से निकालने में सफल हुए फिर कुछ समय बाद अनुराग उर्फ ऋषभ का शव गोताखोर के द्वारा पानी से बाहर निकाला गया।

एहतियातन दोनों के शवों को सीएचसी टिकैतनगर लाया गया जहां चिकित्सकों दोनों को मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही पूरे परिवार में कोहराम मच गया। सभी जोर जोर से रोने चिल्लाने लगे।

### होली की खुशियों में गम में डूबा गांव, मच गई चीख पुकार

पीएम के बाद शवों के वापस गांव पहुंचते ही दोनों परिवारों में चीख पुकार मच गई। होली की खुशी कुछ ही देर में दोनों ही परिवार के लिए मातम में तब्दील हो गई। जिसने भी इस घटना के बारे में सुना उसका मन घटना के बारे में जानकर द्रवित हो उठा। वही जब शव को घर के भीतर लाया गया तो किशोरों की मां अपने अपने बेटो को इस हाल में देखकर बदहवास होकर वहीं जमीन पर बेसुध हो गई। रिश्तेदारों ने बताया कि अनुराग उर्फ ऋषभ चार भाइयों में दूसरे नंबर पर और रवि अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। अभी कुछ साल पूर्व ही ऋषभ के पिता का देहांत हो गया था पति के न रहने के बाद बेटे की इस हालत को देख ऋषभ की मां पर मानो दु:ख का पहाड़ ही टूट पड़ा हो, सभी उन्हें इस दुख को सहन करने के साथ ढांढस बंधाने में जुटे हुए थे।

# होली व जुमे की नमाज के मद्देनजर पुलिस रही संवेदनशील स्थानों पर मुस्तैद



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र अन्तर्गत नगर पंचायत बेलहरा मे होली और जुमे की नमाज को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। अतिसंवेदनशील श्रेणी में आने वाले इस क्षेत्र में पुलिस पूरी तरह सतर्क हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस लाइन से आए सिपाही विनय कुमार और आशीष कुमार ने ड्रोन कैमरे से पूरे नगर की मैपिंग की है। उन्होंने सभी धार्मिक स्थलों एवं जुलूस मार्गों की वीडियोग्राफी भी की है क्योंकि अगर कोई भी शरारती तत्व किसी भी गतिविधि में जाता है तुरन्त कैमरे की नजर में होगा और उनकी गतिविधियों पर नजर बना ली गई है। चौकी प्रभारी अरविन्द कुमार पटेल की मौजूदगी में यह पूरी कार्यवाही की गई। पुलिस की इस सतर्कता से होली का त्यौहार और जुमे की नमाज दोनों शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो जायेंगे।

# फांसी के फंदे से लटकता मिला विवाहिता का शव , मुकदमा दर्ज

**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे फांसी के फंदे से लटका मिला।मायके वालों ने दामाद सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज की मांग पूरी न होने पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार टिकैत नगर थाना क्षेत्र के हंसौर गांव निवासी सीता पत्नी दिलीप कुमार के मुताबिक,बेटी सपना 25 वर्ष की शादी चार साल पहले जबदी गांव के अर्जुन राजपूत के साथ किया था। हैसियत के हिसाब से दान दहेज भी दिया था,शादी के बाद से ससुरालीजन कम दहेज का ताना देकर सपना को आये दिन प्रताड़ित करते थे।आरोप है कि तीन माह पहले पुत्री पैदा होने पर उत्पीड़न ज्यादा शुरू हो गया। गुरुवार देर शाम उसको दामाद अर्जुन,देवर श्याम,पुष्पा,ससुर मोल्हे आदि पांच लोगों ने मिलकर दहेज के लिए बेटी को मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुचे परिजनों ने सभी पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि मृतका की माँ की तहरीर पांच लोगों के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया,शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कल से 25 मार्च तक चलेगा मानस सन्त सम्मेलन

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के बहुता धाम में श्रीरामचरित मानस संत सम्मेलन का 97वां वार्षिकोत्सव आगामी17 से 25 मार्च तक संपन्न होगा। सुबह चार बजे से श्री सीताराम नाम कीर्तन, सात से नौ बजे तक मानस नवाह्न पाठ और तीन से शाम छह बजे तक श्रीराम कथा प्रवचन होगा। 25 मार्च को अयोध्या से महंत मणिराम दास छावनी के कमलनयन दास जी महाराज पधारेंगे। इस अवसर पर रामनिवास शास्त्री, डॉ. जितेंद्रनाथ पांडेय, डॉ कृष्ण कुमार मिश्र, कविता कांत बाजपेयी, पं. रामकिंकर मिश्र, दिनेश जी रामायणी व राम सरन दास समेत अन्य विद्वान रामचरित मानस की वर्तमान समय में प्रासंगिकता पर चर्चा करेंगे। आयोजक सुशील कुमार पांडे ने धर्मानुरागियों से इस सम्मेलन में हिस्सा लेने की अपील की है।

# सरसों की फसल काटने को लेकर दो पक्ष में मारपीट, छह घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

सुबेहा थाना क्षेत्र में खेत में बोई गई सरसों की फसल काटने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। चौधरी का पुरवा मजरे थलवारा गांव में हुई इस मारपीट की घटना में दोनों पक्षों से करीब 6 लोग घायल हुए हैं।

घटना की जानकारी देते हुए ताला रुकूनुद्दीनपुर गांव के अखिलेश कुमार ने बताया कि वह अपने सरसों के खेत की देखभाल के लिए गए थे। वहां उन्होंने देखा कि चौधरी पुरवा के बबलू, पिंटू, भीम और सोमनाथ उनके खेत की फसल काट रहे थे।अखिलेश ने जब इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनके भाई अजीत की पिटाई शुरू कर दी। मदद के लिए आए अजीत के पिता राम मनोहर और छोटे भाई अनुज समेत अन्य परिजनों को भी मारा पीटा गया। जिससे उन्हें गंभीर चोट आई है। दूसरी तरफ, रामस्वरूप के परिजनों ने भी विपक्षी दल पर गंभीर आरोप लगाए हैं।उनका कहना है कि दूसरे पक्ष ने जबरन फसल काटने की कोशिश की। विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की गई और गाली-गलौज की गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई शुरू कर दी है। सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। मामले की जांच जारी है।

**पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई शुरू की**

# रंगोत्सव में कवियों ने खूब बिखेरा रंग, हंसी ठहाके के संग

**बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



गणपति एग्री बिजनेस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से रंगोत्सव समारोह में आयोजित काव्य समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार बृजबाबू सिंह बृजेश एवं सफल संचालन पंडित अरविन्द मिश्र अरविन्द पुरोहित नारायण द्वारा किया गया। मां शारदे की वाणी वंदना युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा ने की। व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव लल्लू ने हास्य व्यंग्य की कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को हंसा हंसाकर लोटपोट कर दिया। - तुमहहू रहिहौ हमहू रहबै काहे कै टकराव, मुफ्त कै राशन जल शौचालय खाव पियौ औ जाव। युवा गीतकार साहब नारायण शर्मा ने गीतों मुक्तकों के माध्यम से समारोह में चार चांद लगाए तो छंदकार कवि रवि अवस्थी रुद्रांश ने भगवान श्रीराम की महिमा का बखान के साथ साथ राधा कृष्ण की होली का गान करते हुए समारोह में श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। शानदार एवं सफल संचालन करते हुए ओज कवि अरविन्द मिश्र अरविन्द नारायण पुरोहित ने होली की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए होली गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को गुदगुदाते हुए छंद मुक्तक प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया । अध्यक्ष बृज बाबू सिंह बृजेश ने मुक्तक छंद गीत प्रस्तुत कर श्रोताओं को आह्लादित किया। काव्य समारोह में साहित्यकारों को माल्यार्पण होली की रंग बिरंगी टोपियों एवं उपहारों से संस्थान के डायरेक्टर अतुल सिंह द्वारा सम्मानित किया गया।इस अवसर पर होली गीतों को साज बाज से होलियारों ने प्रस्तुत कर समां बांधकर श्रोताओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया । सभी श्रोता अबीर-गुलाल से सराबोर होते रहे। समारोह में प्रदीप मिश्र,धरनीधर मिश्र, सुनील, विनय, संस्थान के अधिकारियों कर्मचारियों के साथ ही साथ उनके परिवार सहित क्षेत्रीय श्रोताओं की देर रात तक उपस्थिति रही। डायरेक्टर अतुल कुमार सिंह ने अतिथियों, साहित्यकारों एवं श्रोताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की भिड़ंत में पांच घायल, तीन गम्भीर

**जैदपुर ,बाराबंकी।** बेल्हा बाबा मंदिर के निकट जैदपुर सफदरगंज मार्ग पर आमने-सामने से दो मोटरसाइकिल में हुई जोरदार भिड़ंत हो गयी।, दोनों? मोटर साइकिल पर सवार 5 में 3 की हालत गंभीर देख जैदपुर समुदायिक केंद्र से , जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जैदपुर सफदरगंज मार्ग स्थित बेल्हा बाबा के पास होली के दिन करीब 2~30 बजे आमने-सामने से दो मोटरसाइकिल की आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें एक मोटर साइकिल पर सवार रोहित, संजीत कुमार, अंकुश, लवकुश, वहीं दूसरी बाइक पर सवार रोहित घायल हो गए। राहगीर की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने तत्काल एंबुलेंस मंगाकर 5 युवकों को जैदपुर सीएचसी पहुंचाया। जहां पर डॉक्टर ने 3 की हालत नाजुक देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### बाइक सवार ने पैदल यात्री को मारी टक्कर, घायल

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत चौधरी का पुरवा गांव के समीप शुक्रवार की देर शाम बाइक सवार ने पैदल जा रहे युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन की मदद से घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरगढ़ पहुंचाया । जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्माइलपुर मजरे भटगवा गांव निवासी जगतनारायण पुत्र छोटेलाल शुक्रवार की देर शाम सुबेहा की तरफ से घर आ रहा था।तभी बाइक से उसकी टक्कर हो गई जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंचे परिजन घायल युवक को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हैदरगढ़ लेकर पहुंचे जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर रेफर कर दिया।

### करंट की चपेट में आई भैंस, तड़प-तड़प कर मरी

**मसौली, बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम नेवला मे एक कीमती भैंस बिजली करंट की चपेट मे आने से तड़प तड़प कर मर गयी पीड़ित पशुपालक ने थाना मसौली मे बिजली विभाग की लापरवाही की तहरीर दी है। शुक्रवार को होली का रंग खेलने के बाद नेवला निवासी अमन पुत्र श्यामू ने अपनी भैंस को नहलाकर खूंटे मे बाँध दिया उसी के बगल मे स्थित विद्युत पोल की चपेट मे आने से भैंस की तड़प तड़प कर मौत हो गयी पीड़ित पशुपालक ने विद्युत विभाग की लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना मसौली मे तहरीर दी है।

### मासूम के ऊपर गिरी पेड़ की टहनी, दर्दनाक मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** बृहस्पतिवार की दोपहर बाद घर के बाहर सोच के लिए गए 5 वर्षीय मासूम के ऊपर पेड़ की टहनी गिर जाने से मौत हो गई। स्थानीय कोतवाली अंतर्गत सराय चौबे गांव निवासी चौकीदार छेद्दन का 5 वर्षीय पोता चिंटू श्याम बृहस्पतिवार की दोपहर बाद लगभग 3 बजे सोच के लिए घर के बाहर गया हुआ था, जहां पर डाल काटते समय एक टहनी मासूम बच्चे पर गिर पड़ी। जिससे मासूम बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना के बाद डाली काट रहे लोग मौके से फरार हो गए काफी देर बाद घर वालों को जानकारी हुई तो आनन फानन में लेकर सीएचसी हैदरगढ़ पहुंचे, जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में कोतवाली प्रभारी ने जानकारी होने से इनकार किया है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली पर्व

**मसौली बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र में शुक्रवार को रंगों का त्योहार होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया पुलिस सुरक्षा के बीच रमजान के दूसरे जुमे के साथ रंगों का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हुआ। होली और जुमे (शुक्रवार) की नमाज एक ही दिन होने के मद्देनजर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रंगों का त्योहार पारंपरिक उत्साह के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

फाल्गुन पूर्णिमा के अवसर पर देर रात होलिका दहन के बाद सुबह से ही कस्बा मसौली, बांसा, बड़ागांव, रामपुर सहादतगंज अनूपगंज, सैदनपर, सफदरगंज, रसौली, त्रिलोकपर में होली की धूम मचने लगी. हर तरफ गुलाल और रंगों की बौछार होते देखी गई। रंगो का त्यौहार मे दोनो समुदाय के लोगो ने एक दूसरे का फर्ज निभाते हुए जहां मुस्लिम भाइयो ने नमाज का समय बढ़ा दिया वही हिन्दु भाइयो ने नमाज का ख्याल रखते हुए समय से पहले ही रंग खेलना बंद कर दिया। नमाज के बाद दोनो समुदाय के लोगो ने एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई। सुरक्षा की दृष्टि से क्षेत्राधिकारी रामनगर शौरभ श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह, अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक सनत मिश्रा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, चौकी प्रभारी अभिनंदन पाण्डेय, राहुल शर्मा, शिवकुमार, राकेश यादव, पंचशील सिंह क्षेत्र का भर्मण करते हुए ड्रोन से निगरानी की।

## शराब के नशे में की लोगों से अभद्रता

**जालौन।** शराब के नशे में मोहल्ले के लोगों के साथ अभद्रता व गाली, गलौज कर मारपीट किए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के कुठौंद बुजुर्ग निवासी नितेश कुामर व अंकित ने पहले तो साथ में बैठकर शराब पी। शरराब पीने के बाद वह आपस में झगड़ा करने लगे। साथ ही शराब के नशे में रास्ते से निकलने वाले लोगों और महिलाओं के साथ अभद्रता करने लगे। मोहल्ले के लोगों ने जब उसे रोकना चाहा तो गाली, गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। जिसकी सूचना मौजूद लोगों ने कोतवाली पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।



## शार्ट सर्किट से लगी आग, तीन घरों की गृहस्थी जलकर खाक

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर थाना क्षेत्र के बादीपुर लखपेड़ा मे शार्ट सर्किट से लगी आग से तीन घरों मे स्कूटी,टेंट का सामान सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बांदीपुर लखपेड़ा गांव में शनिवार करीब 9:30 बजे शॉर्ट सर्किट होने की वजह से एक घर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पड़ोस के दो अन्य घरों मे भी आग फैल गई। आग लगने की जानकारी होते ही आसपास के लोगो मे हड़कंप मच गया। भारी संख्या में स्थानीय लोगों द्वारा आग बुझाने का प्रयास किया गया। घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।लेकिन तब तक तीन घरों के बाहर मौजूद छप्पर,गृहस्थी का सामान स्कूटी,टेंट का सामान, लकड़ी की गुमटी सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया।

## हार-जीत की बाजी लगा रहे नौ लोगों को पुलिस ने पकड़ा

**जालौन।** मोहल्ले में हार जीत की बाजी लगा रहे नौ लोगों को कोतवाली पुलिस ने पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लगभग 52 हजार रुपये नकद, ताश की गड्डी व मोबाइल फोन बरामद किए। पकड़े गए सभी जुआरियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। कोतवाल अजीत सिंह को सूचना मिली कि नगर क्षेत्र के मोहल्ला गणेशजी में सार्वजनिक स्थान पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही उन्होंने एसआई जितेंद्र सिंह को पुलिस फोर्स के साथ मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची पुलिस को देखते ही जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। पुलिस ने मौके से शुभम, अंकित, रिषभ, गगन, अंकित कुमार, सोनू, आशीष, जाहिद, सद्दाम निवासीगण जालौन को पकड़ लिया।

# लखनऊ में सड़क दुर्घटना में समाजसेवी दीपू ठाकुर की मौत

**कालपी-जालौन, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को लखनऊ मे हुई सड़क दुर्घटना में समाजसेवी दीपू ठाकुर की मौत हो गई। होली के मौके पर हुए हादसे से परिवार सदमे मे है। विदित हो कि दशको पूर्व बलवीर सिंह राजावत स्वास्थ्य कर्मी के रूप में सी एच सी मे पदस्थ हुए थे और अपनी कर्मठशैली और हुनर के चलते वह जनता के बीच चर्चित हो गये थे और सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका परिवार यही का होकर रह गया था हालाकि कुछ वर्षो पूर्व वह दुनिया से चले गए थे लेकिन उनका छोटा पुत्र उनके हुनर को जीवँत किए हैं लेकिन उनका बडा पुत्र दीपू ठाकुर वअर्से से लखनऊ मे रहकर कारोबार करता था हालाकि अक्सर ही वह अपने घर आता जाता रहता था लिए शुक्रवार को होली के मौके पर सडक पार करते समय वाहन ने टक्कर मार दी थी जिससे उनकी मौत हो गई थी। होली के मौके पर परिजनो को यह सूचना मिली तो कोहराम मच गया था और आनन फानन लखनऊ पहुँचे परिजनो और इष्ट मित्र शनिवार को उनके शव को नगर ले आए थे।

जब उनका पार्थिव शरीर घर पर पहुंचा तो शोक संवेदना करने वालो का ताँता लग गया था। विदित हो कि मृतक का महज एक 4 वर्ष का पुत्र है। उनकी असमय मौत पर नगर मे भी गम का माहौल है।

# मानकों को ताक पर रखकर स्लीपर बसों के संचालन में वसूला जा रहा मनमाना किराया

**जालौन, समृद्धि न्यूज।**

नगर से होकर एक दर्जन से अधिक स्लीपर बसों का संचालन अन्य प्रदेशों के लिए हो रहा है। मानकों को ताक पर रखकर हो रहे स्लीपर बसों के संचालन में मनमाना किराया वसूला जा रहा है।

नगर से होकर प्रतिदिन करीब एक दर्जन स्लीपर बसों का संचालन दिल्ली, जयपुर, अजमेर, गुरूग्राम, मध्यप्रदेश, आदि स्थानों के लिए होता है। इन बसों का प्रारंभिक स्टैंड से छूटने और अपने गंतव्य तक पहुंचने के बीच कोई स्टैंड नहीं होना चाहिए। इसके बाद भी यह बसें जगह जगह सवारियों को उतारती और बैठाती हैं। त्योहार के पहले और बाद इन बसों का किराया भी इनके संचालक मनमाने ढंग से बढ़ा देते हैं। होली के पूर्व तक जहां इन बसों पर दिल्ली तक का किराया 1200 से 1400 रुपये तक था। होली के पहले व बाद कामकाजी लोग वापस लौट रहे हैं तो अब किराया बढ़ाकर 2000 से 2200 रुपये तक कर दिया गया है। मजे की बात यह है मनमाने ढंग से किराया बढ़ाने की कोई संचालकों से शिकायत करता है तो वह अपने को किसी न किसी का खास बताकर रौब झाड़ते हैं। मजबूरी में यात्रियों को अधिक किराया देकर यात्रा करनी पड़ती है। इतना ही नहीं दिल्ली से आने वाली इन स्लीपर बसों में व्यापार के लिए सामान लादकर लाया जाता है। जिससे सरकारी राजस्व की भी क्षति होती है। प्रतिदिन हो रहे इन बसों के संचालन के बाद भी जिम्मेदार कार्रवाई में दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। जिसके चलते बेखौफ होकर इन बसों का संचालन हो रहा है। ऐसे में लोगों के बीच तमाम तरह की चर्चाएं होना स्वभाविक है।

**होली के बाद लोग वापस लौट रहे हैं तो अब किराया 2000 से बढ़ाकर 2200 रुपये तक कर दिया गया**

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाई गई होली

**जैदपुर, बाराबंकी।** होली का पर्व आपसी प्रेम भाईचारे के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोलास के साथ मनाया गया। इस दौरान लोगो ने टोलियां बनाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिलकर होली पर्व की बधाई दी साथ ही डीजे ब्रासबैंड एवं भांगड़ा के साथ कस्बे में चाहचर जुलूस भी निकाला गया जिसमे भारी संख्या में लोग शामिल हुए तथा डीजे म्यूजिक पर बज रहे रिमिक्स गानों की धुनों पर अबीर गुलाल उड़ाते एवं गानों पर थिरकते नजर आए। पुलिस प्रशासन की कुशल नेतृत्व से त्यौहार बहुत ही शांति एवं सुरक्षा के साथ संपन्न हुआ जिससे क्षेत्र के लोगों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत तोरईगांव वि.ख.बनीकोडर,बाराबंकी

पत्रांक- /प्रा.पं./मनरेगा/सामग्री-आपूर्ति/निविदा सूचना/बनी./2024-25 दिनांक- 12.03.2025

## निविदा सूचना

विकास खण्ड बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत तोरईगांव में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। जिसके लिए संलग्न बिल आफ क्वालिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं से स्वीकृत दरों के अधीन निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से दिनांक 15.03.2025 से 20.03.2025 तक किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबन्द निविदाएं दिनांक 24.03.2025 को प्रातः 10 से 02 बजे अपरान्ह तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तथा दिनांक 24.03.2025 को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय/पंचायत भवन में फर्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष समय 03:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण | सामग्री की मात्रा (सं./ई.में) | अनु.लागत जीएसटी सहित (रू. लाख में) | धरोहर राशि (लाख में रू.) | निविदा मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 1. | पूर्व माध्यमिक विद्यालय तोरईगांव में बाउण्ड्रीवाल निर्माण कार्य | ईंट अव्वल, ईट गिट्टी 40 एमएम सीमेन्ट, लोहा | 19368<br>14.99<br>10.22 टन<br>11.073 | 141651<br>21450.69<br>81105.92<br>90785.07 | | | |

**निर्धारित शर्तेः-**

1. निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित जीएसटी पंजीकृत फर्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि का राष्ट्रीयकृत/बैंक/पोस्ट आफिस द्वारा निर्गत डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आडर्स/प्रतिभूति प्रमाण पत्र जो ग्राम पंचायत तोरईगांव विकास खण्ड बनीकोडर के नाम से बंधक करते हुए जमा करना होगा।
2. आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल आफ क्वालिटी के अुनसार उपरोक्त वार्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट समय/स्थान पर आपूर्ति करना होगा।
3. आपूर्ति की गई सामग्री का मनरेगा योजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी, विलम्ब आदि के लिए कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी।
4. जी.एस.टी. पंजीकृत बिल ही मान्य होगा।
5. विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
6. आपूर्ति की गई सामग्री की गुणवत्त मानक के अनुरूप करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा।
7. आपूर्ति की गई सामग्री के भाड़ा/किराये का अलग से भुगतान देय नहीं होगा।
8. निविदा स्वीकृत होने पर सम्बन्धित फर्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुबन्ध निष्पादित हो जाने पर ग्राम पंचायत कोटवाधाम में उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/स्वीकृत सामग्री सम्बन्धित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियन्ता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्दिष्ट समय/स्थान पर सामग्री की आपूर्ति करने का विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।
9. निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
10. निविदा फर्म पर किसी प्रकार की कटिंग या उघरिलेखन मान्य नहीं होगा।
11. निविदा फर्म पर दर का उल्लेख अंको व शब्दों में करना आवश्यक होगा।
12. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**तकनीकी सहायक**
**ग्रा.पं. तोरईगांव**
**वि.ख. बनीकोडर, बाराबंकी**

**सचिव**
**ग्रा.पं. तोरईगांव**
**वि.ख. बनीकोडर, बाराबंकी**

**ग्राम प्रधान**
**ग्रा.पं. तोरईगांव**
**वि.ख. बनीकोडर, बाराबंकी**

# रंग बरसे की धुन पर थिरके युवा, जमकर उड़ा रंग-गुलाल



रंग से सराबोर युवतियां

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

रंग, गुलाल और अबीर से एक-दूसरे को सराबोर करने की होड़ और होली के गीतों की मस्ती के साथ रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास से मनाई गई। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में थे। शुक्रवार को कस्वा समेत आस- पास क्षेत्रो में रंगों का पर्व होली धूमधाम शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।

गुरुवार की शाम होलिका दहन के बाद से ही लोग होली के रंग में रंगने लगे थे। सुबह होते- होते लोग होली की मस्ती में डूब गए। बच्चों की मस्ती तो गुरुवार शाम से ही दिखने लगी थी। होली है होली है की गूंज हर ओर गूंजने लगी। बच्चे सुबह होने का इंतजार करने लगे। शुक्रवार को सुबह से ही बच्चो समेत हर कोई होलियाना मुड़ में नजर आ रहा था। होली आई रे कन्हाई, रंग बरसे की धुन पर लोग थिरकते रहे। पुरूषों की तरह महिलाओं ने भी होली का आनंद उठाया। सभी एक- दूसरे को रंगने में जुटी हुई थी। होली की बधाई देने वालों की भी कमी नहीं थी। समूह में बंट कर लोग एक- दूसरे के घर पहुंचे और गुलाल लगा कर एक- दूसरे को होली की बधाई दी।

कस्वा में श्री रामचरित मानस अखिल चेतना मंच के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में कमेटी के पदाधिकारियों ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। समारोह में सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि होली मिलन कार्यक्रम सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। ऐसे आयोजन प्रगति के नए आयाम स्थापित करते हैं। कहा कि होली मिलन आपसी मतभेद भुलाकर राष्ट्र के विकास के लिए काम करने का अवसर प्रदान करता है। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारी सहित आदि लोग रहे।

होली व जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा और सुरक्षा का पुख्ता इंतजार किया गया था। जनपद में एसपी विनोद कुमार सहित आलाधिकारी भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जयाजा लेते रहे। और ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**छिबरामऊ, कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। तहसील सभागार में जिला अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें राजस्व विभाग की चार शिकायतें दर्ज की गई दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पुलिस विभाग की सात शिकायतें दर्ज की गई विकास विभाग की तीन शिकायतें दर्ज की गई एक शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया चकबंदी विभाग की एक शिकायत दर्ज की गई कुल 15 शिकायतें दर्ज की गई तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया संपूर्ण तहसील समाधान दिवस पर जिला स्तरीय विभाग अध्यक्ष के अलावा उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकार प्रभारी निरीक्षक सहित अधिकारी मौजूद रहे।

# सपा मुखिया को चांदी का मुकुट पहनाकर किया स्वागत

- सैफई से लखनऊ जाते समय एक्सप्रेस-वे पर रूके अखिलेश यादव
- सभी कार्यकर्ताओं को होली पर्व की दी बधाई

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।**



सपा मुखिया को चांदी का मुकुट पहनाते कार्यकर्ता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सभी अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों की समस्याएं जाने। आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अभी से तैयारियों में जुट जाएं। इस दौरान सपा कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। उन्होने भी सभी को होली की बधाई दी। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव शुक्रवार की शाम सैफई से लखनऊ जाते समय कुछ देर के लिए आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तिर्वा कट पर रूके। यहां मौजूद कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया का जमकर स्वागत किया। कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख अखिलेश भी गाड़ी से उतरे और उन्होने सभी को होली की बधाई दी। इस दौरान तिर्वा के कुछ सपाईयों ने अखिलेश यादव को चांदी का मुकुट पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर तिर्वा क्षेत्र के कई सपाई मौजूद रहे।

# रमजान में नेकी करने वालों को मिलता है 70 गुना शबाब: हाजी रिंकू

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



ल्लाह और उसके रसूल मोहम्मद ए मुस्तफा ने फरमाया कि माहे रमजान को तमाम महीना पर फजीलत हासिल है और इन महीने में वह एक रात भी शामिल है जिससे कि इबादत हजार मीना से अफजल है रमजान में गुना कबीरा से बचें रमजान का हेतराम करें यानी झूठ ना बोले मौहतान न लगायें किसी की जीवन ना करें हराम से बचें समाजसेवी हाजी रिंकू का कहना है कि रसूले खुदा ने फरमाया कि मेरी उम्मत अगर मन है रमजान का एतराम करेगी तो कभी रुसवा ना होगी नबी ाकरीम ने फरमाया की माहे रमजान में नेकी करने वाले को 70 गुना सबब मिलता है। रमजान का पहला असर रहमत दूसरा आसरा मफरत तीसरा असर जहन्नुम से आजादी दिलवाता है और कहा कि अल्लाह की रहमत होगी तो रिज्क जावा होगा तंग दस्ती खत्म होगी मफरत होगी तो कब्र में सब जवाब में आसानी होगी।

तीसरी आश्रय में अल्लाह को राजी कर लो तो जहन्नम की आजादी मिल जाएगी रमजान का पहले आश्रम मुकम्मल हुआ रोज का असल मकसद है कि हैसियत डर भी भूख प्यास की तकलीफ को समझें और साल के बाकी 11 महीने में गरीब और बेसरा लोगों की भूख और प्यास की तकलीफ को समझ सके वही रोज सिर्फ खाना पीना छोड़ देने का काम नहीं है बल्कि इस दौरान बुराइयों से दूर रहने का भी नाम है की रमजान उल मुबारक भी रोजेदारों ने अल्लाह के रसूल पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहु वाले वसल्लम ने रमजान को सैरुल असल कहा है क्योंकि रमजानुल मुबारक से रोजगारों ने अल्लाह के रसूल पैगंबर मोहम्मद सल्लल्लाहो वाले वसल्लम ने रमजान को सैरुल असल कहा है क्योंकि रमजान के महीने में निजात ही निजात है इस मुबारक महीने में खुद की रहमत की वर्षा होती है रमजान के रोजे का मकसद दरअसल गुनाहों से बचाना है रोज ऐसी रूहानी इबादत है जो इंसान को बहुत ऊंचे स्थान पर पहुंचता है।



## हर्ष उल्लास के साथ संपन्न होली महोत्सव

**छिबरामऊ, कन्नौज।** रंगो का होली महोत्सव धूमधाम से संपन्न हुआ होल्का दहन के बाद बच्चों युवाओं व बुजुर्गों में होली का रंग चढ़ने लगा होलिका दहन के बाद बच्चों युवाओं बुजुर्गों में होली का रंग चढ़ने लगा और घमासान रंग खेला गया सुबह 9:00 से दोपहर 2:00 तक सड़कों व गलियों में रंग चला रहा स्थानीय प्रशासन द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी मात्रा में पुलिस व बल तैनात किया गया शांतिपूर्ण हर्षोल्लास के माहौल में होली महोत्सव संपन्न हुआ।

# बच्चे मेहनत करें तभी मिलती है सफलता : डॉ राहुल मिश्रा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सुभाष अकादमी में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सीएचसी के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राहुल मिश्रा ने कहा सफलता के लिए मन की एकाग्रता आवश्यक है। कार्यक्रम में बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किये। बच्चों के साथ उनके माता पिता ने भी खेलों में प्रतिभाग किया। और पुरस्कार जीते। समारोह का मुख्य आकर्षण छात्र जयवीर सिंह को मिला आशीष रत्न अवार्ड रहा जिसमे इंटरमीडिएट में 95 प्रतिशत से ऊपर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र को नगर मे पहले विधालय द्वारा शुद्ध स्वर्ण पदक दिया जाता है। जैसे ही जयवीर सिंह को स्वर्ण पदक के लिए बुलाया गया सभी छात्रों, अभिवावकों व अध्यापकों ने खड़े होकर तालियों के साथ उसका स्वागत किया। छात्र जयवीर ने छात्रों को सफलता पाने के गुण बताए और भविष्य में आईएएस बनकर देश सेवा का संकल्प लिया। वर्तमान में जयवीर सिंह दिल्ली यूनिवर्सिटी में अध्यापन कर सिविल सर्विस की तैयारी कर रहे है।

निदेशक राजेश सक्सेना ने कहा कि आगे भी ऐसे छात्रो को सम्मानित करते रहेगे जिससे बच्चो को आगे बढने के लिए प्रेरित हो कविता सक्सेना, प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार सिंह, मुकेश शुक्ल ने सभी विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। निदेशक राजेश सक्सेना ने सभी छात्रों से छात्र जयवीर सिंह से प्रेरणा लेने की नसीहत दी।

## कल्यानपुर प्रधान प्रतिनिधि पर हुआ जानलेवा हमला

**छिबरामऊ, कन्नौज।** अन्तर्गत ग्राम कालियानपुर में राज्य वित्त विभाग के सहयोग से खेल-कूद के मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। परंतु ग्राम के ही भू माफिया राम रहिस यादव और उनके साथियों द्वारा उसकी दीवार गिरा दी गई। ग्रामवासियों ने इस घटना की सूचना ग्राम प्रधान प्रतिभा मिश्रा जी को दी। इस पर उन्होंने अपने लड़के नीतीश को स्थिति देखने भेजा। जब नीतीश वहाँ पहुँचे, तो उन लोगों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया और उनकी कार को पलट दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। उनकी गाड़ी भी पूरी तरह ध्वस्त हो गई। गाँव के कुछ लोगों की मदद से नीतीश को बाहर निकाला गया और उनकी जान बचाई गई। यह एक गंभीर घटना है, जिस पर उचित कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## खबरें एक नजर में

### मोटरसाइकिल की टक्कर अधेड़ की मौत

**सौरिख,कन्नौज।** खेत से घर वापस आते समय तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से अधेड़ युवक गंभीर रूप से घायल हो गया मिनी पीजीआई जाते समय रास्ते में तोड़ा दम सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सौरिख के नेहरू नगर निवासी मुरारीलाल शर्मा पुत्र नेकराम शर्मा उम्र 52 वर्ष 14 मार्च शुक्रवार की सुबह खेत से घास लेकर लौट रहे थे ।घर के सामने पहुंचते ही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने जोरदार टकर मारकर घायल कर दिया बाइक सवार मोटरसाइकिल छोड़ कर भाग गए परिजन घायल को सौरिख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने गंभीर अवस्था में मिनी पीजीआई सैफई के लिए भेज दिया जाते समय रास्ते में घायल की मौत हो गई जिसकी सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया ।मृतक भाइयों में दूसरे नंबर का था ।मृतक की पत्नी पुष्पा देवी व बेटों सौरभ, व गौरव शर्मा का रो रो कर बुरा हाल है ।तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत ने शव पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस कर्मियों ने खेली कपड़ फाड़ होली



**कन्नौज।** पुलिस लाइन में खाकी ने खेली कपड़ फाड़ होली। एसपी से लेकर सभी पुलिस अफसर होली के संगीतमयी तरानो पर झूमें। डीजे मिक्स गानो पर सीओ सदर ने किया जबरदस्त डांस। सीओ का साथ देते नजर आये अन्य पुलिसकर्मी होली की खुशी में चूर अन्य पुलिसकर्मी दिखे होली के दूसरे दिन पुलिस लाइन में खाकी ने खेली होली। शनिवार को पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों ब अधिकारियों द्वारा जमकर होली खेली गई खाकी ने एक दूसरे को गुलाल व रंग लगाकर खुशी का इजहार किया गया जिसमें कपड़ फाड़ होली भी लोगों को देखने को मिली जिसमें डीजे पर गाना बजाकर डांस किया गया जिसमें जमकर पुलिसकर्मी अधिकारी नाचते नजर आए जिसमें सदर क्षेत्र अधिकारी ने भी जमकर डांस किया और डांस में उनके साथ देते नजर आए अन्य पुलिसकर्मी वहीं पुलिस कर्मियों में खुशी भी देखी जा रही थी होली खेलने का उत्साह अधिकारियों और पुलिस कर्मियों में देखने को मिला।

### गांधी प्रतिमा स्थल पर शराबियों ने किया हाई वोल्टेज ड्रामा



**कनौज।** गांधी प्रतिमा स्थल पर शराबियों द्वारा घंटो हाई वोल्टेज ड्रामा किया गया उसके बाद दोनों शराबी एक दूसरे को गले लगा कर रोते हुए दिखाई दिये जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विवरण के अनुसार कन्नौज की तहसील तिर्वा के गांधी चौराहा पर बरसों पुरानी गांधी जी की प्रतिमा लगी हुई है यह प्रतिमा बरसों पुरानी बताई जा रही है जिसे गांधी चौक कहा जाता है। लगी प्रतिमा किसी बाहन चालक द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिए जाने के बाद शराब के नशे में दो शराबी प्रतिमा स्थल पर पहुंचे और शराबियों ने घंटो हाई वोल्टेज ड्रामा करना आरंभ कर दिया इतना ही नहीं शाराबियो ने एक दूसरे को गले लगाकर रोते बिलखते हुए दिखाई देने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है ।एक दूसरे को गले लगाकर रो रहे शराबियों की वीडियो से यह जग जाहिर हो रहा है कि बापू के न होने का इन शराबियों द्वारा रोकर और चिल्लाकर गम मनाया जा रहा हो इस कदर दोनों शराबी एक दूसरे को गले लगा कर रो रहे थे। जिन्हें देखने के लिए लोगों का जमाबड़ा लग गया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# सपाईयों ने मनाई बहुजन नायक काशीराम की जयंती

**कनौज, समृद्धि न्यूज।**



बहुजन नायक काशीराम की जयंती आज समाजवादी पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा धूम धाम के साथ मनाई गई कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर मालया अर्पण कर श्रद्धांजलि दी साथ ही उनके बताए हुए रास्ते पर भी चलने का संकल्प लिया गया।

विवरण के अनुसार बहुजन नायक काशीराम की जयंती को सपा कार्यकर्ताओं द्वारा सपा जिला कार्यालय पर धूम धाम के साथ मनाई गयी। इस मौके पर सपा कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्या अर्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताये हुये रास्ते पर चलने का संकल्प भी लिया। सपा जिला अध्यक्ष कलीम खान उनके जीवन पर प्रकाश डाला और कहा बहुजन नायक काशीराम दलित ,शोषित,और वंचितों के मसीहा थे ।साथ ही बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक भी थे। उन्होंने हमेशा दलित,शोषित और वंचितों की हर लड़ाई को लड़ने का कार्य किया है उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस मौके पर सायुस नेता हसीब हसन ने बहुजन नायक काशीराम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा गरीब, वंचित ,शोषित और दलितो की लड़ाई लड़ने का कार्य किया है। वो बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक भी थे। उन्होंने हमेशा दबे कुचले लोगों की आवाज को उठाकर उन्हें न्याय दिलाने का कार्य क्या है। हम ऐसे नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं ।और उनके बताए हुए रास्ते पर हम सभी लोग चलकर देश को आगे बढ़ने का कार्य करेंगे। इस मौके पर राम शंकर लोधी, कौशल खान ,सुनील दिवाकर, राकेश कठेरिया ,रजनीकांत पाल, शकील अहमद, शिवम जाटव, शाहिद वारसी ,राजेश, मुकीम खान ,तुफैल अहमद सुधीर कश्यप सहित सैकड़ो की संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलिस के साथ ग्रामीणों ने की अभद्रता

**सौरिख,कन्नौज।** जलनिगम द्वारा गांव में बनवाई जा रही पानी टंकी के लिए सामन डाल रखा था ।जिसकी देखभाल की जिम्मेदारी गांव के ही युवक को सौंप रखी थी। पड़ा सामान चोरी होने पर चौकी दार ने गांव के ही युवक चोरी आरोप लगाते हुए ऐसा करने से मना किया तो उसने विरोध करते हुए मारपीट कर पुलिस को सूचना दे दी मौके पर पहुंची पुलिस उक्त युवक को दो अन्य लोगो के साथ पकड़ कर थाने ले आई जिसकी सूचना लगते ही लगभग एक सैकड़ा पुरुष व महिलाएं थाने पहुंच कर छोड़े जाने की जिद करने लगे वही पुलिस ने तहरीर के आधार पर कारवाई करने में जुटी। सूचना पर 112 नंबर पुलिस गांव पहुंची और नंदपाल को पकड़ कर थाने ले आई जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया और पुलिस के साथ अभद्रता कर दी जिसपर पुलिस नन्द पाल व हरिओम पुत्र राजवीर को पकड़ कर थाने ले आई कानूनी कार्रवाई कर तीनों युवकों को न्यायालय भेज दिया।

# पुरस्कार पाकर खुशी से फुले नहीं समाए छात्र-छात्राएं

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र छात्राएं पुरस्कार पाकर खुशी से फुले नहीं समाए। 200 मीटर रेस में मोहित प्रथम, अनिकेत द्वितीय, सचिन तृतीय, खो खो व कबड्डी में जेसी बोस हाउस विजेता रहा। 50 मीटर दौड़ में वंश प्रथम, तारक द्वितीय, अनुभव तृतीय, लेमन स्पून रेस में मनु प्रथम, आर्या द्वितीय, अक्षय तृतीय, कंगारू रेस में वंश प्रथम, जेनुलाब्दीन द्वितीय, आरोही तृतीय, बैलून रेस में तारक व मनु प्रथम, तनिष्का व नित्या द्वितीय, आर्य व अनुभव तृतीय, रिले रेस में अनिकेत प्रथम, अंश शाक्य द्वितीय, सचिन पाल तृतीय, बैलून रेस में अभि व नितिन प्रथम, युवराज व अरनव द्वितीय, ध्रुव व हिरामन तृतीय, बलून रेस में पीजी से क्लास 1 के बच्चों मे तारक, मनु प्रथम, तनिष्का, नित्य द्वितीय, आना, रौनक तृतीय, 200 मीटर गर्ल्स रेस में कृष्णा प्रथम, जानवी द्वितीय, अंजलि तृतीय, टग ऑफ वार में कक्षा 2 से 5 के बीच मे कलाम हाउस प्रथम व भाभा हाउस द्वितीय रहा। लेमन स्पून रेस में सायना प्रथम, गुनगुन द्वितीय, तनु तृतीय, 3 लेग रेस मे मानसी, आरोही प्रथम, तनिष्का, मनु द्वितीय, नित्य, हूर तृतीय, बनाना रेस में सेवंश प्रथम, तारक द्वितीय, अनुभव तृतीय, इंफ्लेट बलून रेस में अंशुल प्रथम, पीयूष द्वितीय, नितिन तृतीय,3 लेग गर्ल्स में कृष्णा, जानवी प्रथम, अनुष्का, अक्षरा द्वितीय व अंजलि, प्राची तृतीय रहे।

# दो पक्षों में मारपीट चार घायल, रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कार निकालने के विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज के बाद मारपीट हुई। जिसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। पीड़ितों ने एक दूसरे के विरुद्ध तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। नगर के मोहल्ला जवाहर नगर निवासी संजीव गुप्ता पुत्र गंगाराम गुप्ता ने कोतवाली में दर्ज़ करवाई रिपोर्ट में कहा है कि 14 मार्च की दोपहर 01 बजे जब वह आखत डालने जा रहा था। तभी उसके पैर पर डब्बू दुबे निवासी कुडरीपुर्वा ने कार का पहिया चढ़ा दिया। विरोध करने पर उसके साथ गाली गलौज की। इसके बाद वह वहां से चला गया। लगभग 02 घण्टे बाद वाहन चालक डब्बू अपने भाई कमल दुबे व उनके साथी शरद व सुगम को वहां लेकर आया और उनके घर मे घुसकर धारदार हथियार से अभिषेक गुप्ता व अरुण गुप्ता पर हमला कर व मारपीट करने लगा। जिससे वह दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वही दूसरे पक्ष से नीरज दुबे (डब्बू) ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 मार्च को समय करीब 01 बजे वह अपनी कार से दिल्ली से बापस आ रहा था। तभी चकोर गली के सामने भीड़ लगी थीं साइड मांगने के लिए उसने कई बार हॉर्न बजाया।

तभी वहां खड़े टिल्लू, अभिषेक, नैतिक, चंदन और आदेश गुप्ता ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी और मरणासन्न अवस्था में धमकी देकर भाग गए।

# तिर्वा में जल्द शुरू कराएंगे बाईपास निर्माण का काम: कैलाश राजपूत

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।**



होली मिलन समारोह में मौजूद भाजपा विधायक व अन्य

तिर्वा क्षेत्र में जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही बाईपास निर्माण का काम शुरू कराया जाएगा। यह बाईपास तिर्वा के राजकीय पैरामेडिकल कॉलेज से होकर बलनपुर निकलेगा। इसके लिए जल्द ही इंजीनियरों की टीम को साथ लेकर सर्वे किया जाएगा। यह घोषणा शनिवार को तिर्वा के भाजपा विधायक कैलाश राजपूत ने की।

कस्बे के एक निजी गेस्ट हाउस में शनिवार की शाम नगर पंचायत तिर्वागंज द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक कैलाश राजपूत ने क्षेत्र के लोगों को होली पर्व की बधाई दी। उन्होने नगर पंचायत के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहला मौका है जबकि सभी दलों के लोग एक साथ मिलकर होली मिलन समारोह में आए है। उन्होने मौजूद लोगों से नगर की समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान कई गणमान्य नागरिकों ने नगर पंचायत में अतिक्रमण व रोड जाम का मुद्दा उठाया। लोगों ने भाजपा विधायक को बताया कि दो दिन पहले ही कस्बे के गांधी चैक चैराहे पर लगी गांधी जी की प्रतिमा को ट्रक ने टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पिछले एक माह के दौरान इसी समस्या के चलते एक दर्जन से अधिक सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जिसमें लोग मौत का शिकार हुए है। इस समस्या पर विधायक ने कहा कि उन्होने बजट सत्र के दौरान विधानसभा में भी तिर्वा में बाईपास निर्माण का मामला उठाया था। वह तिर्वा के लोगों से वायदा कर रहे है कि इसी सप्ताह में वह इंजीनियरों की टीम के साथ सर्वे करेगें। रिपोर्ट तैयार करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंपेगें। इसके लिए बजट मांगेगे। उन्हे विश्वास है कि जल्द से जल्द वह बाईपास निमार्ण का काम शुरू करा देगें। इस मौके पर चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, त्रिलोकीनाथ चतुर्वेदी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, नन्द किशोर स्वर्णकार, सरदार अमरीक सिंह, व्यवासी राकेश गुप्ता, अनिल वर्मा, रामऔतार मनवसिया, किशोर स्वर्णकार, जितेन्द्र स्वर्णकार सहित सैकड़ो गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गुनाहों से बचने का संदेश देता है रोज़ा

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**







माहे रमज़ान माह के दस दिन गुजर चुके हैं अब दूसरा असरा चल रहा है। जनप्रतिनिधियों ने रमज़ान पर व्यक्त की अपनी अपनी प्रतिक्रियाएं समधन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि इस रमजान महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों पर रहमतों व वरकतों की बारिश करता है रोज़ा गुनाहों से बचनें का संदेश भी देता है। सभी मुस्लिम मर्द और औरत इस महीने की अच्छे कद्र करें।

युवा समाजसेवी सैय्यद अहमद उसैव वटटू ने कहा कि रमज़ान महीना जैसे ही शुरू होता है अल्लाह ताला इस महीने में जन्नत के दरवाजे खोल देता है और जहान्नुम के दरवाजे बंद कर देता है। भूख प्यास बर्दाश्त कर जो अल्लाह का बन्दा रोज़ा रखता है अल्लाह ताला उससे बहुत खुश होता है।

उधर ग्राम पंचायत मलिकपुर प्रधान प्रतिनिधि शमीम अहमद (हबलू) ने कहा कि रमज़ान के पूरे महीने अल्लाह ताला नेकियों का सबाब सत्तर गुनाह बड़ा देता है एक नेकी के बदलें सत्तर नेकियों का सबाब देता है। इस पूरे महीने कड़ी मस्क़त उठाकर जो लोग रोज़ा, नमाज़, तिलावत करते हैं अल्लाह ताला इसका सबाब आखिरत में देगा इस महीने में गरीबों मजलूमों यतीमों की खूब मदद करना चाहिए ईद मनाने से पहले अपने आसपास के पड़ोसियों का भी हाल चाल पता कर लें की कोई बन्दा ऐसा न हो जो ईद का त्योहार मनाने के लिए उसके पास पैसों की गुंजाइश न हो तो उन लोगों का खास ख्याल रखना चाहिए।

## घर में घुसकर युवक को किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** रंजिश को लेकर गांव के लोगों ने युवक पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया। पीड़ित के भाई ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम छवीलेपुर्वा निवासी संदीप कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि सोमवार की रात करीब 11 बजे गांव के चन्द्रेश दिवाकर पुत्र रामौतार अपने एक साथी के साथ घर में घुस गाली गलौज की। मना करने पर उसके चचेरे भाई रामनिवास पुत्र महावीर से गाली-गलौज की और सिर में ईट मारकर घायल कर दिया। इससे रामनिवास गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपित जान से मारने की धमकी देकर चले गए। घायल रामनिवास को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पानी लेने गया युवक बोरबेल कुएं में गिरा, मौत

**सौरिख कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गांव के बाहर खेतों में जुआ खेल रहे जुआरियों के लिए पानी लेने गए युवक का पैर फिसल गया और बोरबेल के कुएं में जा गिरा।काफी देर तक वापस न आने पर जुआरियों ने तलाश किया तब घटना की जानकारी हुई। गांव वालों ने युवक को निकाला और घटना की जानकारी पुलिस को दी। थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव में गांव के बाहर खेतों में शनिवार सुबह करीब 11बजे जुआरी जुआ खेल रहे थे। जुआरियों को प्यास लगने पर वहां जुआ देख रहे गांव के ही विमलेश उर्फ टिंकू पुत्र रामरतन प्रजापति 25 वर्ष को पानी लेने के लिए भेज दिया।विमलेश पानी लेने जा रहा था इसी दौरान विमलेश का पैर फिसल गया और वह बोरबेल के कुएं में जा गिरा कुएं में पानी पंखे का बाल्ब लगा था जिससे उसका सिर फट गया। काफी देर तक वापस न आने पर जुआरियों ने तलाश किया तो घास के बीच कुएं में विमलेश दिखाई दिया। आनन फानन में जुआरियों ने बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई थी।घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो चीखपुकार मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।थाना प्रभारी जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि युवक जुआ देखने गया था और कुएं में गिरकर मौत हो गई जुआरियों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा और तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# सैन्य क्षेत्र में सैनिकों ने जोश और उमंग के साथ मनायी होली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ के सैन्य क्षेत्र में सैनिकों ने जोश और उमंग के साथ होली मनायी। करियप्पा ग्राउंड में राजपूत रेजीमेंटल सेंटर के सूबेदार मेजर कप्तान सिंह के नेतृत्व में राजपूत के अग्निवीर सैनिकों, जवानों, जेसीओज व अधिकारियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर एच.एस.संधू ने जवानों को व उनके परिजनों को रंगोत्सव की की बधाई दी व जवानों के संग होली गीतों पर जमकर थिरके। वहीं सिखलाईट रेजीमेटल सेंटर के रमन स्टेडियम में सेंटर सूबेदार मेजर जसवीर सिंह अन्य सूबेदार मेजर जग्गा सिंह, रंजीत सिंह,

> ▸ स्टेशन कमांडर ब्रिगेडियर एच.एस.संधू सैनिकों के साथ थिरके

जसवंत सिंह ने होली ग्राउंड पर डिप्टी कमाडांट कर्नल गौरव, एडम बटालियन कमांडर ले0 कर्नल विशाल चौधरी, ट्रेनिंग बटालियन कमाडांट ले0 कर्नल सुनील कुमार, आर.एम.ओ. सिखलाई मेजर आलोक दुबे, धर्मगुरु रणवीर सिंह, रिकार्ड आफीसर ले0 कर्नल अजय डागर का स्वागत रंगों से किया। सिखलाइट सेंटर के कमाडांट ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन का स्वागत बड़े जोश के साथ ढोल के साथ किया गया। कमाडांट जैन के पहुंचते ही सैनिक जोश में आ


सिखलाइट सेंटर की महिलाओं के साथ होली मनातीं आवा प्रेसीडेंट अम्बिका जैन


होली के जश्न में डूबे सैन्य अधिकारी व सैनिक


पूर्व संध्या पर स्टेशन कमांडर एच.एस. संधू पत्नी के साथ होलिका दहन करवाते हुए

गये। ब्रिगेडियर जैन ने दोनों हाथों से गुलाल भर-भरकर अपने जवानों, अधिकारियों और जेसीओ को रंग लगाया और गले लगाकर बधाई दी। अपने संबोधन में जैन ने कहा होली रंगों और उमंगों का प्यारा पर्व है। इसे जोश के साथ मनायें, लेकिन याद रखें जोश में होश न खोयें। अपना और अपने साथियों का ख्याल रखें, किसी को हानि न पहुंचायें। होली गीतों पर सेना के जवानों ने उनको कंधे पर बिठाकर डांस किया। होली का बम्पर ड्रा भी खेला गया। कमाडांट ने विजेताओं को पुरस्कार बांटे। लाल, हरे, पीले, नीले गुलाल के बादल मैदान में छाये रहे। वहीं दूसरी ओर राजपूत की आवा अध्यक्ष गुरुप्रीत और संधू ने राजपूत परिवारों, महिलाओं व बच्चों के साथ होली मनायी। वहीं सिलखाई सेंटर की महिलाओं व बच्चों के साथ अम्बिका जैन ने होली खेली।

## रिटायर्ड पुलिसकर्मी के पुत्र की करंट लगने से मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** होली पर डीजे बजाने के लिए केबिल डाल रहे रिटायर्ड पुलिसकर्मी के पुत्र की करंट लगने से मौत हो गयी। जिससे त्योहार की खुशियां मातम में बदल गयीं। पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के ग्राम देवरामपुर निवासी नाहर सिंह यादव पुलिस विभाग में चालक के पद से रिटायर्ड हुए थे। उनका पुत्र 35 वर्षीय अरुण उर्फ सीटू होली पर डीजे बजाने के लिए केबिल ठीक कर रहा था। उसी दौरान अचानक करंट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जिसे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक चार भाईयों में सबसे छोटा था। मृतक के तीसरे नम्बर के भाई आलोक यादव की लगभग दो साल पूर्व ट्राली पलटने से मौत हो गयी थी। मृतक कार चालक था। मृतक की माँ सरला यादव व पत्नी सीता यादव का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक सीटू के दो पुत्रियाँ हैं। सूचना मिलने पर आईटीआई चौकी प्रभारी विशेष कुमार मौके पर पहुंचे और जाँच पड़ताल की।

## चारपाई पर बैठने पर दलित छात्र को दबंगों ने पीटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों ने चारपाई पर बैठने वाले दलित छात्र की जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर निवासी इंद्रपाल सिंह के पुत्र रोहित कुमार कोरी ने बीती शाम 8 बजे चाचा के साथ जाकर रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाने में तहरीर दी। जिसमें रोहित कुमारल ने बताया कि मैं बीती शाम 7.30 घर के दरवाजे के चबूतरे पर चारपाई पर बैठा था। उसी समय गांव के शिवम, उसके पिता प्रेमपाल कुशवाहा, सोबरन पुत्र मौजी लाल, धनंजय पुत्र भगवान, विपिन पुत्र लालाराम, ब्रजपाल पुत्र मौजी लाल आदि 10 लोग जिन्होंने मुझे देखते ही जाति सूचक गाली देकर अपमानित करते हुए कहा कि तेरी


चोटें दिखाता दलित छात्र रोहित कुमार

हिम्मत कि तुम दरवाजे पर चारपाई पर बैठा है। तूने गांव को नापाक कर दिया। जिसका विरोध करने पर गांव के उक्त दबंगों ने लात-घूंसा, डंडों आदि से जमकर पिटाई की। रोहित कुमार शनिवार सुबह करीब 10 बजे रिपोर्ट की कॉपी लेने थाने गया,स तो पता चला पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस वाले होली खेल रहे थे। उन्होंने कल आने को कहा है। पुलिस यदि चाहती तो बीती रात दलित छात्र का डाक्टरी परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर सकती थी। पीड़ित बीएससी फाइनल कर रहा है।

## नन्हें रोजेदार की खुदा के प्रति इबादत देख लोग कर रहे तारीफ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

खुदा से प्रेम करने और उसकी इबादत की कोई उम्र नहीं होती। रमजान माह में रोजेदार रोजा रखकर खुदा की इबादत कर रहे हैं। इन्हीं रोजेदारों में एक (4) साल 4 महीना का मासूम बच्चा भी शामिल है। फर्रुखाबाद जनपद के जहानगंज क्षेत्र के जरारी गांव का रहने वाला 4 साल का मासूम हमजा अशरफ ने पहला रोजा रखा है। वह रोजा रखकर नमाज अदा कर खुदा से देश में अमन चैन की दुआ कर रहा है। मासूम बच्चों का इस इबादत को देखकर लोग उसकी तारीफ कर रहे हैं। अपने पहले रोजे को लेकर मजा अशरफ ने बताया कि रोजा रखकर उन्होंने खुदा से दुआ मांगी कि देश-दुनिया में अमन शांति


नन्हा रोजेगार हमजा

कायम रहे। जहां बड़ों ने रोजा रखकर शाम को इफ्तारी की, तो वहीं इस नन्हें मुन्ने बच्चे भी पीछे नहीं रहें। बच्चों ने भी दिनभर रोजा रखकर अल्लाह की इबादत में मशगूल रहे और पांचों वक्त की नमाज भी अदा की। जिसपर बच्चों के परिजनों ने रोजा रखने पर उन्हें ढेर सारी मुबारकबाद दी। बड़े उम्र के लोग बड़ी मुश्किल से रोजा रख पाते हैं। ऐसे में इस बच्चें ने बुलंद हौसला तारीफ के काबिल है। हमजा रोजा रखने के साथ-साथ अपनी पढ़ाई भी जारी रखे हुए हैं। हमजा अशरफ ने कहा कि मुझे खुदा की इबादत पसंद है। मैंने अम्मी अब्बू से इबादत की प्रेरणा ली है।

उन्होंने बताया कि इबादत करने से हमें तो खुशियां हासिल होती ही हैं, साथ ही दूसरे लोगों का भी भला होता है। इसलिए जैसा वो करते हैं वैसा मैं भी करता हूँ। हमजा अशरफ के पिता मुफ्ती अब्दुल मुईद अजहरी कहते हैं कि जिस तरह से बड़े रोजा रखते हैं और इबादत करते हैं उसी तरह से मेरे बेटे ने भी पहला रोजा रख खुदा की इबादत की हैं। अल्लाह की इबादत के सामने भूख प्यास कुछ भी नहीं है इस्लाम में रोजा रखना एक महत्वपूर्ण फर्ज माना जाता है।

## डॉ. बीआर अम्बेडकर जयंती समारोह समिति ने मनाया कांशीराम का 91वां जन्मदिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नवाबगंज में डॉ. बीआर अम्बेडकर जयंती समारोह समिति ने कांशीराम का 91वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के संस्थापक सुरेश चंद्र द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। उन्होंने कांशीराम के विचारों एवं संघर्षों पर विचार डालते हुए कहा की कांशीराम ने अपना पूरा जीवन बहुजन समाज को जगाने में लगा दिया और गांव, शहर की पैदल और साइकिल से पूरे भारत की यात्रा की और सोते हुए बहुजन समाज को जगाया। बहुजनों को सड़क से संसद तक ले जाने का काम किया। बहुजन समाज हमेशा उनके त्याग और


जन्मदिन मनाते पदाधिकारी

बलिदान का कर्जदार रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सामाजिक परिवर्तन और राजनीतिक सशक्तिकरण का जो मूवमेंट जो कांशीराम ने शुरू कियाए वह आज भी करोड़ों शोषित, वंचित लोगों के संघर्ष को दिशा दे रहा है। कार्यक्रम में समिति के सभी पधाधिकारी उपस्तिथि रहे।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आने से गर्भवती गाय की मौत


स्टेशन पर खड़ी ट्रेन

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** ट्रेन की चपेट में आने से एक गर्भवती गाय की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 11:45 बजे छपरा मथुरा एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 1501 जो की छपरा से होकर मथुरा जा रही थी। कमालगंज रेलवे स्टेशन के पास अचानक गर्भवती गाय आ गयी। जिसकी ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। लोगों की माने तो चालक ने बचाने का बहुत प्रयास किया, चालक ने इमरजेंसी ब्रेक भी लगाया। जिस कारण प्रेशर पाइप निकल गया। लगभग 15 मिनट स्टेशन पर गाड़ी खड़ी रही। प्रेशर पाइप लगने के बाद में गाड़ी को रवाना किया गया।

### अतुल सिंह मेमोरियल के बैनर तले दिन-रात्रि वॉलीवाल प्रतियोगिता आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अतुल सिंह मेमोरियल के बैनर तले दिन-रात्रि वॉलीवाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को ब्लाक मोहम्मदाबाद के ग्राम धीरपुर अतुल सिंह स्टेडियम में किया जायेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू तथा विशिष्ट अतिथि प्रदीप सिंह राठौर जिला महासचिव करणी सेना के अलावा मंथन ठाकुर जिलाध्यक्ष करणी सेना, सत्यगिरि महाराज, होंगे। वहीं कार्यक्रम संयोजक कीर्तिवर्धन सिंह राठौड़, सोनू सिंह राठौड़, शिशु सिंह राठौड़, ईशु सिंह राठौड़, हिमांशु सिंह राठौड़, अतुल सिंह, रिंकू राठौड़, शिवा सिंह, मिंशु सिंह, विवेक सिंह आदि बनाये गये हैं।

### किसान नेता के यहां छापा मारकर देशी शराब पुलिस ने पकड़ी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध रुप से बेची जा रही देशी शराब को पुलिस ने पकड़ लिया। इस दौरान तीन लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम कक्योली निवासी एक किसान नेता के घर देशी शराब बेचे जाने की पुलिस को भनक लगी। वैसे ही पुलिस ने दलबल के साथ छापा मारा। जहां से भारी मात्रा में शराब बरामद कर तीन लोगों रविंद्र मिश्रा, रिंकी मिश्रा, भूरे को हिरासत में लिया है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि पुलिस ने शराब विक्रेता से साथ सांठगांठ कर उसके गुर्गों को छोड़ दिया है। जिसकी चर्चा क्षेत्र में जोरशोर से हो रही है।

## कांशीराम तेरी नेक कमाई तूने सोती कौम जगाई....

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

> पार्टी कार्यालय पर मना 91वां जन्मदिवस

पार्टी कार्यालय में कांशीराम की 91वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान मौजूद लोगों ने कहा कि कांशीराम तेरी नेक कमाई, तूने सोती कौम जगाई। आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार गौतम ने कहा कि कांशीराम ने अपना संपूर्ण जीवन दलितों,स पिछड़ों और शोषित समाज के अधिकारों और सम्मान के लिए समर्पित किया। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता और राजनीतिक भागीदारी के लिए ऐतिहासिक संघर्ष किए। जिनका प्रभाव आज भी समाज में देखा जा सकता है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें शत-शत नमन किया। इस मौके पर जिला प्रभारी नूर अहमद, जिला महामंत्री उमेश गौतम, जिला उपाध्यक्ष राजू प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष सूरज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी दीपक अंबेडकर, जिला सचिव अरशद खान, जिला संगठन मंत्री अतुल कठेरिया, संजय कठेरिया सदस्य विधानसभा, सचिव शोभित जाटव, विधानसभा सचिव दिलीप कुमार, विधानसभा सचिव राहुल कुमार, विधानसभा सचिव पवन कुमार, विधानसभा अध्यक्ष अमृतपुर रविंद्र गौतम, विधानसभा महासचिव रोहित गौतम, विधानसभा उपाध्यक्ष रंजीत गौतम, विधानसभा सचिव पिंटू गौतम, विधानसभा सचिव सोनू गौतम, विधानसभा भोजपुर प्रशांत गौतम, जिला संगठन मंत्री सज्जाद खान, विधानसभा सचिव राजेश शास्त्री, विधानसभा सचिव विश्वनाथ सिंह सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दूसरे दिन पुलिसकर्मियों ने खेली होली, किया डांस

> ▸ पुलिस अधीक्षक ने भी लिया होली का लुत्फ, दी शुभकामनायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिन होली के पर्व पर मुस्तैदी के साथ डियूटी करने वाले पुलिसकर्मियों ने आज शनिवार को जमकर होली खेली। इस दौरान पुलिसकर्मी होली की मस्ती में पूरी तरह डूबे नजर आये।

जानकारी के अनुसार होली के दूसरे दिन पुलिसकर्मियों की होली होती है। होली वाले दिन तो पुलिसकर्मी पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी डियूटी करते हैं। वहीं दूसरी दिन वह जमकर होली खेलते हैं।


आईटीआई चौकी में होली खेलते पुलिसकर्मी

पुलिस लाइन से होली की शुरुआत होती है। पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, एएसपी डॉ. संजय सिंह, सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय सहित अधिकारियों ने जमकर खोली खेली। जो भी पुलिसलाइन में गया वह बिना रंगे नहीं लौटा।

ऐसा की हाल कुछ थाना व चौकियों का भी रहा। जहां भी जमकर खेली खेली गयी। आईटीआई चौकी में पुलिसकर्मियों ने शर्ट उतारकर जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनायें दीं। ऐसा ही नजारा थाना कादरीगेट में देखने को मिला। वहां थानाध्यक्ष आमोद कुमार सिंह से लेकर सभी दरोगा व कांस्टेबिल होली के रंग में डूबे नजर आये।

## नगर के सैकड़ों स्थानों पर हुआ होलिका दहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर में सैकडों स्थानों पर होलिका दहन किया गया। लोगों ने सुबह आखत डाले और होलिका माता से अमन चैन कायम रहने की प्रार्थना की।

जानकारी के अनुसार होली की पूर्व संध्या पर माता बहनों ने होली की विधि विधान से पूजा अर्चना की तथा घर पर बनाये गये विभिन्न प्रकार के व्यंजन अर्पण किये। अर्द्धरात्रि के बाद मुर्हत के अनुसार होलिका दहन किया गया। सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच लोगों ने आखत डाले और होलिका माता सुख समृद्धि की कामना की। पुराणों के अनुसार प्राचीन समय में हिरण्यकश्यप नामक एक असुर था जो भगवान विष्णु का कट्टर दुश्मन माना

> ▸ सुबह करीब 9 से 10 बजे के बीच लोगों ने आखत डाले और होलिका माता सुख समृद्धि की कामना की

जाता था, लेकिन उसका खुद का पुत्र प्रह्लाद विष्णु जी का सबसे बड़ा भक्त था। उसकी भक्ति को देखकर हिरण्यकश्यप बहुत कुपित रहा करता था। वह चाहता था कि प्रह्लाद उसकी शक्ति को माने और विष्णु की पूजा न करके उसकी पूजा करे। प्रह्लाद ने ऐसा करने से मना कर दिया। तब हिरण्यकश्यप उसे नाना प्रकार से मार डालने की योजना बनाने लगा। श्री विष्णु कृपा से प्रहलाद हर बार बच जाता था। तब हिरण्यकश्यप के क्रोध


पूर्व संध्या पर होली की पूजा अर्चना करते लोग

का अंत न रहा। उसने अपनी बहन होलिका से प्रह्लाद को जलाकर मार डालने की प्रार्थना करने लगा। उसकी बहन होलिका को यह अशीर्वाद था कि वह अग्नि में नहीं जल सकती। अतः उसने अपनी बहन को मनाया कि वह प्रह्लाद को गोद मे लेकर अग्नि में बैठ जाये। अग्नि उसे छू भी न सकेगी लेकिन प्रह्लाद उस अग्नि में भस्म हो जाएगा। बहन ने अपने भाई की बात मान ली और एक नियत समय पर वह प्रह्लाद को गोद में लेकर बैठी। उसने अग्नि का आह्वान किया। आश्चर्यजनक रूप से होलिका उस अग्नि में बुरी तरह झुलस गई जबकि भक्त प्रह्लाद साफ-साफ बच गया। इस प्रकार बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में देश भर में होली मनाई जाती है।

## बाइक की टक्कर से मोपेड चालक की मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** तहसील कायमगंज क्षेत्र के गाँव न्यामतपुर ढिलावली निवासी ओमवीर उम्र 32 वर्षीय पुत्र दुलारे लाल जाटव अपने साथी राहुल के साथ मोपेड पर ब्राहिमपुर जा रहे थे। ब्राहिमपुर बम्बे के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे बाइक से उसकी टक्कर हो गई। जिससे ओमवीर की मौके पर मौत हो गई, जबकि साथी राहुल गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से ग्राम प्रधान ईश्वरदयाल उर्फ गुडडू ने एम्बुलेन्स द्वारा ओमवीर, राहुल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आए। जहां डाक्टर ने ओमवीर को मृत घोषित कर दिया। राहुल को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक ओमवीर के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## दबंगों ने महिला सहित आधा दर्जन लोगों को गोली मारकर किया घायल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दबंगों ने आखत डालने जाते समय फायरिंग कर महिला सहित आधा दर्जन दलित ग्रामीणों को घायल कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में कई स्थानों पर छापे मारे। इस दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम बीबीपुर निवासी अनिल कुमार पुत्र शिव कुमार जाटव ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 14 मार्च को करीब 3 बजे गाँव के

> ▸ घर के बाहर शराब पीकर गाली-गलौज करने का किया था विरोध
>
> ▸ आखत डालने जाते समय घटी घटना, कई लोग पुलिस हिरासत में

ही जितेन्द्र उर्फपप्पू कटियार पुत्र स्व0 रामेश्वर दयाल कटियार शराब पीकर मेरे दरवाजे पर आये और गाली-गलौज करने लगे। मेरे मना करने पर उक्त जितेन्द्र उर्फ पप्पू कटियार के पुत्र शिवम कटियार व सोम कटियार भी आ गये। उक्त तीनों लोग मुझे व मेरे परिजनों को माँ-बहन व जाति सूचक गाली देने लगे। कहने लगे कि साले तुम हम लोगों की होली में आखत डालते दिखायी दिये, तो जान से मार देंगे।

यह कहकर चले गये। शाम 6 बजे मैं भतीजे राजीव, प्रभात व भतीज बहू बीना व मोहल्ले के जय प्रकाश, ओम प्रकाश व शिवा पुत्रगण गंगाराम आदि लोग होली के आखत डालने जा रहे थे, तभी पहले से उपरोक्त तीनों लोग हाथों में तमंचे लिये खड़े थे। जिन्होंने परिजनों व गांव के लोगों पर जान से मारने के उद्देश्य से तमंचों से फायरिंग कर दी। जिससे उक्त सभी लोगों को गोली लगी है। मैं उस समय घटनास्थल से 15 से 20 मीटर की दूरी पर था। मैंने उक्त घटना देखी है। बताया जाता है कि जिला पंचायत सदस्य रिंकू कटियार व कायमगंज की विधायक डा0 सुरभि से पीड़ितों ने मदद की गुहार लगायी है।

जिस पर उपरोक्त लोगों ने पीड़ितों की पैरवी में अधिकारियों को फोन किये। रिंकू कटियार इसी गांव के रहने वाले हैं। घटना के बाद इंस्पेक्टर राजीव कुम ने आरोपियों की तलाश में अनेकों स्थानों पर छापे मारे। पुलिस ने आरोपियों के कई करीबों लोगों को हिरासत में ले लिया है।

## मस्जिदों में शांति व सद्भावना के साथ अदा की गयी जुमे की नमाज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र की मस्जिदों में शांति व सद्भावना के साथ अदा की गई जुमे की नमाज। इस दौरान हर मस्जिद में पुलिस बल तैनात रहा और अपनी पैनी नजर गड़ाये रहा। जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज तथा आसपास के ग्रामीण इलाकों के मस्जिदों में शांति व सद्भावनापूर्वक जुमे की नमाज अदा की गई। रमजान महीने के दूसरे जुमे की नमाज अदा कर लोगों ने अल्लाह से देश में अमन चैन व शांति की दुआएं मांगीं। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी लगातार पुलिस बल के साथ सभी मुस्लिम ग्रामों में भ्रमण कर मुस्लिम धर्म गुरुओं से शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की अपील करते रहे। वहीं थाना क्षेत्र के गांव जाफरनगर के नूरी मस्जिद में इमाम


जुमे की नमाज के दौरान फ्लैगमार्च करते थानाध्यक्ष व पुलिसकर्मी

नजमुल कादरी तथा दूसरी मस्जिद जाफर नगर के इमाम हाफिज अकरम राजा खान ने पूरे गांव के लोगों के साथ शांति व सदभावनापूर्वक नमाज अदा कराई। इसी तरह से प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चंदनी, सिरमौरा बांगर, नादी वीरपुर, सितवनपुर, भावना आदि कई गांव में शांति व सद्भावनापूर्वक जुमे की नमाज अदा करायी गयी तथा सभी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने देश में अमन चैन व शांति के लिए दुआएं कीं। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विद्यासागर तिवारी, कस्बा इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र, दरोगा हेमंत कुमार, दरोगा इंद्रजीत सिंह, दरोगा नरेश चंद्र, दरोगा अभिलाष सिंह, दरोगा इस्तर खान तथा समस्त थाने का पुलिस फोर्स पैदल इलाके में भ्रमणशील रहा।

# श्री राधा माधव मंदिर में भक्ति रस के साथ मनाया गया होली उत्सव



श्रीकृष्ण मूर्ति का अभिषेक करते चिन्मय गोस्वामी



होली उत्सव कार्यक्रम में मौजूद महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फागुन पूर्णिमा कलयुग में श्री राधा कृष्णा युगल अवतार महाप्रभु चैतन्य देव का प्राकट्य उत्सव श्री राधा माधव मंदिर घमंडी कूचा रेलवे रोड फर्रुखाबाद में जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। महाप्रभु का भव्य दिव्य श्रंगार विविध प्रकार की मालाओं से किया गया। मालाये बादाम, मखाने, अंजीर, अखरोट आदि की तैयार की गई थी। श्री राधा माधव मंदिर में वैष्णव आचार्य चिन्मय गोस्वामी के सानिध्य में श्री राधा चरण नगर के गौर हरि भक्त परिकर रामकुमार मेहरोत्रा, अपार अग्रवाल, हिमांशु मिश्रा, अभिषेक रस्तोगी, अभिनव रस्तोगी, सत्यम मिश्रा, कृष्णा मिश्रा, डॉ0 वैभव वर्मा, हिमांशु वर्मा, अशोक अग्रवाल, अशोक गर्ग ने पंचामृत से दूध, दही, घृत, शहद, गुलाब जल, केसर, पवित्र गंगाजल से अभिषेक किया। महाप्रभु चैतन्य देवश्री राधा कृष्णा गौर हरी युगल अवतार के जन्मोत्सव पर कलयुग में मानव के लोक कल्याण लोकमंगल के लिए साकीर्तन हरे कृष्णा हरे कृष्णा कृष्णा हरे हरे हरे रामा हरे रामा हरे रामा हरे हरे। मनवा गौर निताई बोल भजियो गौर निताई बोल.. करो सब मिलकर मंगल गान जन्मदिन नदिया बिहारी आदि गीतों के साथ लोक कल्याण के लिए पाठ हुआ। महिला मंडल ने भजन कीर्तन मंगल गीत गाए। सुषमा मिश्रा, ममता रस्तोगी, बबीता अग्रवाल, अमिता रस्तोगी, रीना मेहरोत्रा ने ढोलक की थाप पर मंगल गीत बधाई गीत प्रस्तुत किया। वैष्णव आचार्य चिन्मय गोस्वामी ने आरती की और लोकमंगल की भक्तों को पवित्र जल से आशीर्वाद दिया। होली की उमंग और होली की तरंग में परंपरागत गुजिया और पंचामृत का प्रसाद वितरण किया गया। भक्तगण आपस में एक दूसरे से गले मिलकर भक्ति रस में हरी नाम संकीर्तन के आध्यात्मिक रंग में श्रीराधा माधव श्रीराधा रमन के आंगन में भक्ति रस की होली का आनंद लिया और अपने को धन्य हो गए, हरि नाम संकीर्तन में वैष्णव आचार्य ने सभी को मंगलमाय शुभकामनाएं दी। आचार्य गोस्वामी ने बताया पतित पावन कलयुग में श्री राधा कृष्ण युगल अवतार महाप्रभु चैतन्यदेव का जन्मोत्सव शुक्ल पक्ष पूर्णिमा जो की गौर पूर्णिमा के नाम से भी प्रसिद्ध है 540 वर्ष पूर्व हुआ था। महाप्रभु द्वारा हरि नाम का प्रचार किया जो कि कलयुग में मुक्ति का एक उपाय है।

# साध समाज के भण्डारे में बच्चों को शिक्षित व संस्कारित बनाने पर दिया गया बल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



साध समाज के भण्डारे में मौजूद महिलायें

सधवाड़ा स्थित साधान चौकी में चल रहे भण्डारे में विभिन्न प्रांतों से आये साध समाज के लोगों ने भाग लिया और प्रवचन कर लोगों को संदेश दिया।

संकीर्तन में संगत हुई। जिसमें पुरुष व महिलाओं के साथ बच्चों की भी संगत आयोजित की गई। देर शाम तक भण्डारे का आयोजन हुआ। साध समाज के अलावा अन्य समाज के लोगों ने भी भण्डारे में शिरकत की। देश भर के विभिन्न प्रांतों दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, गुजरात के अलावा उत्तर प्रदेश के कई जिलों से साध समाज के लोग भण्डारे में शामिल हुए। सत नाम के साथ भण्डारे में प्रवचन सम्पन्न हुए। दूसरों की मदद करना व बुराईयों को त्यागना, समाज के बच्चों को अच्छी शिक्षा देना आदि विचार रखे गये।

साध समाज के मुखिया ने भी विचार व्यक्त किये। इस दौरान केशव भान साध, अर्पण साध, अमर साध, पर्वित साध, ऋषि साध, राजीव साध, अप्पन, गौरव, मोहन, के अलावा पंकज मिश्रा, भूपेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र पांडे, महेश पाल सिंह उपकारी, संजय गर्ग आदि लोग मौजूद रहे।



होली मिलन कार्यक्रम में मौजूद लोग

# त्रिपुलिया चौक पर नवाब बंगश वेलफेयर सोसायटी ने मनाया होली मिलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नवाब मोहम्मद बंगश वेलफेयर सोसाइटी द्वारा हर साल की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन हुआ। गंगा जमुना तहजीब के साथ त्रिपुलिया चौक पर होली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। फर्रुखाबाद के सातवें शासक नवाब खादिम हुसैन खां शौकत जंग ने अपने शासनकाल 1814 ई0 में चौक पर लगने वाले मेले की शुरुआत की थी। नवाब बंगश वेलफेयर सोसायटी के द्वारा होली मिलन समारोह में गंगा जमुना तहजीव के साथ शहर के गणमान्य लोगों ने शिरकत की। नवाब काजिम हुसैन खां ने एक दूसरे के गले मिलकर होली की बधाई दी। इस मौके पर जवाहर सिंह गंगवार, कांग्रेस नेता अंकुर मिश्रा, विमल कटियार, चन्द्रप्रकाश द्विवेदी, संजय गर्ग, मुफीद खां, जावेद हुसैन, शमीम अहमद खां, राजीव बाजपेयी, रिजवान अहमद ताज, मन्नान खां, अनीस अहमद खां, राकेश अग्रवाल, पप्पन मिया, वकार खां, प्रकाश द्विवेदी, मनमोहन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# आज भाजपा को मिलेगा नया जिलाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**




भाजपा कार्यालय

भारतीय जनता पार्टी में नये अध्यक्ष की तलाश पूर्ण हो गयी है। प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा रविवार 16 मार्च को दोपहर में नये जिलाध्यक्ष की घोषणा होगी। प्रदेश के नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की घोषणा के साथ जनपद को भी जिलाध्यक्ष मिल जायेगा। नये जिलाध्यक्ष को चयनित करने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री भानू प्रताप सिंह वर्मा 2 बजे रविवार को जिलाध्यक्ष की घोषणा करेंगे।

साथ ही जिला चुनाव अधिकारी सुमन चतुर्वेदी, चुनाव पर्यवेक्षक विंध्यवासिनी के अलावा जिला संगठन प्रभारी मौजूद रहेगें। इस बार जिलाध्यक्षी का ताज किसको मिल रहा है इस पर सभी की नजरे बनी हुई है। शनिवार की रात दावेदारों के लिए करवट बदलने की रात है। सुबह से ही जिलाध्यक्ष पद के दावेदार पार्टी कार्यालय पर पहुंचकर नये जिलाध्यक्ष की घोषणा का इंतजार करेंगे। प्रदेश नेतृत्व द्वारा नये जिलाध्यक्षों की सूची प्रभारी व पर्यवेक्षक के व्हाटसएप पर आयेगी और नये जिलाध्यक्ष की प्रेसवार्ता कर घोषणा होगी। साथ ही नये जिलाध्यक्ष का पार्टी कार्यालय पर जोरदार स्वागत होगा। इसकी तैयारियां सुबह से ही शुरु हो जायेगी।

# उधारी के रुपये मांगने पर दबंगों ने दंपत्ति सहित तीन को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेहटा मुरलीधर निवासी आर सिंह पुत्र रामशरण ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि वह अपनी ननिहाल सलेमपुर आया था।सलेमपुर निवासी अमोद कुमार पुत्र नरसिंह पर मेरे रुपए उधार थे।

जिसका तगादा मैंने अमोद कुमार से किया। इसी बात को लेकर अमोद कुमार, मुकेश कुमार, कपूर, श्रीदेवी, जलिफा आदि लोगों ने लाठी-डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। जिससे मेरा सिर फट गया।

बचाने आयी मां रामकुमार व पत्नी को पीटा। परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। पुलिस ने कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# सपा बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी ने मनायी काशीराम की जयंती



काशीराम की जयंती मनाते सपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय पर बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव एवं कार्यक्रम प्रभारी अशोक अम्बेडकर व बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी के द्वारा मान्यवर कांशीराम की जयंती मनाई गई। अशोक आंबेडकर ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों के बारे कश्मीर से कन्याकुमारी तक साईकिल यात्रा कर करोड़ों लोगों को जागरूक कर संगठित किया। उन्होंने दलित, पिछड़े एवं धार्मिक अल्पसंख्यकों को बहुजन नाम दिया। अमन सूर्यवंशी ने कहा आने वाले 2027 के विधान सभा चुनाव में भाजपा को सभी सीटों पर पछाड़कर समाजवादी सरकार बनानी है। इस मौके पर बंटी यादव, राजपाल यादव, शिवशंकर शर्मा, रामपाल यादव, नंदकिशोर दुबे, सुधांशु अंबेडकर, डॉ0 आर्यन कुमार, अनिल अंबेडकर, शुभम् चौधरी, मोहित वर्मा आदि लोग शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### क्षत्रिय महासभा की होली मिलन आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन बढ़पुर स्थित राजपूताना होटल में रविवार को प्रातः 10 बजे सम्पन्न होगा। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह ने बताया कि होली मिलन समारोह में गीत, संगीत व कविताओं के साथ अद्भुत होली मिलन होगा। जिसमें सजातीय बंधु एक दूसरे को गले मिलकर होली की बधाई देंगे और अपने हुनर से एक दूसरे को हंसाने का कार्य करेंगे।

### सांसद का होली मिलन समारोह आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 9वां होली मिलन समारोह माता चन्द्रावती इंटर कालेज रामपुर ढपरपुर शमशाबाद रोड पर सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के आयोजक सांसद मुकेश राजपूत व संयोजक रामकिशोर राजपूत की देखरेख में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम में गीत, संगीत के साथ होली उत्सव मनाया जायेगा। जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

### माता कैला देवी की वर्षगांठ व भण्डारा आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बजरिया सालिगराम स्थित कालेश्वरनाथ मंदिर में हर साल की भांति इस वर्ष भी माता कैला देवी की सोलहवीं वर्षगांठ मनायी जायेगी। प्रातः 8 बजे हवन पूजन के साथ छप्पन भोग होगा। दोपहर से शाम तक भण्डारा आयोजित होगा। यह जानकारी अंकित गुप्ता ने दी है।

### शराब के शौकीन दो युवक मारपीट के दौरान नाले में गिरे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शराब का शौक करने वाले दो युवकों में मै को लेकर कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते एक दूसरे पर हावी हो गये और मारपीट के दौरान दोनों नाले में जा गिरे। इस दौरान तमाशबीन लोग खड़े होकर तमाशा देख रहे थे। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र लालगेट स्थित फब्बारे के पास शनिवार को शाम के समय नशे में धुत दो युवक में कहासुनी होने लगी। दोनों के अंदर इस बात की मैं थी कि मैं तुमसे बड़ा पियक्कड़ हूं। विवाद धीरे-धीरे मारपीट में बदल गया। नशा इस कदर था कि पूछने पर दोनों अपना नाम नहीं बता पा रहे थे, कभी कुछ बता रहे थे तो कभी कुछ बता रहे थे, मारपीट करते-करते नाले में जा गिरे। जब नाले में गिर गये तो एक दूसरे के गले चिपट कर रोने लगे और कुछ देर बाद फिर मारपीट करने लगे। यह दृश्य निकलने वाले राहगीर खड़े होकर देख रहे थे। बताते चले कि लालगेट पिकट पर हर वक्त पुलिस मौजूद रहती है।

### झोपड़ी में लगी आग, सामान जलकर राख

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर क्षेत्र कुडरा कुबेरपुर में होली के त्योहार पर संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गयी। आग लगते ही चीखपुकार मच गयी। लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब गृहस्थी जलकर राख हो गयी। अमृतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुडरा कुबेरपुर निवासी बालक राम पुत्र गंगाराम ने बताया कि रात्रि में वह झोपड़ी में चारपाई पर सो रहे थे। पुत्र सौरभ भी साथ में ही सो रहा था। देर रात लगभग दो या तीन बजे संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गयी। आग देखकर परिजनों ने शोर मचाना शुरु कर दिया। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग आ गये। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पीड़ित ने बताया कि आग से लगभग गृहस्थी का सारा सामान जलकर राख हो गया।

# कार की टक्कर बाइक सवार दो घायल, लोगों ने किया पथराव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तेज गति से जा रही कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान काफी दूर तक बाइक कार में फंसकर घसीटती चली गयी। बाइक चला रहे युवक सहित दो लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए स्थानीय चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। इस दौरान गुस्सायी भीड़ ने कार पर पथराव कर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने कार अपने कब्जे में ले ली।

जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के क्षेत्र बढ़पुर निवासी संतोष अग्निहोत्री का पुत्र अखिलेश अग्निहोत्री बाइक से अपने भाई के साथ कहीं जाने के लिए मंदिर के सामने सड़क पर खड़ा होकर किसी का इंतजार कर रहा था, तभी फर्रुखाबाद की ओर से यूपी 74एके/7624 तेज गति से आ रही थी जिसके चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी और आवास विकास की ओर भाग खड़ा हुआ। इस दौरान बाइक कार में फंसकर काफी दूर तक चली गयी। चीखपुकार की आवाज सुनकर स्थानीय लोग इकट्ठे हो गये। जिन्होंने कार पर पथराव कर दिया। जिससे कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना पर पुलिस पहुंच गयी। जिन्होंने कार को अपने कब्जे में लेकर चौकी में खड़ा करा दिया। घायल अखिलेश अग्निहोत्री व उनके भाई को एक निजी अस्पताल में भती कराया गया। आवास विकास चौकी इंचार्ज ने बताया कि पीड़ित की ओर से तहरीर आने पर कार्यवाही की जायेगी।

# कन्टेनर और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत, ट्रैक्टर के उड़े परखच्चे

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**



क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर व कंटेनर

बदायूं मुख्य मार्ग पर बाबू फैमिली ढाबा के निकट गुरुवार सुबह तेज रफ्तार कन्टेनर व ट्रैक्टर में जोरदार भिड़ंत हो गयी। जिससे ट्रैक्टर पूरी तरह छतिग्रस्त हो गया।

जानकारी के अनुसार जनपद शाहजहांपुर के जंगल बेहटा निवासी सचिन अपने ट्रैक्टर पर दो ट्रालिया एक साथ जोड़कर आलू लोड करके फर्रुखाबाद सातनपुर मंडी जा रहा था, तभी अचानक सामने से आ रहे कन्टेनर में ट्रैक्टर जा घुसा। कन्टेनर के चालक फहीम निवासी डींगरपुर मुरादाबाद कन्टेनर को बांगरमऊ उन्नाव से लेकर अपने घर मुरादाबाद जा रहा था। चालक फहीम ने बताया कि हम अपनी साइड जा रहा था, तभी अचानक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर आ घुसा। जिससे जाम लग गया। जानकारी होते ही थानाध्यक्ष मोनू शाक्य पुलिस बल के साथ पहुंच गयी। ट्रैक्टर को किनारे करवाकर जाम खुलवाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर मिलने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# महादेवी वर्मा की जयंती पर साहित्यकारों ने श्रद्धा-सुमन अर्पित कर किया याद

**डीएम ने माल्यार्पण कर किया नमन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



माल्यार्पण करते डीएम व मौजूद लोग

छायावाद युग की प्रमुख रचनाकारों के से एक फर्रुखाबाद जन्मी महीयसी महादेवी वर्मा की जयंती पर साहित्यकारों ने श्रद्धा सुमन अर्पित उन्हें याद किया।

साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था अभिव्यंजना के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने पल्ला मठिया स्थित महादेवी वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डीएम ने कहा कि आज विश्व विख्यात हिंदी की महान रचनाकार महादेवी वर्मा की जयंती पर माल्यार्पण कर अभिभूत हूं यहां के साहित्यकारों की उनके प्रति अटूट श्रद्धा है। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा हर प्रकार का सहयोग देने का आश्वसन दिया। डॉ0 रजनी सरीन ने कहा कि नारी शिक्षा की प्रबल पक्षधर महादेवी आज भी प्रासंगिक हैं। भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि महीयसी महादेवी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में भी महीयसी की प्रतिमा का शीघ्र अनावरण होगा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रजनी कांत पांडेय, नायब तहसीलदार हर्षित सिंह, डॉ0 आरके छतवाल, सुरेन्द्र पांडेय, अरविंद दीक्षित, वैभव सोमवंशी, राम बाबू मिश्र रत्नेश, राम अवतार शर्मा इंदु, डॉ0 संतोष पाण्डेय, बृज किशोर सिंह किशोर, विशाल श्रीवास्तव, रविंद्र भदोरिया, अनुराग पांडे, दिलीप कश्यप, वैभव राठौर, अनुराग दीक्षित, भारती मिश्रा, महेश पाल सिंह उपकारी आदि लोग मौजूद रहे। संयोजक संजय गर्ग ने अभी का आभार व्यक्त किया।

# साहित्यकार डॉ. संतोष पाण्डेय की पुस्तक मृत्यु और मोक्ष का हुआ लोकार्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



पुस्तक लोकार्पण के दौरान मौजूद लोग

महादेवी स्मृति पीठ के तत्वाधान में महादेवी वर्मा की जयंती पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष पाण्डेय की पुस्तक मृत्यु और मोक्ष का लोकार्पण किया गया। मोहल्ला नुनहाई स्थित राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अंबर के आवास पर आयोजित काव्य गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में कानपुर से आए वरिष्ठ गीतकार विनोद श्रीवास्तव, डॉ. रजनी सरीन, डॉ. शिवओम अंबर ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ गीतकार विनोद श्रीवास्तव ने धर्म छोटे बड़े नहीं होते, जानते तो लड़े नहीं होते उन्होंने एक खामोशी हमारे बीच तुम कहो तो तोड़ दूं पल में गीत पढ़ा। समीक्षक प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा कि मृत्यु और मोक्ष आध्यामिक चेतना का केंद्र विंदू है यह सार्थक कृति समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रवाह भरने का कार्य करेगी। पुस्तक के लेखक डॉ. संतोष पाण्डेय ने कहा कि मेरी उपरोक पुस्तक में आध्यामिक कृपा का प्रसाद शब्दों में वर्णित हैं मृत्यु पर विजय और मोक्ष को घटित करने वाले नुस्खे इस पुस्तक में वर्णित हैं। पुस्तक में भक्ति, योग, वेदांत, कर्मयोग के माध्यम से मृत्यु व मोक्ष का वर्णन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रजनी सरीन ने की। संचालन एवं संयोजन राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अंबर ने किया। इस अवसर राजन माहेश्वरी, रमेश चंद्र त्रिपाठी, अनुपमा शर्मा, गीता भारद्वाज, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, भारती मिश्रा, राम अवतार शर्मा इंदु, उत्कर्ष अग्निहोत्री, ब्रज किशोर सिंह किशोर, वैभव सोमवंशी, निहारिका पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# रमजान में रोजा तमाम बुराइयों से रोकता है



मजहर मोहम्मद खां



फरहत अली खान



रफी अंसारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोजा रुहानी और जिस्मानी ताकत को बढ़ाने का अमल है। बंदा अल्लाह की रजा के लिए सुबह सादिक से लेकर गुरुवे आफताब तक के लिए खाने पीने से रुक जाता है और जिस्म के तमाम हिस्सों की बुराइयों से रोके रखता है। मुसलमानों के लिए रमजान बरकत का महीना है।

**मजहर मोहम्मद खां** का कहना है कि अल्लाह अपनी रहमत से हमारे गुनाह माफ करेगा। रमजानुल मुबारक के मुकद्दस महीने में हमें ज्यादा से ज्यादा नेकी और इबादत करनी चाहिये, क्योंकि इस माह में अल्लाह रब्बुल इज्जत हर नेक काम का सबाव 70 गुना देता है। गरीबों में फितरा, जकात, सदका, खैरात वगैरह उसके मुस्तहिक लोगों में ज्यादा से ज्यादा तकसीम करें। जिससे आने वाली ईद की खुशियों में गरीबों के बच्चे बी दूसरों के साथ बराबर से शरीक हो सकें। गरीब भी ईद की खुशियां मना सके। अल्लाह इस महीने में हमें बेहतर जिंदगी गुजारने के लिए और हमारी इस्लाह के लिए हमारे प्यारी नवी पर कुरान नाजिल फरमाया।

**फरहत अली खान** ने बताया मुसलमानों के लिए रजमान वह बाबरकत महीना है जिसमें अल्लाह अपनी रहमतों की बारिस करता है। जिसमें मोमिनों के तमाम गुनाह धुल जाते हैं। यह वह अजीम महीना है जिसमें अल्लाह ने तौरेव जुबूर, इंजील और कराने करीम नाजिल फरमाया। इसी माह में अल्लाह ने एक रात शबे-कद्र की भी रखी है। जिसकी इबादत हजार रातों से अफजल है।

**रफी अंसारी** का कहना है कि सब एक साथ मिलकर इख्त्यार में शरीक होते हैं। अल्लाह से दुआ की है कि सब एक हों सब नेक हों और अमन, चैन सुकून कायम रहे। सभी के बीच बच्चों और इखलाक कायम बना रहे। जहां की नफरतों की दुश्मनी खत्म हो लोगों के दिलों में दुश्मनी की कोई जगह न हो। रमजान, रोजा, इफ्तार, सहरी, जकात, फितरा, तरावीह समेत यह सभी चीजें रमजान में मुबारकवाद का आगाह करती हैं।

# बाइकों की भिडंत में बालक की मौत, पिता सहित दो घायल

**जांच पड़ताल की व भोजपुर चौकी इंचार्ज ने ट्रैक्टर ट्रॉली एवं उसके चालक को हिरासत में ले लिया**

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**



मृतक का फाइल फोटो



घटना स्थल पर मौजूद बाइक व ट्रैक्टर ट्राली

बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार तीन लोग गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने बालक को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो लोगों का उपचार शुरु कर दिया। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

जानकारी के अनुसार जनपद कन्नौज के तालिग्राम कुशलपुर निवासी संजीव कुमार अपने 8 वर्षीय पुत्र कार्तिक व थाना अमृतपुर के ग्राम अमैयापुर निवासी मामा अमर सिंह के साथ उनके घर पर बाइक संख्या डीएल 35एफ यू/6446 से जा रहे थे। थाना कमालगंज के बघार नाले के निकट पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक अन्य तेज रफ्तार बाइक से भिड़ंत हो गयी। इस दौरान आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली से बाइक टकरा गयी। जिससे संजीव, उनका पुत्र कार्तिक व अमर सिंह घायल हो गये। तीनों घायलों को एंबुलेंस के द्वारा सीएचसी कमालगंज लाया गया। जहां बालक कार्तिक को डॉ. मानसिंह वर्मा ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों को रेफर किया गया। मृतक की मां अर्चना देवी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।

थाना प्रभारी राजीव कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की एवं भोजपुर चौकी इंचार्ज ने ट्रैक्टर ट्रॉली एवं उसके चालक को हिरासत में ले लिया।

भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा

# मुस्लिमों को कमजोर कर रही है कांग्रेस

▸ बजट में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत का आरक्षण देने की घोषणा तुष्टीकरण की राजनीति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार द्वारा बजट में सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत का आरक्षण देने की घोषणा को तुष्टीकरण की राजनीति का नया आयाम बताया है और कहा है कि कांग्रेस ऐसे फैसले करके देश के लिए काम करने वाले मुस्लिमों की आवाज़ कमज़ोर करना चाहती है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शनिवार को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह विषय भले ही कर्नाटक राज्य का है लेकिन इसका प्रभाव राष्ट्रव्यापी है। यह विषय श्री राहुल गांधी एवं श्रीमती सोनिया गांधी की सोच से जुड़ा है। श्री प्रसाद ने कहा कि कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की है। अभी तक आरक्षण का प्रावधान नौकरी तक हुआ करता था, अब सरकारी ठेकों में भी आरक्षण हो रहा है। इससे पता चलता है कि कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी की सोच कैसी है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस असंवैधानिक और राष्ट्र को कमज़ोर करने वाले फैसले का पुरज़ोर विरोध करेगी। उन्होंने कहा, तमाम आशंकाओं के बावजूद कल देश ने शांति से होली मनाई... चाहे उत्तर प्रदेश हो, बिहार हो, मध्य प्रदेश हो, राजस्थान हो... प्रेम और सौहार्द के साथ होली मनी। हिंदू और मुसलमान भाइयों ने एक नए सदभाव का परिचय दिया। लेकिन दूसरी ओर, एक वोट बैंक की राजनीति को नया आयाम दिया जा रहा है।

**सामाजिक व शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर मिलता है आरक्षण**

भाजपा नेता ने कहा कि भाजपा इस बात पर जोर देना चाहेगी कि कर्नाटक में मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण के प्रस्ताव को राहुल गांधी की पूर्ण स्वीकृति है। श्री सिद्धारमैया में खुद इसकी घोषणा करने का साहस और राजनीतिक ताकत नहीं है। उन्होंने कहा कि संविधान की बात करने वालों को यह समझना चाहिए कि आरक्षण सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर दिया जाता है। भारतीय संविधान के तहत धार्मिक आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं है। मुस्लिम तुष्टीकरण का नया फैसला देश के लिए खतरा है। उन्होंने कहा, पश्चिम बंगाल में हिंदू मंदिरों पर हमले होते हैं, वहां रोज नई नई बातें होती हैं। मैं कांग्रेस और विपक्ष से पूछना चाहता हूं कि ये तुष्टिकरण की राजनीति कहां तक जाएगी। भाजपा इसका विरोध करती है और करेगी। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश में भी मुसलमानों को एक धार्मिक समुदाय के तौर पर चार प्रतिशत आरक्षण दिया गया था लेकिन उच्च न्यायालय ने उसे खारिज करते हुए कहा कि संविधान में मजहब के आधार पर आरक्षण नहीं है। श्री प्रसाद ने कहा कि सरकारी ठेकों में चार प्रतिशत आरक्षण पूरी तरह से असंवैधानिक है। आरक्षण का आधार मजहब नहीं हो सकता है। आरक्षण केवल सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर ही दिया जा सकता है।

**हम देश को कैसे नेता दे रहे, यह सोचने की जरूरत : प्रसाद**

उन्होंने संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के भाषणों के संकलन से एक भाषण को उद्धृत किया जिसमें उन्होंने कहा था कि मुस्लिम समाज को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश में दो प्रकार की धाराएं हैं। एक, मौलाना अबुल कलाम आज़ाद, अब्दुल हमीद, डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम, रसखान, रहीम की है और दूसरी धारा, मोहम्मद अली जिन्ना वाली है। हमें सोचना चाहिए कि हम देश को कैसे नेता दे रहे हैं।

## बिहार में दो दिनों में दो एएसआई की हत्या, मुख्य अभियुक्त गिरफ्तार

**पटना।** बिहार में बीते दो दिनों के भीतर दो पुलिस अधिकारियों की हत्या से पुलिस महकमा सदमे में हैं। अररिया में 13 मार्च को एएसआई राजीव रंजन की भीड़ की धक्कामुक्की में मौत के बाद 14 मार्च की रात मुंगेर के मुफ़स्सिल थाना क्षेत्र में एएसआई संतोष कुमार सिंह की मौत हो गई। मुंगेर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सैयद इमरान मसूद ने बताया कि एएसआई संतोष कुमार सिंह की हत्या के मुख्य अभियुक्त गुड्डू यादव को गिरफ़्तार कर लिया गया है। एसपी ने शनिवार को बताया कि इस मामले में अब तक कुल चार लोगों की गिरफ़्तारी हुई है। इनमें से एक का नाम गुड्डू यादव है, जिसे एएसआई संतोष सिंह की हत्या का मुख्य अभियुक्त बताया जा रहा है। एसपी ने बताया कि गुड्डू यादव की निशानदेही पर अन्य अभियुक्तों की गिरफ़्तारी के लिए पुलिस टीम जा रही थी, इसी दौरान पुलिस टीम की गाड़ी पेड़ से टकरा गई। हादसे में पुलिसकर्मी घायल हो गये।

## असम राइफल्स का स्थानांतरण मिजोरम के विकास में मील का पत्थर : अमित शाह




एजेंसी

**आइजोल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम राइफल्स और मिजोरम सरकार के बीच भूमि हस्तांतरण समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने असम राइफल्स के कैंप को आइजोल के केंद्र से जोखावसांग स्थानांतरित किए जाने को ऐतिहासिक कदम बताया।

उन्होंने कहा कि असम राइफल्स का स्थानांतरण मिजोरम के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान शाह ने कहा कि पिछले 35 वर्षों से असम राइफल्स को स्थानांतरित करने की मांग की जा रही थी। आइजोल की भौगोलिक परिस्थितियों और सीमित स्थान के कारण यह स्थानांतरण जरूरी था। उन्होंने कहा, ÷यह सिर्फ असम राइफल्स के स्थानांतरण का मामला नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण निर्णय है। आइजोल शहर के विकास के लिए स्थान की आवश्यकता थी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह लंबित मांग पूरी हो गई है। गृहमंत्री ने यह भी कहा कि यह फैसला केवल प्रशासनिक नहीं है बल्कि मिजो समुदाय के प्रति केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कदम से आइजोल में शहरी विस्तार और आधारभूत संरचना के विकास को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही असम राइफल्स अपने नए स्थान से प्रभावी ढंग से कार्य कर सकेगी। यह स्थानांतरण मिजोरम के व्यापक विकास और आधुनिक शहर योजना के अनुरूप एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## सपा कार्यालय पर मनाई गई कांशीराम की जयंती

समृद्धि न्यूज




**मिर्जापुर।** मान्यवर कांशीराम की जंयती शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में बड़े ही धूमधाम से समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी जी के अध्यक्षता में मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन कर उनके पद्चिन्हों पर चलने का आहवाहन किया गया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि मान्यवर कांशीराम ने दलितों व पिछड़ो के अधिकारों के लिए जो आवाज उठाई, उसकी गूंज आज भी याद की जाती है। 15 मार्च को कांशीराम का जन्मदिन होता है। कांशीराम का जन्म पंजाब के रूपनगर (वर्तमान में रोपड़ जिले) में 15 मार्च 1934 को हुआ था। उन्होंने रोपड़ के शासकीय महाविद्यालय से 1956 में बीएससी की डिग्री हासिल की। बाद में पुणे में स्थित गोला बारूद फैक्ट्री में क्लास वन अधिकारी के पद पर उनकी नियुक्ति हुई। लेकिन उन्हें जातिगत आधार पर भेदभाव का सामना करना पड़ा। कहा जाता है कि डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर एक दलित कर्मचारी ने छुट्टी मांगी तो उसके साथ भेदभाव होने के बाद कांशीराम ने दलितों के लिए संघर्ष करना शुरू कर दिया। कांशीराम डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की तरह चिंतक और बुद्धिजीवी नहीं थे लेकिन उनसे काफी प्रभावित थे। कांशीराम ने भारतीय राजनीति और समाज में एक बड़ा परिवर्तन लाने में अहम भूमिका निभाई। कांशीराम ने आंबेडकर के संविधान को धरातल पर उतारने के लिए काम किया। कांशीराम की आवाज को दबाने के लिए उन्हें नौकरी से सस्पेंड कर दिया गया। कांशीराम ने इस विचारधारा का प्रचार किया कि हक के लिए लड़ना चाहिए, गिड़गिड़ाने से हक नहीं मिलेगा। गोष्ठी व जयंती में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक यादव, राजेश भारतीय, सुरेन्द्र सिंह पटेल, इन्दु कुमारी, सतीश मिश्रा, रामराज यादव, सियाराम जैसल, बब्बू चमार, सत्य प्रकाश यादव, प्रिन्स राव, जमाल अहमद, मेवालाल प्रजापति, विजय प्रजापति, वन्दना गुप्ता, राहुल यादव, रंजीत फौजी, रवि सोनकर, ऋषिराज यादव, विजय मौर्या, अरशद अली, दीनानाथ प्रजापति, गुलाब प्रजापति, विकाश प्रजापति आदि ने विचार रखें।

## अपना दल एस ने मनाई कांशीराम की 91वीं जयंती

**मिर्जापुर।** अपना दल (एस) के जिलाध्यक्ष ई0 राम लौटन बिंद के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा छानबें विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बरईबारी में मान्यवर कांशीराम साहब जी का 91वीं जयंती मनाई गई। जयंती दिवस के इस पुनीत अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री बिंद अन्य पदाधिकारियों ने मान्यवर कांशीराम के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर शत-शत नमन किया। जिलाध्यक्ष श्री बिंद ने बताया मान्यवर कांशीराम साहब के जीवन पर्यंत संघर्ष का मुख्य मकसद था सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन लाना। उनका मकसद था एक ऐसा समाज बनाना जो समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व पर आधारित हो। अपने लक्ष्य प्राप्ति के लिए वे सत्ता को एक साधन मानते थे। जयंती कार्यक्रम में अनिल सिंह, शंकर सिंह चौहान, इंद्रेश बहादुर सिंह, संजय उपाध्याय, कुलदीप पटेल, विधानसभा अध्यक्ष नगर उमाशंकर सोनी आदि मौजूद रहे।

## सड़क हादसों में चार लोगों की गई जान, परिजनों में मचा कोहराम

**हलिया (मिर्जापुर)।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गो पर दो हादसों में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि एक घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस और मृतकों के शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई में जुटी। मिर्जापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 बामी पेट्रोल पंप के पास बाइक की आमने-सामने टक्कर में दोनों बाइक पर सवार चार लोग घायल हुए। घायल लालगंज थाना क्षेत्र के गगहरा कला निवासी लालजी (30), बृजलाल (28) और मिर्जापुर आवास विकास कॉलोनी के रणजीत (30) व मिर्जापुर कतवारू का पुरा के राजकुमार (50) को घायलावस्था में ट्रामा सेंटर मिर्जापुर भेजा गया। जहां चिकित्सक ने लालजी को मृत घोषित कर दिया। वहीं रणजीत की एंबुलेंस से ले जाते समय मौत हो गई।

## इनोवा अनियंत्रित होकर पलटी, पिता-पुत्र की मौत

समृद्धि न्यूज

▸ शक्ति नगर मार्ग पर छातों गांव के पास हुआ हादसा

**अहरौरा (मिर्जापुर)।** सोनभद्र जिलेके ओबरा सेबहू की हंसी खुशी विदाई करवा कर सपरिवार इनोवा कार संग वाराणसी वापस लौटते समय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर मार्गपर छातों गांव के पास हनुमान घाटी में पलट गई।

शुक्रवार की रात हुए सड़क हादसे में पिता पुत्र की दुःखद मौत हो गई जबकि सास-बहू समेत छह घायल हो गए। घायलों में सास और बहू की हालत गंभीर है। हादसे के चलते बहू की विदाई की खुशियां मातम में बदल गई। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचीपुलिस ने घायलों को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अहरौरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने 60 वर्षीय त्रिलोकीनाथ केशरी पुत्र स्व रामराज केशरी, 33 वर्षीय आदित्य कुमार केशरी पुत्र पुत्र त्रिलोकी नाथ केशरी निवासी शिवपुर वाराणसी को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया दिया। वही कार सवार में महिला 55 वर्षीय मंजूकेशरी पत्नी त्रिलोकी नाथ केशरी व 30 वर्षीयनेहा केशरी पत्नी आदित्य केशरी गंभीर रूप से घायल हो गई। जिन्हे बीएचयू ट्रामा सेंटर भेंज दिया गया। शिवपुर वाराणसी निवासी त्रिलोकी अपनी पत्नी, बेटे संग सोनभद्र जिलेके ओबरा सेअपनी बहू की विदाई करवा कर इनोवा कार से वाराणसी स्थित अपनेघर शिवपुर जा रहे थे। तेज रफ्तार इनोवा कार वाराणसी शक्ति नगर रोड पर हनुमान घाटी में अनियंत्रित होकर पलट गई।

### बंजारी जंगल में अज्ञात कारणों से लगी आग, वन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी


**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज वन रेंज के बंजारी कलां वनक्षेत्र के कंपार्टमेंट नंबर चार व पांच के जंगल में शुक्रवार की शाम अज्ञात कारणों से आग लग गई। ग्रामीणों ने जंगल में आग लगने की सूचना रात में ही वन विभाग को दी। लेकिन वन विभाग की टीम दूसरे दिन शनिवार सुबह ग्यारह बजे के करीब वनदरोगा अभिषेक सिंह, वनरक्षक सर्वेश्वर पटेल वनविभाग की टीम के साथ बंजारी जंगल पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। आग की चपेट में आने से पूरी रात जंगल के हरे भरे पेड़ बांस, पलाश, तेंदू, सलई, अर्जुन आदि जलकर राख हो गए। तेज हवाओं के चलते पहाड़ पर लगी आग जंगल में तेजी से फैलती जा रही है। आग करीब दो किलोमीटर के दायरे में जगह जगह पहाड़ के जंगलों में फैल चुकी है। बंजारी जंगल में लगी आग की लपटे रात में ग्रामीणों को दूर से ही दिखाई दे रही थी। आग से लगभग दो किलोमीटर के दायरे में जगह जगह वन क्षेत्र के पेड़ पौधे और जड़ी बूटियां जलकर राख हो चुकी है।आग की चपेट में आने से जंगल में रहने वाले जंगली जानवर मौत के मुंह में समा रहे हैं। वन दरोगा अभिषेक सिंह ने बताया कि बंजारी जंगल में लगी आग को वनविभाग की टीम के साथ बुझाया जा रहा है।


आप सभी को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं

विनीत सिंह
(कान्ट्रेक्टर लोक निर्माण विभाग)
निवास-मुंहकोचवां, जनपद-मिर्जापुर





आप सभी को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं


डॉ. संजय कुमार सिंह
(प्रबन्धक)
आर.के.जे. इण्टरकालेज, इमलिया
84, राजगढ़, जनपद-मिर्जापुर



आप सभी को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं

राजेश मिश्रा
(एडवोकेट)
लालगंज, जनपद-मिर्जापुर








आप सभी को होली के पावन पर्व की हार्दिक बधाई एवं असीम शुभकामनाएं

धीरु पाठक
(उच्चकोटि के पत्थरगिट्टी, भस्सी, बोल्डर आदि के निर्माता एवं सप्लायर)
डगमगपुर, पहाड़ी, जनपद-मिर्जापुर
मो- 9451223502



आप सभी को होली की हार्दिक शुभकामनाएं

"पराग है सेहत की धारा"

" सदैव पराग पाश्चुराईज्ड दूध प्रयोग करें "

विभिन्न बीमारियों से बचें।

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या परिवार के तरफ से

समस्त दुग्ध उत्पादकों तथा पराग उपभोक्ताओं को

'स्वतंत्रता दिवस-2024'

के

शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं

एवं

दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या

में

नवनिर्मित 50 हजार लीटर क्षमता के अत्याधुनिक नवीन ग्रीन फील्ड डेरी प्लान्ट में निर्मित उच्च गुणवत्तायुक्त पराग उत्पाद का प्रयोग करें।

पराग उत्पाद

दूध, घी, मक्खन, पनीर, मट्ठा, मीठी दही, सादी दही, पेड़ा, बेसन लड्डू, सोनपपड़ी, गुलाब जामुन, रसगुल्ला, फ्लेवर्ड मिल्क, छेना खीर, मिल्क केक, कलाकन्द आदि

''पराग दूध है जहाँ, स्वस्थ जीवन है वहाँ।
पराग दुग्ध एवं दुग्ध पदार्थ प्राकृतिक है।
पराग दूध अपनाऐं - सुखी जीवन बिताऐं।''

आशीष कुमार श्रीवास्तव
सामान्य प्रबन्धक

आनन्द कुमार सिंह 'मोनी'
अध्यक्ष

अयोध्या दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि0, अयोध्या